

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 291 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 30 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 14 मूल्य 05 रुपया


## लोकसभा से पारित हुआ सार्वजनिक परीक्षाएं संशोधन विधेयक 2026

# परीक्षा माफियाओं पर अब और कड़ा शिकंजा, छात्रों के भविष्य की सुरक्षा का कानून: अमित शाह

नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। देश में सार्वजनिक परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लोकसभा ने बुधवार को 'सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' को पारित कर दिया। विधेयक पारित होने के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशभर के छात्रों को बधाई देते हुए इसे युवाओं के सपनों और मेहनत की रक्षा करने वाला ऐतिहासिक कानून बताया।

अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि यह संशोधन सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि अब परीक्षा में धांधली, पेपर लीक और अन्य अनुचित साधनों का सहारा लेने वालों के खिलाफ सबसे कठोर दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे।



### ईमानदार छात्रों को मिलेगा न्याय

गृह मंत्री ने कहा कि करोड़ों युवा वर्षों की मेहनत के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नया कानून ईमानदार और मेहनती अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करेगा तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को और सशक्त बनाएगा।

### पेपर लीक और परीक्षा माफियाओं पर सख्त कार्रवाई

अमित शाह ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शने वाली नहीं है। परीक्षा माफियाओं, पेपर लीक गिरोहों और अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मजबूत होगी परीक्षा प्रणाली

सरकार का मानना है कि संशोधन विधेयक लागू होने के बाद सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। इससे भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा योग्य और ईमानदार अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सकेगा। (इनपुटः पीआईबी)

### भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स और बॉक्सिंग में बढ़ीं पदक की उम्मीदें

# CWG 2026: पीएम मोदी ने हरजिंदर और गुलवीर को दी बधाई, अरुंधति ने पदक किया पक्का

नई दिल्ली/ग्लासगो, समाज जागरण ब्यूरो। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। बुधवार को भारत को एथलेटिक्स और भारोत्तोलन में दो रजत





पदकों की खुशखबरी मिली, वहीं मुक्केबाजी में अरुंधति चौधरी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर देश के लिए कम से कम एक पदक पक्का कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरजिंदर कौर और गुलवीर को बधाई देते हुए उनके समर्पण, संघर्ष और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

महिला 69 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में हरजिंदर कौर ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। वहीं पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में गुलवीर ने शानदार प्रदर्शन कर भारत की झोली में एक और रजत पदक डाल दिया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और भारतीय खिलाड़ियों का लगातार बेहतर प्रदर्शन पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

इधर, भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने महिलाओं के 70 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की मॉर्गन हेंडरसन को 3-1 के स्प्लिट फैसले से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिया है। मुकाबले के बाद अरुंधति ने खुलासा किया कि रिंग में उतरने से पहले उन्हें दो किलोग्राम वजन कम करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।

उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल पदक जीतना नहीं, बल्कि भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल करना है। अरुंधति ने अपनी इस सफलता को अपने छोटे भाई और पूरे परिवार को समर्पित करते हुए देशवासियों के आशीर्वाद और समर्थन के लिए आभार जताया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का यह लगातार शानदार प्रदर्शन देश की पदक तालिका को मजबूत कर रहा है। भारोत्तोलन, एथलेटिक्स और मुक्केबाजी में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता से पूरे देश में उत्साह का माहौल है और अब नजरें आगामी मुकाबलों पर टिकी हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर...

### बांग्लादेश क्रिकेट में बड़ा बदलाव

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बड़ा फैसला लेते हुए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास को पुरुष वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। बोर्ड ने इसकी आधिकारिक घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। लिटन दास पहले से ही बांग्लादेश की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं।

# भारत टैक्सी से जुड़े 7.97 लाख ड्राइवर, दिल्ली-एनसीआर सबसे आगे

### शून्य-कमीशन मॉडल से बढ़ रहा भरोसा, देशभर में तेजी से बढ़ रहा सहकारिता आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म

नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। सहकारिता आधारित डिजिटल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी से 19 जुलाई 2026 तक देशभर में 7.97 लाख सारथी (ड्राइवर-सदस्य) जुड़ चुके हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) के तहत संचालित इस प्लेटफॉर्म का आधिकारिक शुभारंभ फिलहाल दिल्ली-एनसीआर, गुजरात और महाराष्ट्र में किया गया है।




सरकार के अनुसार, कुल पंजीकृत 7.97 लाख सारथियों में सबसे अधिक 2.55 लाख ड्राइवर दिल्ली-एनसीआर से जुड़े हैं। इसके अलावा गुजरात में 1.01 लाख और महाराष्ट्र में 71,095 सारथी इस प्लेटफॉर्म का हिस्सा बन चुके हैं।

भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशेषता इसका शून्य-कमीशन मॉडल है। इस प्लेटफॉर्म पर बुक होने वाली राइड का पूरा किराया ड्राइवर को मिलता है और उससे कोई कमीशन नहीं काटा जाता। तकनीकी सेवाओं, ऐप संचालन और विस्तार के लिए केवल मामूली प्लेटफॉर्म उपयोग शुल्क या सब्सक्रिप्शन लिया जाता है, जिससे ड्राइवरों की आय पर कोई असर नहीं पड़ता।

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड ने बताया कि परिचालन तैयारियों और आवश्यक सरकारी मंजूरियों के आधार पर आने वाले समय में भारत टैक्सी की सेवाओं का विस्तार अन्य शहरों और राज्यों में भी किया जाएगा।

शेष पृष्ठ-3 पर...

# बाबा विश्वनाथ के दरबार में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## सावन में 1 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद, धाम में सुरक्षा और सुविधाओं के विशेष इंतजाम

**वाराणसी समाज जागरण ब्यूरो**

"हर-हर महादेव" के जयघोष के बीच विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ धाम सावन के पावन महीने के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। मंदिर प्रशासन को इस बार 80 लाख से 1 करोड़ श्रद्धालुओं के बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन से लेकर लाइव दर्शन तक की विशेष व्यवस्था की है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) के तहत जिग-जैग बैरिकेडिंग, छायादार प्रतीक्षा स्थल, ग्लूकोज एवं पेयजल, बारिश से बचाव और चिकित्सा सहायता जैसी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

### श्रद्धालुओं से विशेष अपील

प्लास्टिक या पॉलीथिन में गंगाजल लेकर न आएं।



धाम परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखा गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

### सुरक्षा पर विशेष फोकस

सावन के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए प्रोटोकॉल दर्शन और काशी द्वार को अस्थायी रूप से बंद रखा गया है। भीड़ सामान्य होने पर ही इसे दोबारा खोला जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस, पीएसी, जल पुलिस, एनडीआरएफ और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

**मुख्य बातें**

- *80 लाख से 1 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान*
- *जिग-जैग कतार व्यवस्था से होंगे सुगम दर्शन*
- *ग्लूकोज, पेयजल, मेडिकल और छाया की विशेष व्यवस्था*
- *प्रोटोकॉल दर्शन और काशी द्वार फिलहाल बंद*
- *सोशल मीडिया पर होंगे बाबा विश्वनाथ के लाइव दर्शन*
- *धाम परिसर में पॉलीथिन पूरी तरह प्रतिबंधित*
- *जल पुलिस और NDRF रहेगी पूरी तरह तैनात*

### हर सोमवार होगी पुष्प वर्षा

श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए सावन के पहले सोमवार सहित प्रत्येक सोमवार को बाबा विश्वनाथ के भक्तों पर पुष्प वर्षा की जा रही है, जिससे पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो रहा है।

# शानदार तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 889 अंक उछला

## निफ्टी 24,250 के पार, निवेशकों की झोली में एक दिन में 4 लाख करोड़ का फायदा

मुंबई, समाज जागरण ब्यूरो। वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बावजूद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार ने दमदार वापसी करते हुए शानदार बढ़त दर्ज की। पिछले कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद बाजार में जोरदार खरीदारी देखने को मिली, जिससे बीएसई सेंसेक्स 889.08 अंक (1.16%) की तेजी के साथ 77,654.60 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी-50 264.85 अंक (1.10%) चढ़कर 24,250.20 के स्तर पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 77,765.49 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ, जबकि निफ्टी 24,283.55 तक पहुंच गया। व्यापक बाजारों में भी मजबूती देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप-100 में 0.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 1.48 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।



बाजार की इस तेजी से निवेशकों को एक ही कारोबारी सत्र में करीब 4 लाख करोड़ का फायदा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर ₹483 लाख करोड़ से अधिक हो गया।

### आईटी समेत अधिकांश सेक्टरों में रही खरीदारी

सेक्टरवार कारोबार में रियल एस्टेट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। आईटी, मीडिया, मेटल, फार्मा, टेलीकॉम, प्राइवेट बैंक, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में 1 से 2 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई, जिससे बाजार में व्यापक खरीदारी का माहौल दिखाई दिया।

निफ्टी-50 में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, हिंडाल्को और एलएंडटी सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो, बीईएल, ओएनजीसी और एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### बाजार की नजर नतीजों और कच्चे तेल पर

मार्केट एक्सपर्ट सुनील शाह के अनुसार बाजार में वैल्यू बाइंग देखने को मिली है, जिससे निवेशकों का भरोसा लौटा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बाजार की दिशा मुख्य रूप से कॉर्पोरेट तिमाही नतीजों, पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों पर निर्भर करेगी। फिलहाल कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपेक्षाकृत सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

(इनपुटः आईएएनएस)

# केरल में तीन महिला शिक्षिकाएं MDMA तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**समाज जागरण**

तिरुवनंतपुरम/कोझिकोड, एजेंसी। केरल के कोझिकोड जिले के चर्चित वडाकरा MDMA ड्रग्स मामले में पुलिस ने तीन महिला शिक्षिकाओं को गिरफ्तार किया है। तीनों पेराम्बरा क्षेत्र में समग्र शिक्षा केरल के तहत संचालित ब्लॉक रिसोर्स सेंटर से जुड़ी थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी शिक्षिकाएं सिंथेटिक ड्रग्स नेटवर्क में मीडिएटर की भूमिका निभाती थीं और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर ड्रग्स की सप्लाई कराती थीं। मामले की जांच गृह विभाग के 'ऑपरेशन तूफान' के तहत गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है।



# 'यहां भी मक्खी उड़ रही, क्या कर सकते हैं...'

## 5 स्टार होटल में कॉकरोच मिलने पर हाईकोर्ट की टिप्पणी चर्चा में

**समाज जागरण**

मुंबई, एजेंसी। नवी मुंबई के एक 5 स्टार होटल का लाइसेंस रद्द करने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाई कोर्ट की एक टिप्पणी चर्चा का विषय बन गई। सुनवाई के दौरान जब महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) ने होटल के किचन में कॉकरोच मिलने का हवाला दिया, तो अदालत ने पूछा कि केवल एक-दो कीड़े मिलने के आधार पर क्या किसी होटल का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है? जस्टिस रविंद्र घुगे और जस्टिस गौतम अखंड की पीठ ने एफडीए से लाइसेंस रद्द करने के मानकों पर सवाल उठाए। इस दौरान एक न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा, "पिछले सप्ताह मेरी मेज पर भी एक बड़ा कीड़ा बैठा था। हम भारत में हैं, इसलिए हमें व्यावहारिक और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर निर्णय लेना होगा।"



अदालत ने मामले में एफडीए से विस्तृत जवाब तलब किया है।

# 10 अगस्त को इरढ में आकाश आनंद की वापसी, दो साल बाद फिर संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राजनीति में 10 अगस्त का दिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए अहम माना जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद की करीब दो वर्ष बाद सक्रिय राजनीति में औपचारिक वापसी होने जा रही है। वह 10 अगस्त को पार्टी के मंच पर दोबारा नजर आएंगे।



लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आक्रामक भाषणों से चर्चा में आए आकाश आनंद को तत्कालीन विवादों के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव के दौरान ही पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था। अब उनकी वापसी को बसपा के संगठनात्मक पुनर्गठन और आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संक्रमण काल में धैर्य और संयम की आवश्यकता

विश्व का वर्तमान परिदृश्य चिंताजनक है। अनेक क्षेत्रों में युद्ध, सीमा-विवाद, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और सामरिक तनाव



ने वैश्विक शांति को चुनौती दी है। ऐसी परिस्थितियों का प्रभाव किसी न किसी रूप में भारत सहित अनेक देशों पर भी पड़ता है। सीमाओं पर सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ हों या वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव, इन सबके बीच राष्ट्रीय एकता और सामाजिक स्थिरता का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

किसी भी राष्ट्र का पुनर्जागरण एक दिन में नहीं होता। वह एक लंबी ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रक्रिया का परिणाम होता है। भारत आज ऐसे ही एक संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहाँ एक ओर अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, सभ्यता, भाषाओं और परंपराओं के प्रति नए सिरे से जागरूकता दिखाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक अस्थिरता, तकनीकी परिवर्तन, वैचारिक मतभेद और सामाजिक चुनौतियाँ भी समानांतर रूप से उपस्थित हैं। ऐसे समय में सबसे अधिक आवश्यकता धैर्य, संयम, संवाद और विवेक की है। भारत का इतिहास बताता है कि हमारी सबसे बड़ी शक्ति केवल सैन्य क्षमता नहीं रही, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, सहिष्णुता और विविधता में एकता रही है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" जैसे विचार केवल शास्त्रों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि के आधार हैं। जब समाज इन मूल्यों को आत्मसात करता है, तब वह बाहरी और भीतरी दोनों प्रकार की चुनौतियों का सामना अधिक सुदृढ़ता से कर सकता है।

ऐसे समय में देश के युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा, नवाचार और भविष्य का आधार होते हैं। उनके भीतर प्रश्न करना, परिवर्तन की इच्छा रखना और समाज के प्रति संवेदनशील होना स्वाभाविक और आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण संवाद, विचार-विमर्श और संविधानसम्मत अभिव्यक्ति का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि युवा किसी भी विचार या आंदोलन में भाग लेते समय तथ्यों की जांच करें, कानून का सम्मान करें और अपने निर्णय विवेक के आधार पर लें, न कि केवल क्षणिक भावनाओं या अपुष्ट सूचनाओं के आधार पर।आज सोशल मीडिया ने सूचनाओं का प्रवाह अत्यंत तीव्र बना दिया है। इसके अनेक सकारात्मक पक्ष हैं, किंतु इसके माध्यम से भ्रामक सूचनाएँ, आधी-अधूरी जानकारियाँ और उत्तेजनात्मक सामग्री भी तेजी से फैल सकती है। इसलिए आज का सबसे बड़ा संस्कार केवल पुस्तकें पढ़ना ही नहीं, बल्कि सूचना का विवेकपूर्ण परीक्षण करना भी है। डिजिटल युग में धैर्य स्वयं एक नैतिक गुण बन गया है।

देश का नेतृत्व जब वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को सुदृढ़ करने का प्रयास करता है, तब उसके समानांतर समाज की भी जिम्मेदारी होती है कि वह राष्ट्रीय हित, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए। किसी भी राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा केवल उसकी विदेश नीति से नहीं, बल्कि उसके नागरिकों की सामाजिक परिपक्वता, कानून के प्रति सम्मान और पारस्परिक विश्वास से भी निर्मित होती है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अर्थ अतीत की केवल प्रशंसा करना नहीं है। उसका अर्थ है–अपनी श्रेष्ठ परंपराओं को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि, संवैधानिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ना। यदि हमारी संस्कृति करुणा, सहिष्णुता, सेवा, सत्य और आत्मसंयम की शिक्षा देती है, तो इन मूल्यों का व्यवहार में उतरना ही वास्तविक पुनर्जागरण होगा। महात्मा गांधी ने कहा था, "धैर्य और सत्य अंततः विजय दिलाते हैं।" स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया था। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का विश्वास था कि विकसित भारत का निर्माण केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि चरित्रवान और जिम्मेदार युवाओं से होगा। इन महान व्यक्तित्वों के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी समाज में मतभेद होना स्वाभाविक है। लोकतंत्र की शक्ति ही यही है कि विभिन्न विचार शांतिपूर्ण संवाद के माध्यम से सामने आते हैं। यदि मतभेद वैमनस्य में बदल जाएँ, तो समाज कमजोर होता है; लेकिन यदि वे रचनात्मक चर्चा का आधार बनें, तो वही मतभेद प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि परिवार संस्कारों का पहला विद्यालय बने, विद्यालय चरित्र निर्माण का केंद्र बने, विश्वविद्यालय स्वतंत्र चिंतन और अनुसंधान के केंद्र बनें तथा समाज युवाओं को सकारात्मक नेतृत्व के अवसर प्रदान करे। राष्ट्रनिर्माण केवल सरकारों का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा उत्तरदायित्व है। संक्रमण का प्रत्येक काल धैर्य की परीक्षा लेता है। भारत ने हजारों वर्षों के इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, फिर भी अपनी सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा है। आज भी यदि हम संयम, संवाद, संवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, तो यह संक्रमण काल एक सशक्त सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार बन सकता है।

हमे यह स्मरण रखना होगा कि राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं बनता, बल्कि संस्कारों से बनता है। संस्कृति केवल उत्सवों में नहीं, बल्कि व्यवहार में दिखाई देती है। और पुनर्जागरण केवल नारों से नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, ज्ञान, सेवा और सतत आत्मचिंतन से साकार होता है। यही वह पथ है जिस पर चलकर भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक विश्व में एक सशक्त, शांतिप्रिय और प्रेरणादायी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ सकता है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक,स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## "जुबानी जंग का लोकतंत्र"

संसद चले या न चले, लेकिन नेताओं की जुबान का इंजन कभी बंद नहीं होता। सत्ता पक्ष कहता है–"देश दौड़ रहा है।" विपक्ष कहता है–"देश तो दौड़ रहा है, लेकिन गलत दिशा में।" जनता सोचती है–"भैया, पहले यह तो तय कर लो कि दौड़ कौन रहा है!"

आजकल राजनीति में काम कम और शब्दों का उत्पादन ज्यादा हो गया है। सड़क टूट जाए तो विपक्ष कहता है, "सरकार फेल है।" सड़क बन जाए तो सत्ता पक्ष कहता है, "यह हमारी ऐतिहासिक उपलब्धि है।" और अगर सड़क आधी बने तो दोनों प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लेते हैं–एक उद्घाटन के लिए, दूसरा विरोध के लिए।

नेताओं की जुबान भी अब मौसम विभाग जैसी हो गई है। सुबह बयान आता है, दोपहर तक पलट जाता है और शाम को उसका नया संस्करण जारी हो जाता है। जनता पुराने बयान का स्क्रीनशॉट लेकर बैठी रहती है, लेकिन नेता कहते हैं–"मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है।"

टीवी डिबेट में तो हाल और भी दिलचस्प है। एंकर पूछता है, "महंगाई पर आपका क्या कहना है?" जवाब आता है, "पहले आप 1975 की बात करिए।" दूसरा नेता कहता है, "पहले आप पिछले 70 साल का हिसाब दीजिए।" और महंगाई टीवी स्क्रीन के नीचे टिकर बनकर चुपचाप गुजर जाती है। सोशल मीडिया ने तो नेताओं को ऐसा मंच दे दिया है कि अब हर घंटे एक नया तीर छोड़ा जाता है। उधर से पोस्ट आई, इधर से पलटवार हुआ, फिर प्रेस वार्ता, फिर ट्वीट, फिर वीडियो संदेश... लगता है जैसे देश की सबसे बड़ी समस्या बयान देने की गति कम होना है।

# सुरक्षित और टिकाऊ मुद्रा की नई पहल

महेन्द्र तिवारी

भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर विस्तार के नए चरण में प्रवेश कर रही है। डिजिटल भुगतान के बढ़ते प्रचलन के बावजूद नकद मुद्रा आज भी करोड़ों भारतीयों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है। देश के छोटे व्यापार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, कृषि बाजार और असंगठित क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी नकद लेनदेन पर निर्भर है। ऐसे में मुद्रा की गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊपन केवल तकनीकी विषय नहीं रह जाते, बल्कि आर्थिक व्यवस्था की विश्वसनीयता से सीधे जुड़े होते हैं। इसी संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पॉलीमर अर्थात प्लास्टिक आधारित नोटों की दिशा में उठाया गया कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने आरबीआई के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए दस रुपये और बीस रुपये के पॉलीमर नोटों के बड़े पैमाने पर फील्ड ट्रायल की अनुमति दी है। पहले चरण में दोनों मूल्यवर्ग के एक एक अरब नोटों का परीक्षण किया जाएगा। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो भविष्य में अन्य मूल्यवर्ग के नोटों में भी इस तकनीक का विस्तार किया जा सकता है। फिलहाल सरकार ने स्पष्ट किया है कि कागजी नोटों को तत्काल हटाने की कोई योजना नहीं है और यह केवल परीक्षण आधारित पहल है।




### क्या होते हैं Polymer Notes?

- खास प्लास्टिक से बनते हैं ये नोट
- कागजी नोटों से ज्यादा टिकाऊ
- पानी और गंदगी से रहते हैं सुरक्षित
- आसानी से फटते नहीं,धोए भी जा सकते हैं
- नकली नोट बनाना होगा मुश्किल
- आसानी से मोड़े जा सकते हैं
- कागज वाले नोट की तरह इस्तेमाल में आसान

पॉलीमर नोट सामान्य कागज से नहीं बल्कि विशेष प्रकार के सिंथेटिक पॉलीमर पदार्थ से बनाए जाते हैं। यह सामग्री नमी, धूल, गंदगी और बार बार मोड़े जाने जैसी परिस्थितियों को बेहतर ढंग से सहन कर सकती है। यही कारण है कि इनकी आयु पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में कई गुना अधिक होती है। सामान्यतः कम मूल्यवर्ग के नोट सबसे अधिक हाथों से गुजरते हैं और कुछ ही महीनों में फटने या खराब होने लगते हैं। इसके कारण रिजर्व बैंक को हर वर्ष बड़ी संख्या में पुराने नोट वापस लेकर नए नोट छापने पड़ते हैं। यदि पॉलीमर नोट अपेक्षा के अनुसार लंबे समय तक चलते हैं तो नोटों की छपाई, परिवहन और नष्ट करने की लागत में उल्लेखनीय कमी आ सकती है।

भारत में नकली नोटों की चुनौती लंबे समय से चिंता का विषय रही है। समय समय पर सुरक्षा एजेंसियों ने नकली भारतीय मुद्रा के नेटवर्क का खुलासा किया है। नकली नोट केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाते बल्कि उनका उपयोग अवैध गतिविधियों और संगठित अपराध में भी किया जाता है। पॉलीमर नोटों में पारदर्शी विंडो, उन्नत होलोग्राम, रंग बदलने वाली स्याही, सूक्ष्म प्रिंटिंग और अन्य आधुनिक सुरक्षा विशेषताएं जोड़ी जा सकती हैं। इन विशेषताओं की नकल करना पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में कहीं अधिक कठिन माना जाता है। इसलिए पॉलीमर नोट नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण का माध्यम बन सकते हैं।

इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरण से भी जुड़ा हुआ है। पहली नजर में प्लास्टिक शब्द सुनकर पर्यावरण संबंधी चिंताएं स्वाभाविक लग सकती हैं, लेकिन पॉलीमर नोट सामान्य प्लास्टिक नहीं होते। इनका निर्माण विशेष तकनीक से किया जाता है और उपयोग के बाद इन्हें पुनर्चक्रित भी किया जा सकता है। चूंकि इनकी आयु अधिक होती है इसलिए समान अवधि में कम संख्या में नोट छापने पड़ते हैं। इससे कागज की खपत, ऊर्जा की आवश्यकता और परिवहन संबंधी खर्च में भी कमी आती है। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी माना है कि लंबे समय में पॉलीमर नोट पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

दुनिया के अनेक देशों ने पहले ही पॉलीमर मुद्रा को अपनाकर इसके लाभ प्राप्त किए हैं। ऑस्ट्रेलिया इस तकनीक को अपनाने वाला पहला देश था। इसके बाद कनाडा, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, रोमानिया और अनेक अन्य देशों ने भी अपनी मुद्रा में पॉलीमर तकनीक का उपयोग किया। इन देशों के अनुभव बताते हैं कि पॉलीमर नोट अधिक समय तक सुरक्षित रहते हैं और नकली नोटों की घटनाओं में कमी लाने में सहायक होते हैं। भारत जैसे विशाल देश के लिए इन अनुभवों का अध्ययन अत्यंत उपयोगी हो सकता है।

भारत में पॉलीमर नोटों का विचार नया नहीं है। वर्ष 2013 और उसके बाद भी सीमित स्तर पर कुछ शहरों में इनका परीक्षण किया गया था। उस समय विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। अब बदलती आर्थिक आवश्यकताओं, बेहतर तकनीक और बढ़ती मुद्रा मांग को देखते हुए इसे नए रूप में पुनर्जीवित किया गया है। इस बार परीक्षण का दायरा पहले की तुलना में कहीं बड़ा रखा गया है ताकि अलग अलग जलवायु, भौगोलिक परिस्थितियों और उपयोग के स्तर पर नोटों के प्रदर्शन का व्यापक मूल्यांकन किया जा सके।

भारत जैसे देश में मौसम की विविधता एक बड़ी चुनौती है। कहीं अत्यधिक गर्मी पड़ती है तो कहीं लगातार वर्षा होती है। कई क्षेत्रों में धूल और नमी का स्तर भी अधिक रहता है। ऐसे वातावरण में कागजी नोट अपेक्षाकृत जल्दी खराब हो जाते हैं। फील्ड ट्रायल का उद्देश्य यही समझना है कि पॉलीमर नोट वास्तविक परिस्थितियों में कितने प्रभावी सिद्ध होते हैं। यदि वे इन परिस्थितियों में भी अपनी गुणवत्ता बनाए रखते हैं तो उनका व्यापक उपयोग आर्थिक दृष्टि से लाभदायक हो सकता है।

हालांकि इस योजना के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। पॉलीमर नोटों के निर्माण की प्रारंभिक लागत कागजी नोटों की तुलना में अधिक होती है। इसके अलावा एटीएम मशीनों, नकदी गिनने वाली मशीनों और बैंकिंग प्रणाली के कुछ उपकरणों में आवश्यक तकनीकी परिवर्तन भी करने पड़ सकते हैं। जनता को नए नोटों की विशेषताओं की जानकारी देना और उन्हें नकली नोटों से अलग पहचानने का प्रशिक्षण देना भी आवश्यक होगा। इसलिए यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली तेजी से विकसित हुई है। यूपीआई ने लेनदेन की दुनिया बदल दी है, फिर भी नकदी की उपयोगिता समाप्त नहीं हुई है। छोटे दुकानदारों, ग्रामीण क्षेत्रों, सीमित इंटरनेट वाले इलाकों और अनेक सामाजिक परिस्थितियों में नकद भुगतान आज भी सबसे सुविधाजनक माध्यम है। इसलिए डिजिटल अर्थव्यवस्था और नकद मुद्रा दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। पॉलीमर नोटों की पहल इसी संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ती है, जिसमें आधुनिक तकनीक अपनाते हुए नकद मुद्रा को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाया जा रहा है।

आरबीआई का यह निर्णय केवल नए प्रकार के नोट जारी करने तक सीमित नहीं है बल्कि यह भविष्य की मुद्रा व्यवस्था की दिशा भी तय करता है। यदि परीक्षण सफल रहता है तो भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा जिन्होंने आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपनी मुद्रा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाया है। इससे जनता का विश्वास मजबूत होगा, नकली नोटों की चुनौती कम होगी और मुद्रा प्रबंधन की लागत में भी दीर्घकालिक बचत संभव होगी।

यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल कागजी नोटों को समाप्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। परीक्षण पूरा होने के बाद उसके परिणामों का मूल्यांकन किया जाएगा। यदि अपेक्षित सफलता मिलती है तभी आगे की रणनीति तय होगी। यह सावधानीपूर्ण दृष्टिकोण इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि भारत की विशाल आबादी और विविध परिस्थितियों में किसी भी बड़े परिवर्तन को चरणबद्ध तरीके से लागू करना ही व्यावहारिक होता है।

आर्थिक सुधारों की सफलता केवल नई नीतियां बनाने से नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से निर्धारित होती है। पॉलीमर नोटों का प्रयोग भी इसी कसौटी पर परखा जाएगा। यदि यह पहल सफल होती है तो भारत की मुद्रा व्यवस्था अधिक आधुनिक, सुरक्षित और टिकाऊ बन सकती है। इससे नकली नोटों पर नियंत्रण, सरकारी खर्च में कमी, जनता को बेहतर गुणवत्ता वाले नोट और बैंकिंग व्यवस्था को अधिक दक्ष बनाने जैसे अनेक लाभ प्राप्त हो सकते हैं। आने वाले वर्षों में यह पहल भारतीय मुद्रा इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक सिद्ध हो सकती है और यह दिखाएगी कि तकनीकी नवाचार किस प्रकार आम नागरिक के दैनिक जीवन को भी अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बना सकता है।

## 2047 तक भारत अमीर बनेगा या सिर्फ अमीरों का भारत?

# क्या भारत की उड़ान हर नागरिक को साथ लेकर उड़ेगी?

### रोटी, सम्मान और अवसर–क्या यही होगा आजादी का शतक?

2047 में जब भारत अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा, तब दुनिया केवल हमारी अर्थव्यवस्था का आकार नहीं, बल्कि यह भी परखेगी कि उस समृद्धि में कितने भारतीय सहभागी बने। प्रश्न यह नहीं होगा कि भारत 25 या 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया, बल्कि यह होगा कि आर्थिक शक्ति अंतिम व्यक्ति तक पहुंची या नहीं। क्या विकसित भारत का सपना हर नागरिक की वास्तविकता बनेगा, या केवल संपन्न वर्ग की उपलब्धि रह जाएगा? आज भारत जिस विकास पथ पर बढ़ रहा है, उसकी रफ्तार प्रभावशाली है, लेकिन दिशा पर गंभीर मंथन आवश्यक है। विकास तब तक अधूरा है, जब तक उसका लाभ सीमित वर्ग से निकलकर पूरे राष्ट्र तक नहीं पहुंचता। अन्यथा वह प्रगति नहीं, असमानता का विस्तार बन जाती है। इसलिए 2047 का सबसे बड़ा प्रश्न केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक और नैतिक भी है।

आज के आर्थिक संकेतक उम्मीद जगाते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आकलनों के अनुसार, यदि भारत अगले दो दशकों तक 7.5-8% की वृद्धि बनाए रखता है, तो 2047 तक उसकी अर्थव्यवस्था 25-35 ट्रिलियन डॉलर (ईवाई, पीएचडी-सीसीआई सहित विभिन्न आकलनों के अनुसार) तक पहुंच सकती है। प्रति व्यक्ति आय 15,000-22,000 डॉलर रहने का अनुमान है। करोड़ों लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना बड़ी उपलब्धि है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू चिंताजनक है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के अनुसार राष्ट्रीय आय का 58% शीर्ष 10% आबादी के पास है, जबकि निचली 50% आबादी को केवल 15% आय मिलती है। कुल संपत्ति का 65% शीर्ष 10% के पास केंद्रित है, जबकि आधी आबादी के हिस्से में महज 6% संपत्ति है। यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं, बल्कि विकास मॉडल का प्रतिबिंब है।

असल चुनौती विकास की रफ्तार नहीं, उसकी प्रकृति है। भारत की आर्थिक वृद्धि मुख्यतः पूंजी-गहन उद्योगों, प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र पर आधारित रही है। इन क्षेत्रों ने राष्ट्रीय आय बढ़ाई, लेकिन व्यापक रोजगार नहीं दिए। श्रम-गहन विनिर्माण अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका। नतीजतन हर वर्ष लाखों युवा रोजगार बाजार में उतरते हैं, पर गुणवत्तापूर्ण अवसर नहीं मिलते। मध्यम वर्ग पर दबाव बढ़ रहा है और सामाजिक गतिशीलता धीमी पड़ रही है। पीएलएफएस 2025-26 के अनुसार महिला श्रम बल भागीदारी बढ़कर लगभग 32-40% (शहरी क्षेत्रों में करीब 25%) हुई है, फिर भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए यह पर्याप्त नहीं है। कृषि से उद्योग और सेवाओं की ओर श्रमिकों का संक्रमण भी सुस्त है, जिससे करोड़ों लोग कम उत्पादकता वाले कार्यों में अटके हैं। यही वजह है कि विकास के आंकड़े चमकते हैं, लेकिन उनकी रोशनी समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंचती।

यह असमानता केवल आय की नहीं, अवसरों की भी है। देश का




एक छोटा वर्ग विश्वस्तरीय अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों, आधुनिक कौशल संस्थानों और वैश्विक सुविधाओं तक पहुंच रखता है, जबकि करोड़ों लोग आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास से वंचित हैं। क्षेत्रीय विषमता भी गहरा रही है। कुछ राज्य निवेश, उद्योग और अधोसंरचना के दम पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि अनेक राज्य विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। यदि यही तस्वीर बनी रही, तो 2047 में भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होने का दावा करेगा, लेकिन उसके भीतर दो भारत बसेंगे–एक समृद्ध, आधुनिक और अवसरों से परिपूर्ण; दूसरा अभाव, सीमित संभावनाओं और संघर्ष से घिरा। ऐसी खाई किसी विकसित राष्ट्र की नहीं, असंतुलित विकास की पहचान है।

यही रास्ता भारत को मध्य-आय जाल (मिडिल-इनकम ट्रैप) की ओर ले जा सकता है। दुनिया के अनेक देशों ने शुरूआती दौर में तेज आर्थिक वृद्धि हासिल की, लेकिन मानव पूंजी, उत्पादकता और समावेशी संस्थागत सुधारों की अनदेखी ने उनकी प्रगति ठहरा दी। भारत के सामने भी यही चुनौती है। हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश दुनिया का सबसे बड़ा अवसर है, पर यदि करोड़ों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल और उत्पादक रोजगार नहीं मिले, तो यही शक्ति भविष्य का सबसे बड़ा आर्थिक और सामाजिक दायित्व बन सकती है। उधर जलवायु परिवर्तन, जल संकट और बढ़ता शहरी दबाव विकास की राह कठिन बनाएंगे। इसलिए केवल निवेश जुटाना या जीडीपी बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा; विकास की गुणवत्ता और समावेशिता को भी समान प्राथमिकता देनी होगी।

आशा की सबसे मजबूत वजह यही है कि भारत के पास संभावनाओं का अभाव नहीं, विकल्पों की प्रचुरता है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, नवाचार से संचालित स्टार्टअप संस्कृति और सुदृढ़ लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारी ऐसी ताकतें हैं, जिन पर समावेशी विकास की नई इमारत खड़ी की जा सकती है। आवश्यकता केवल विकास की प्राथमिकताएं बदलने की है। पूंजी निर्माण के साथ उसे रोजगार सृजन की धुरी बनाना होगा। श्रम-गहन विनिर्माण, नियार्तोन्मुख उद्योग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में नई ऊर्जा भरनी होगी। शिक्षा और स्वास्थ्य में बड़े निवेश से मानव पूंजी सशक्त करनी होगी। क्षेत्रीय संतुलन ऐसा हो कि विकास कुछ महानगरों तक सीमित न रहे, बल्कि हर राज्य और जिले तक पहुंचे। साथ ही ऐसी प्रगतिशील नीतियां अपनानी होंगी, जो धन सृजन को गति दें और उसके न्यायसंगत वितरण को भी सुनिश्चित करें।

2047 का भारत अमीर बनेगा या सिर्फ अमीरों का भारत, इसका फैसला इतिहास नहीं, आज की नीतियां करेंगी। यदि विकास कुछ लोगों की सफलता तक सिमट गया, तो आने वाली पीढ़ियों को आर्थिक उपलब्धियों के साथ सामाजिक असमानता भी विरासत में मिलेगी। लेकिन यदि समावेश, उत्पादकता, न्याय और समान अवसर विकास का आधार बने, तो भारत केवल आर्थिक महाशक्ति नहीं, सामाजिक रूप से भी विकसित राष्ट्र होगा। क्योंकि किसी देश की समृद्धि उसके अरबपतियों की संख्या से नहीं, बल्कि सबसे कमजोर नागरिक की गरिमा, अवसर और जीवन-स्तर से आंकी जाती है। 2047 तक भारत यह कसौटी बदल सकता है–बशर्ते विकास की यात्रा में कोई भारतीय पीछे न छूटे। तभी आजादी के सौ वर्ष केवल उत्सव नहीं, साझा समृद्धि और राष्ट्रीय विजय का स्वर्णिम अध्याय बनेंगे।

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"
शिक्षाविद् बड़वानी (मप्र)

## बेटियों की दूरी का दर्द...!

चार दीवारों के भीतर, जब
रिश्तों पर ताले लगते हैं,
तब सबसे पहले बचपन की
मुस्कानें रोती हैं।
चार नहीं, साढ़े चार बरस बीत
गए, माँ की आँखों में,
हर दिन एक नया इंतजार जन्म
लेता रहता है।

कानून के पन्नों पर तो सिर्फ
आदेश ही लिखे जाते हैं,
ममता की पुकार अब भी
सुनवाई तलाशती है।
दो नन्हीं बेटियाँ, कभी माँ की
उँगली थाम चलती थीं,
आज केवल यादों के सहारे ही
बड़ी हो रही हैं।

उनके बचपन से "माँ की गोद"
का मौसम छिन गया,
सच न्याय जीवित है, तो अर्थ
सिर्फ फैसला नहीं।
यूं मासूम आँखों तक अपनों का
स्नेह पहुँचाना भी है,
निष्पक्ष जाँच हो, पीड़ित को
समान अवसर मिलें।

निर्णय का सम्मान हो, यहीं
"लोकतंत्र" की पहचान है।
क्योंकि अदालतों का सम्मान
तभी पूर्ण होता है,
जब उनके आदेश कागजों से
निकल त्वरित न्याय हो,
ज़िंदगी में भी न्याय का सुख
आँखों में दिखाई दें।
(संदर्भ - कोर्ट के आदेश के
बाद भी 4.5 साल से बेटियों से
दूर माँ )

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पीएम बोले- खिलाड़ियों का समर्पण प्रेरणादायक

पृष्ठ-3 (शेष)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला 69 किलोग्राम भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली हरजिंदर कौर को बधाई






देते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय भारोत्तोलक लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और हरजिंदर की सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले गुलवीर की भी प्रधानमंत्री ने जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि गुलवीर का संकल्प, अनुशासन और मेहनत उन्हें इस मुकाम तक लेकर आई है तथा भविष्य में उनसे और बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है।

### वजन कम करना था सबसे कठिन मुकाबला

सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद अरुंधति चौधरी ने बताया कि मुकाबले से पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक हो गया था। इसे नियंत्रित करने के लिए उन्होंने एक दिन में करीब दो किलोग्राम वजन कम किया, जो उनके लिए सबसे कठिन चुनौती साबित हुई।

अरुंधति ने कहा कि रिंग के अंदर की लड़ाई से पहले उन्हें वजन करने वाली मशीन से जंग लड़नी पड़ी, लेकिन उन्होंने मानसिक मजबूती बनाए रखी और जीत हासिल की।

### अब स्वर्ण पदक पर नजर

अरुंधति ने कहा कि कांस्य पदक सुनिश्चित होने के बावजूद उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा सबसे ऊंचा लहराना है। उन्होंने अपनी सफलता को परिवार और देशवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि लोगों के प्यार और आशीर्वाद ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी है।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन जारी है। अब देशवासियों की उम्मीदें भारतीय खिलाड़ियों से और अधिक पदकों पर टिकी हैं। (इनपुटः पीआईबी एवं आईएएनएस)

# सदस्यों को बीमा, ऋण और प्रशिक्षण का लाभ

पृष्ठ-3 (शेष)

भारत टैक्सी से जुड़े सारथियों को केवल राइड बुकिंग का मंच ही नहीं, बल्कि कई कल्याणकारी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के तहत समिति के सदस्य बनने वाले ड्राइवरों को विभिन्न सामाजिक और वित्तीय लाभ दिए जाते हैं।

सारथियों को रियायती दरों पर स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, एसबीआई मुद्रा ऋण सहित संस्थागत ऋण, वाहन खरीद के लिए वित्तपोषण तथा अन्य वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के संचालन, ग्राहक सेवा, सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा से जुड़े नियमित प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

सरकार का कहना है कि भारत टैक्सी का उद्देश्य ड्राइवरों की आय बढ़ाना, उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा सहकारिता मॉडल को मजबूत करना है। आने वाले समय में इस प्लेटफॉर्म का विस्तार देश के अधिक राज्यों और शहरों में किए जाने की योजना है, जिससे लाखों और ड्राइवरों को इसका लाभ मिल सकेगा। (इनपुटः पीआईबी)

# छात्रवृत्ति आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन करें, कोई पात्र छात्र न छूटेः नेहा सिंह

गौतमबुद्धनगर, 29 जुलाई (समाज जागरण ब्यूरो)। जनपद में संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में छात्रवृत्ति आवेदनों के सत्यापन, अग्रसारण और स्वीकृति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में नेहा सिंह ने सभी छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन और अग्रसारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए




प्रोत्साहित करना है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंडार, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग,

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# OBC विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का शेड्यूल जारी

## 15 सितंबर से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन, समय-सीमा का पालन करने के निर्देश

गौतमबुद्धनगर, 29 जुलाई (समाज जागरण ब्यूरो)। अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना तथा पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने सभी शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) के लिए शिक्षण संस्थान 15 अगस्त 2026 तक मास्टर डाटा तैयार करेंगे, जबकि 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकेंगे। शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदन का सत्यापन एवं अग्रसारण 25 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा।

वहीं, पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संबंधित शिक्षण संस्थानों को 30 अगस्त 2026 तक आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित करने होंगे।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय-सारणी का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया है, ताकि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

### मुख्य तिथियां एक नजर में

उच्च शिक्षा (दशमोत्तर): आवेदन - 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026
कक्षा 9-10 एवं 11-12: आवेदन - 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026
उच्च शिक्षा आवेदन सत्यापनः 25 अक्टूबर 2026 तक
कक्षा 9-12 आवेदन सत्यापनः 30 अगस्त 2026 तक

# आरसेटी में माटीकला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

## मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना व टूल किट योजना के लाभ बताए, बैंकिंग और डिजिटल सुरक्षा पर भी किया जागरूक

गौतमबुद्धनगर, 29 जुलाई (समाज जागरण ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के स्थापना पखवाड़ा के तहत बुधवार को केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), गौतमबुद्धनगर परिसर में जिला ग्रामोद्योग विभाग की ओर से माटीकला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, कारीगरों और उद्यमियों को माटीकला से जुड़े स्वरोजगार, ऋण एवं अनुदान योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ज्योति रानी ने उत्तर प्रदेश



माटीकला बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र युवाओं एवं कारीगरों से इनका लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करने का आह्वान किया। वहीं प्रबंधक पारस भाटिया ने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं निःशुल्क टूल किट वितरण योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी। वित्तीय साक्षरता केंद्र के वरिष्ठ काउंसलर उमाकांत यादव ने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी वित्तीय योजनाओं तथा डिजिटल लेनदेन के दौरान साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। जिला अग्रणी प्रबंधक ने विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में माटीकला रोजगार योजना से लाभान्वित उद्यमी राधा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योजना के माध्यम से उन्होंने अपना सफल स्वरोजगार स्थापित किया। वहीं उद्यमी देवीराम ने विद्युत चालित चाक पर मिट्टी के आकर्षक बर्तनों का सजीव प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को माटीकला निर्माण की प्रक्रिया से परिचित कराया।

कार्यक्रम में आरसेटी के निदेशक, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी एवं उद्यमी मौजूद रहे। अंत में आरसेटी के निदेशक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# महर्षि नगर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

## 51 वैदिक पंडितों ने किया रुद्राभिषेक, 500 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संदीप गर्ग

नोएडा, समाज जागरण संवाददाता। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि नगर, नोएडा स्थित उत्सव भवन में बुधवार को धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण के बीच गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 51 वैदिक पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं विशेष अनुष्ठान से हुआ।

कार्यक्रम में महर्षि यूनिवर्सिटी के डीजी ओ.पी. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महर्षि महेश योगी के प्रेरणादायक प्रवचनों का ऑडियो प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सुना।

मीडिया प्रभारी ए.के. लाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शाम को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ के अधिकारियों




एवं कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण



का संदेश देते हुए उत्सव भवन एवं मंडप परिसर में 500 पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम में विनोद श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, रामेंद्र सचान, एल.एस. सोम, यादवेंद्र यादव, शिशुपाल यादव, संतोष श्रीवास्तव, कमलेश यादव, एस.पी. गर्ग, ललन पाठक, विनोद दीक्षित, मनोज श्रीवास्तव, नरेश श्रीवास्तव, राजीव अरोड़ा, राजेश श्रीवास्तव, महर्षि सोलर के डायरेक्टर अरुण मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक और अवैध हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

## इकोटेक-3 पुलिस की कार्रवाई, दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही पुलिस

संदीप गर्ग

नोएडा, समाज जागरण संवाददाता। थाना इकोटेक-3 पुलिस ने अपराध एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-10 से तिलपता जाने वाली सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद हुए। इसके बाद दोनों




को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष (19 वर्ष) पुत्र हरी सिंह निवासी रूपवास मोड़, थाना दादरी तथा सागर (22 वर्ष) पुत्र देवेंद्र सिंह, मूल निवासी नगला पदम, थाना चंडौस (जनपद अलीगढ़), वर्तमान निवासी ग्राम धूममानिकपुर, थाना बादलपुर के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और इनके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी जुटा रही है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि बरामद मोटरसाइकिल के अलावा अन्य चोरी की घटनाओं में इनकी संलिप्तता तो नहीं है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 317(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बरामद सामान
- चोरी की एक मोटरसाइकिल
- एक तमंचा (.315 बोर)
- एक जिंदा कारतूस
- एक अवैध चाकू

पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

## वृक्षारोपण, गुरु पूजन, भजन संध्या और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संदीप गर्ग

नोएडा, समाज जागरण संवाददाता। सेक्टर-20 स्थित ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को भारतीय युग वशिष्ठ ब्रह्मानंद संघ की दिल्ली शाखा के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के सभापति श्री कृपा बिंदु भट्टाचार्य के निर्देशन में किया गया।

समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद श्री गुरु ब्रह्मानंद शास्त्री के शिष्यों ने हरित गुरु दक्षिणा के रूप में वृक्षारोपण किया तथा सामूहिक जप और गुरु पूजन के माध्यम से अपने गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य




परंपरा, आध्यात्मिक मूल्यों और पूज्य गुरुदेव भगवान की शिक्षाओं पर विस्तृत चर्चा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर दरिद्र नारायण सेवा के तहत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल स्थित ब्रह्मानंद ऑडिटोरियम में गुरुजी के शिष्यों ने नृत्य एवं संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही 'जीवन का सार' विषय पर प्रस्तुत लघु नाटिका ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

गुरु पूर्णिमा समारोह में पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। श्रद्धालु अपने गुरु के प्रति समर्पण और आस्था के भाव में सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम में दिल्ली शाखा के अध्यक्ष एवं ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल के संस्थापक गौतम दासगुप्ता, उदयन घोष (सहायक महासचिव), ज्योत्स्ना मजूमदार (सचिव), चिरंजीव गुप्ता (कोषाध्यक्ष), गौतम साहा, शिवम ठाकुर (सहायक सचिव) सहित भारतीय युग वशिष्ठ ब्रह्मानंद संघ की दिल्ली शाखा के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में आमंत्रित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सदरपुर के विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप, सपा ने खोला मोर्चा

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को सौंपा ज्ञापन, अधूरे निर्माण कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

संदीप गर्ग

नोएडा, समाज जागरण संवाददाता। गांव सदरपुर में चल रहे विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सपा नोएडा विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर बबलू चौहान ने बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को ज्ञापन सौंपकर अधूरे निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सितंबर 2025 में वर्क सर्किल-3 के माध्यम से गांव में सीसी सड़क, नालियों के निर्माण एवं मरम्मत तथा पानी निकासी के लिए लोहे के जाल लगाने का कार्य शुरू कराया गया था। इस कार्य को नौ माह में पूरा किया जाना था, लेकिन ठेकेदार ने निर्माण कार्य बीच में ही बंद कर दिया, जिससे कई गलियों में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं।


### बारिश में जलभराव से ग्रामीण परेशान

बबलू चौहान ने कहा कि कई स्थानों पर सड़क बनने के बावजूद नालियां नहीं बनाई गईं, जबकि कई जगह पानी निकासी के लिए लोहे के जाल भी नहीं लगाए गए हैं। इसके चलते बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

सपा नेता ने आरोप लगाया कि जिन सड़कों का निर्माण किया गया है, उनमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। परिणामस्वरूप कुछ ही महीनों में सड़कों पर दरारें पड़ गई हैं और कई स्थानों पर गिट्टी उखड़ने लगी है। उन्होंने निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी का भी आरोप लगाया।









### भुगतान पर भी उठाए सवाल

ज्ञापन में यह भी दावा किया गया है कि ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़कर चला गया, जबकि गांव में पूरे भुगतान की चर्चा है। बबलू चौहान ने कहा कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो निर्माण कार्य में लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण से मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा वर्क ऑर्डर के अनुसार सभी अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सड़क, नाली और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल सकें।

नोटः यह आरोप समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन में लगाए गए हैं। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण की आधिकारिक प्रतिक्रिया समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सकी।

# गुरु पूर्णिमा पर बाबा नीम करौरी धाम की आधारशिला रखी गई

## पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया शिलान्यास, धाम के लिए ₹1.96 करोड़ स्वीकृत, शेष प्रस्ताव पर विचार जारी

संदीप गर्ग

नोएडा/दादरी, समाज जागरण संवाददाता। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तहसील दादरी के ग्राम महावड़ में बनने वाले बाबा नीम करौरी धाम की आधारशिला बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रखी गई। धाम का शिलान्यास हिमाचल प्रदेश एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने किया। इस अवसर पर सामाजिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, जगदीश शर्मा, ग्राम प्रधान मनमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 'बाबा नीम करौरी धाम बनेगा आस्था का बड़ा केंद्र'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने बताया कि बाबा नीम करौरी धाम की स्थापना का प्रस्ताव मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी और ग्राम प्रधान



मनमोहन सिंह ने रखा था। इसके बाद संगठन के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक कलराज मिश्र तथा राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा से विचार-विमर्श कर इस धार्मिक परियोजना को आगे बढ़ाया गया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने धाम निर्माण के लिए 1 करोड़ 96 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है, जबकि 8 करोड़ 4 लाख के अतिरिक्त प्रस्ताव पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त किया।

### सनातन संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रही सरकार : कलराज मिश्र

मुख्य अतिथि कलराज मिश्र ने कहा कि बाबा नीम करौरी संकटमोचन भगवान हनुमान के स्वरूप माने जाते हैं और उनके चमत्कार विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश और उत्तर प्रदेश में ऐसी सरकार है जो सनातन संस्कृति, धार्मिक धरोहरों और आस्था स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि अरुण दीक्षित, राजेश द्विवेदी और क्षेत्र वासियों के सहयोग से बनने वाला यह धाम भविष्य में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी प्रमुख आस्था केंद्र बनेगा।

### हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

कार्यक्रम के समापन पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुंवर अमितराज दीक्षित, पं. राजेंद्र शर्मा, मुकेश शुक्ला, सुनील पांडेय, ध्रुव शर्मा, जयवीर सिंह गुर्जर, वकील त्यागी, गजेंद्र शर्मा, अवनीश यादव, मनोज मिश्रा, सचिन उपाध्याय, वीना द्विवेदी सहित सामाजिक चेतना मंच एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा नीम करौरी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# गुरु पूर्णिमा पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा व थानाध्यक्ष ने संभाली कमान सकुशल संपन्न हुआ गुरु पूर्णिमा स्नान**



**समाज जागरण**

बबराला गुरु पूर्णिमा के पर्व पर बुधवार सुबह से ही राजघाट गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुआ गंगा स्नान और पूजा-अर्चना का सिलसिला देर तक जारी रहा।चन्दौसी, बहजोई और आसपास के गांवों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों से भी हजारों श्रद्धालु यहां आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे।

सुबह से ही श्रद्धालुओं के हर-हर गंगे और जय मां गंगा के जयकारों से पूरा घाट गूंजता रहा। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और युवा सभी ने गंगा में स्नान कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर पूजा-पाठ, दान-पुण्य और गुरु वंदन भी किया।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। घाट पर गोताखोर,पुलिस को तैनात किया गया। घाट पर स्नानार्थियों पर लगातार नजर रखी गयी।

अधिकारियों के मुताबिक सुबह से ही श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही। जिसको लेकर प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

स्थानीय प्रशासन का कहना है कि भीड़ बढ़ने के बावजूद घाट पर व्यवस्था सुचारु बनी हुई है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं।

# हरियाली से खुशहाली का संदेश: किसान गोष्ठी में आधुनिक खेती, वृक्षारोपण और तकनीक अपनाने पर जोर



**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

नजीबाबाद, बिजनौर द आर्ट ऑफ लिविंग एवं भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के संयुक्त तत्वावधान में "हरियाली से खुशहाली" विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन चौधरी चरण सिंह सभागार, नजीबाबाद में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि विभाग की नवीन योजनाओं से अवगत कराना था।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि चौधरी दिगंबर सिंह रहे। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को खेती में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान, उनके वैज्ञानिक नियंत्रण तथा बेहतर उत्पादन के लिए अपनाई जाने वाली आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ लागत में भी कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम में डॉ. जगमोहन पोखरिया (सहायक निदेशक), श्री जयपाल शर्मा (संरक्षण अधिकारी/एपीपीओ), डॉ. किरण नेगी (सहायक संरक्षण अधिकारी), श्रीमती दिव्या भट्ट जोशी (सहायक पादप संरक्षण अधिकारी), आकांक्षा गौतम, सीओ नजीबाबाद, शैलेंद्र कुमार (एसडीएम, नजीबाबाद), संतोष यादव (तहसीलदार), कृषि अधिकारी (एडीओ) सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी।

अधिकारियों ने किसानों को कृषि विभाग के मोबाइल ऐप के बारे में भी बताया, जिसके माध्यम से किसान अपनी फसलों से संबंधित नवीनतम जानकारी, मौसम, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष रूप से वृक्षारोपण अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर ही हरियाली, समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

इस अवसर पर चौधरी बलराम सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही,सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, सुखजिंदर सिंह गोल्डी, भोपाल राठी, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, अरविंद राजपूत, मुकुल राजपूत,गजेंद्र सिंह, पवन कुमार, सफदर शेख, मनिंदर सिंह, शहाबुद्दीन राइन, अजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# क्षेत्र से गुजरने वाले कांवडतियों को किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होने दी जायेगी



**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। आगामी 30 जुलाई से आरंभ होने वाली श्रावण मास की कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर कमर कस ली है नजीबाबाद थाना क्षेत्र साहनपुर स्थित चौकी प्रभारी कुलवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ बैठक कर बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जायेगा तथा क्षेत्र से गुजरने वाले कांवडतियों को किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होने दी जायेगी। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कांवडतियों की सुरक्षा व सुविधा सहित सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई तथा साहनपुर चौकी के निकट कांवड़ियों की सुविधा के लिए एक टेंट की व्यवस्था भी की गई है गुजरने वाली कांवड यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जायेगा, कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की दुकानें भी बंद रहेंगी ,तथा किसी भी समस्या से निबटने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी उन्होंने बताया कि ऐसी व्यवस्था की गई है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर शिवभक्त कांवडतियों को किसी भी तरह की असुविधा व परेशानी न हो और पुलिस उनकी मदद के लिए तुरंत पहुंच सके उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से भी कांवड यात्रा पर नजर रखकर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जायेगा तथा कांवड़ यात्रा में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों को किसी भी हालत मे बख्शा नही जायेगा।

# 01 अगस्त से दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने हेतु विकास खंडवार होगा चिन्हांकन शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यालय जाने वाली एवं शिक्षण/प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 16 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की दिव्यांग छात्राओं को निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त विकास खंडों में चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र छात्राओं का चिन्हांकन एवं ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्राओं की उपस्थिति कराई जाए, जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विकास खंडवार चिन्हांकन शिविर प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 01 अगस्त को किरतपुर, 04 अगस्त को नजीबाबाद, 05 अगस्त को स्योहारा, 06 अगस्त को हल्दौर, 07 अगस्त को अफजलगढ़, 11 अगस्त को अल्हैपुर, 12 अगस्त को नूरपुर, 13 अगस्त को कोतवाली, 14 अगस्त को जलीलपुर, 18 अगस्त को नहटौर तथा 19 अगस्त को मोहम्मदपुर देवमल विकास खंड मुख्यालयों पर शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदिका को आय एवं मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी (दिव्यांग प्रमाण-पत्र) की छायाप्रति, दो नवीन पासपोर्ट आकार के फोटो, मोबाइल नंबर तथा संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा जारी अध्ययनरत/प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त पात्र दिव्यांग छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित चिन्हांकन शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें। साथ ही सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकतम पात्र छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने निर्देशित किया कि शिविरों में बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र छात्राओं को शिविरों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# मार्केट में मिला युवक का शव , शिनाख्त शिनाख्त नही, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**समाज जाागरण**

बबराला थाना व नगर में स्थित रेलवे स्टेशन के समीप मार्केट में बुधवार दोपहर 12 बजे के समीप एक युवक अचेत अवस्था में राहगीरों को दिखाई दिया तो हड़कंप मच गया। राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया बबराला पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया है बबराला थाना एसएसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त करने में लगे हुए हैं। विधिक कार्रवाई जारी है।

# अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के तत्वाधान मे गुजरात मे राष्ट्रीय अधिवेशन में हाशिम अहमद हुए सम्मानित





**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के तत्वावधान में गुजरात के गांधीनगर स्थित उमिया फाउंडेशन सभागार में आयोजित भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से हजारों पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर पत्रकारों की सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करने और पत्रकार उत्पीड़न के मामलों में लगातार संघर्ष करने पर उत्तर प्रदेश के बिजनौर के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद को स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अधिवेशन में गुजरात, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों से आए पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में गुजरात सरकार के कैबिनेट मंत्री कुंवर बावड़िया, राज्य मंत्री कांतिलाल अमरुतिया, विधायक धवल सिंह जाला, अरविंद पटेल, आम आदमी पार्टी गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष इशुदान गढ़वी, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सिंह सोलंकी, कांग्रेस प्रवक्ता मनोहर पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावाड़िया ने कहा कि वर्तमान समय में देशभर में पत्रकारों पर बढ़ते हमले और उत्पीड़न गंभीर चिंता का विषय हैं। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और समाज का आईना है, जो सरकार की बात जनता तक तथा जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की तथा इस अभियान में सत्ता और विपक्ष दोनों से सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय महासचिव महफूज खान, राकेश परिहार, दिलशाद खान, सुनील चौधरी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा, गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष मयूरदान गढ़वी, मनमोहन सिंह, रईस अहमद राजस्थान, सारंगढ़ के जिला अध्यक्ष नरेश चौहान तथा बिजनौर के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने पत्रकारों पर बढ़ रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग दोहराई।

अधिवेशन में मौजूद विभिन्न दलों के नेताओं ने भी पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को विधानसभा और लोकसभा के पटल पर उठाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन पर देशभर से आए पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मनीषा चौहान, किरण राजपूत बंगाल, बाबू लाल चौधरी सहित देश भर से पधारे हजारों की तादाद में पत्रकार शामिल रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, उमा महेश आश्रम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम निजामतपुर गंज स्थित उमा महेश आश्रम में आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण कर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।

भंडारे के मुख्य यजमान आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा की प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. यजुवेंद्र शर्मा एवं डॉ. अर्पित त्यागी रहे। भंडारे का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ, जो शाम 4 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान बीच-बीच में वर्षा होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और लोग लगातार आश्रम पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते रहे।

प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा ने बताया कि आश्रम में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य वाचन पीठाधीश्वर आत्मानंद ब्रह्मचारी महाराज द्वारा किया गया। कथा के दौरान स्नेही ब्रह्मचारी ने भी अपने प्रेरणादायक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। सात दिवसीय कथा के समापन पर आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस अवसर पर निजामतपुर, झालवाला, गंज, दारानगर, लखीवाला सहित आसपास के अनेक गांवों से हजारों श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में नमन कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। आश्रम परिसर में पूरे दिन भक्ति, सेवा और सद्भाव का वातावरण बना रहा। आयोजन की व्यवस्था में आश्रम से जुड़े सेवकों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुरु पूर्णिमा का यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आस्था, आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी संदेश देकर संपन्न हुआ।

# कांवड़ियों से संवाद कर जाना सुरक्षा व्यवस्था का हाल, शांतिपूर्ण यात्रा के लिए सख्ती के आदेश

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद सावन माह में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद ने थाना मंडावली क्षेत्र में लगाई गई कांवड़ ड्यूटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने तैनात पुलिस बल को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, भीड़ नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैदी बरतने और कांवड़ियों के साथ शालीन व्यवहार करने के निर्देश भी दिए।



इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों से सीधे संवाद भी किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनका फीडबैक लिया। कांवड़ियों ने पुलिस व्यवस्था पर संतोष जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और लगातार गश्त की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# गायत्री आश्रम में धूमधाम से हुआ गुरु पूजन कार्यक्रम

**गायत्री यज्ञ, भजन संकीर्तन, विचार गोष्ठी, गुरु पूजन के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा**

**समाज जागरण**

संभल।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री परिवार गायत्री महिला मंडल एवं अन्य अनेक सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा गुरु पूजन कार्यक्रम गयात्री सेवा आश्रम पर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम डॉक्टर नेपाल सिंह तथा सुरेश कुमार ने संगीत वध गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। कृष्ण कुमार एडवोकेट विनीत भारद्वाज सुषमा गुप्ता प्रवेश कुमार अग्रवाल राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि अनेक गायत्री परिजनों ने जगत जननी मां गायत्री को तथा गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को तथा वंदनीय माता भगवती शर्मा को समर्पित भजन सुनाएं।

आयोजित विचार गोष्ठी में सुमन लता शर्मा सुमन गुप्ता कुमुद गोयल धर्म सिंह अमित गुप्ता वैभव शर्मा ने गयात्री सेवा आश्रम की स्थापना आश्रम की वर्तमान स्थिति भविष्य के लिए व्यवस्थाएं अपेक्षाएं जगत जननी मां गायत्री के परम वैभव को नमन करते हुए गुरुदेव आचार्य पंडित श्री राम शर्मा के जीवन परिचय व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। आर्य समाज के प्रधान सुशील गुप्ता भगत जी ने कहा की अक्सर देखने में आता है की नवोदय गुरु अपने भक्त और ईश्वर के बीच में दीवार बनकर खड़े हो जाते हैं अपने ही नाम की जब तक कंठी माला फोटो पुस्तक देकर खुद को ही भगवान सिद्ध करते हैं ऐसे में शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक अखिल विश्व गायत्री परिवार के संचालक आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा अपने भक्त और भगवान के बीच द्वारा बनकर जिस प्रकार जब तक स्वदेशी योग प्राणायाम आयुर्वेद धर्मशास्त्र अध्ययन सहित अनेक विधाओं और विधाओं का ज्ञान समाज को भरोसा वह आज के समय में अतुलनीय है। विचार गोष्ठी उपरांत गायत्री परिजनों विशिष्ट अतिथियों सामाजिक जनों एवं सभी आमंत्रित आगंतुकों ने अपनी शुद्ध आय का अंश गुरुदेव आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा के चित्र के समक्ष अर्पित करके विधि विधान से वेद मित्रों के साथ पूजन किया कार्यक्रम के अंत में आरती गायन हुआ प्रसाद वितरण हुआ। गयात्री सेवा आश्रम में सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन कुकिंग आदि की कक्षाएं चलती हैं जिम विशेष स्थान प्राप्त कुमारी बबिता कुमारी प्रीति और कुमारी रूपाली को मुख्य अतिथियों ने उपहार देकर सम्मानित पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री आश्रम के वरिष्ठ सदस्य चौधरी जयपाल सिंह ने की संचालन गायत्री सेवा आश्रम की मुख्य संचालिका डॉ. सविता गर्ग ने किया

# ई-लॉटरी के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के लाभार्थियों का चयन



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना (नन्दबाबा दुग्ध मिशन) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद बिजनौर में पात्र लाभार्थियों का चयन आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत संपन्न कराया गया।

योजना के अंतर्गत जनपद से ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 239 आवेदन प्राप्त हुए थे। संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का परीक्षण किए जाने के उपरांत 154 आवेदन पात्र पाए गए। पात्र आवेदकों में से ई-लॉटरी के माध्यम से 28 लाभार्थियों का चयन किया गया, जिनमें 14 महिला एवं 14 पुरुष शामिल हैं। इस प्रकार योजना में महिला एवं पुरुष सहभागिता को समान महत्व प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, पशुपालकों की आय में वृद्धि करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। नन्दबाबा दुग्ध मिशन के माध्यम से चयनित लाभार्थियों को डेयरी व्यवसाय के विकास हेतु शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ई-लॉटरी की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं तकनीक आधारित रही, जिससे सभी पात्र आवेदकों को समान अवसर सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चयनित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे योजना का अधिकतम लाभ उठाकर अपने डेयरी व्यवसाय को सुदृढ़ करेंगे तथा जिले के दुग्ध उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी, नन्दबाबा दुग्ध मिशन श्री विजय सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी तथा चयन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फर्जी निकासी मामले में उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला, किसान को ब्याज सहित 1.45 लाख लौटाने और 30 हजार हजार्ना देने का आदेश

**समाज जागरण**

बहजोई । प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा (पाठकपुर) की गंभीर लापरवाही और सेवा में कमी सिद्ध; दोषी अधिकारियों के वेतन से रकम वसूलने की छूट। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सम्भल ने बैंक में हुए फजीवाड़े और सेवा में गंभीर लापरवाही के एक मामले में पीड़ित किसान के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। परिवादी (पीड़ित किसान) के विद्वान अधिवक्ता आयुष वार्ष्णेय एडवोकेट की प्रभावी बहसों, दस्तावेजी साक्ष्यों और मजबूत कानूनी पैरवी के आधार पर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष राम अचल यादव (एच.जे.एस.) तथा महिला सदस्य नमिता दुबे की पीठ ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, शाखा (पाठकपुर), जिला सम्भल पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है।क्या था पूरा मामला ?मामला ग्राम शेरूआ, तहसील चंदौसी (जनपद सम्भल) निवासी किसान रामकुंवर (उम्र 55 वर्ष) का है। किसान रामकुंवर का प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, शाखा (पाठकपुर, जिला सम्भल) में केसीसी (KCC) खाता संख्या 88098878634124 है। दिनांक 19 अप्रैल 2023 को बैंक के तत्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी विड्रॉल (डेबिट वाउचर) भरकर किसान के खाते से अनाधिकृत रूप से 1,45,000/- (एक लाख पैंतालीस हजार रुपये) निकाल लिए गए थे। जब किसान ने पासबुक एंट्री कराई तब उसे इस धोखाधड़ी का पता चला। बैंक प्रबंधन द्वारा टालमटोल करने और सुनवाई न करने पर पीड़ित किसान ने अधिवक्ता आयुष वार्ष्णेय (ऐड०) से संपर्क किया। साक्ष्यपीड़ित किसान की ओर से उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद संख्या 61/2025 प्रस्तुत किया। और न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि जिस डेबिट वाउचर से धनराशि निकाली गई, उस पर किसान के जाली हस्ताक्षर थे। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा के खाता ओपनिंग फॉर्म और फर्जी विड्रॉल फॉर्म के हस्ताक्षरों में भिन्नता को प्रमुखता से कोर्ट के सामने रखा। अधिवक्ता आयुष वार्ष्णेय की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने हस्ताक्षरों का मिलान किया तो पाया कि नग्न आंखों से देखने पर भी दोनों हस्ताक्षरों में स्पष्ट और व्यापक भिन्नता थी। अधिवक्ता आयुष वार्ष्णेय ने कोर्ट में यह



साबित कर दिया कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के वाउचर पासिंग अफसर व शाखा प्रबंधक ने मूल हस्ताक्षरों का मिलान किए बिना फर्जी वाउचर पास किया, जो कि बैंकिंग नियमों का उल्लंघन और सेवा में गंभीर लापरवाही है।उपभोक्ता आयोग का आदेशन्यायालय ने अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों व साक्ष्यों से सहमत होकर अंतिम फैसला सुनाते हुए आदेश दिया: मूल धनराशि व ब्याजः प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के चेयरमैन को आदेशित किया जाता है कि वे पीड़ित किसान के खाते से निकाले गए 1,45,000/- रुपये परिवाद दायर करने की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 2 माह के भीतर किसान के खाते में वापस जमा करें।मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्तिः बैंक परिवादी को 25,000/- रुपये मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के रूप में प्रदान करे।वाद व्ययः बैंक परिवादी को 5,000/- रुपये मुकदमा खर्च (वाद व्यय) के रूप में दे।दंडात्मक ब्याजः यदि दो माह की अवधि में भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक को 9 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देना होगा।दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाईः आयोग ने बैंक को यह छूट दी है कि अदा की गई सम्पूर्ण धनराशि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं वाउचर पासिंग ऑफिसर के वेतन से कटौती करके वसूल कर सकता है।पीड़ित किसान ने अदालत के इस फैसले और न्याय मिलने पर अपने अधिवक्ता आयुष वार्ष्णेय का आभार व्यक्त किया। एडवोकेट आयुष वार्ष्णेय ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह आदेश बैंक की मनमानी और लापरवाही के खिलाफ आम उपभोक्ताओं व किसानों के अधिकारों की बड़ी जीत है।

# बुध पूर्णिमा पर मीतली ग्राम में रविदास जयंती दीपोत्सव, मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन

### महाराज हरिओम को किया गया सम्मान, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**समाज जागरण बागपत।**



बुध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मीतली ग्राम में रविदास जयंती दीपोत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रविदास मंदिर पर दीप प्रज्वलन से हुआ। संत समाज के महाराज को संघ वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद क्षेत्र के विमल मंदिर और हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन-अर्चन किया गया और महाराज हरिओम जी को वस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। बुध पूर्णिमा के दिन मंदिर परिसरों में भजन-कीर्तन और प्रवचन हुए। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण रहा। स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर दीप जलाए और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर अभियान के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुनील दीक्षित, मनीष कुशवाहा, संजीव, मास्टर पाले, शशिकांत शर्मा, अनिल कुमार, सुधीर ठाकुर, हर्ष दीक्षित सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि रविदास जयंती और बुध पूर्णिमा जैसे पर्व हमें समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। संतों के आशीर्वाद से गांव में सुख-शांति और एकता बनी रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सभा के महामंत्री अनिल कुमार और अन्य पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# आदर्श पब्लिक स्कूल खेकड़ा में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**समाज जागरण बागपत।**




कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े श्रद्धा , सम्मान एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदना से किया गया। विद्यार्थियों ने संस्कृत के श्लोकों द्वारा गुरु वंदना की और श्लोकों का अर्थ भी समझाया। गुरु वंदना के बाद विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर , पुष्प अर्पित कर तथा उन्हें एक अनोखी भेंट देकर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा दी गई गुरुदक्षिणा की सभी ने प्रशंसा की, क्योंकि उन्होंने गुरुदक्षिणा में पौधारोपण किया और अपने शिक्षकों को प्रकृति के संरक्षण का वचन दिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों जैसे दक्षिका, रितिका, रुही , क्याशं, कौस्तुंभ, आलोक आदि ने गुरु के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण , कविताएं , भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व , चरित्र और भविष्य का निर्माण भी करते है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के आदर्शों का पालन करने तथा सदैव अनुशासन में रहने और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सारिका रस्तोगी, इंद्रेश शर्मा , ईशा यादव, आरजू ढाका , सरिता, अंजलि पंवार, दीपा शर्मा, दीपा चौहान, रेखा शर्मा, राधिका कौशिक, नीतू पांडे, दिया त्यागी, खुशी धामा, सुषमा, दीपक, बिना, तवरेज, दीपक आदि का सहयोग रहा।

# छपरौली में नवदंपति को 'आँखें' संस्था ने दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

### विवाह में पौधारोपण कर रामा तुलसी और चिड़ियाघर भेंट किया

**समाज जागरण**

छपरौली। सामाजिक संस्था 'आँखें' मीडिया सोशल नेटवर्क के पौधारोपण अभियान के तहत शनिवार को नवदंपति हर्ष जैन और निधि जैन को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया।समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय ने नवदंपति को आशीर्वाद देते हुए रामा तुलसी का पौधा और



चिड़ियाघर भेंट किया। उन्होंने कहा कि पवित्र अवसरों पर पौधारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।आर०आर०डी० उपाध्याय ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और खनन से प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति जागरूक होना जरूरी है। इस अवसर पर मोनू जैन, उज्जवल, अरिहन्त जैन, नेम चंद जैन, कुसुमलता जैन, ममता जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीन एक्सप्रेसवे पर सर्विस रोड बनाने को मिली मंजूरी

### नितिन गडकरी से मिले किसान नेताओं का प्रतिनिधिमंडल, भाकियू ने बताया संघर्ष की जीत

**समाज जागरण**



बागपत। दिल्ली - देहरादून ग्रीन एक्सप्रेसवे पर गांगनौली-दोघट मार्ग पर कट और जनसुविधाओं की मांग को लेकर बागपत के किसानों को बड़ी राहत मिली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाईवे के दोनों ओर सर्विस रोड के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मंत्री नितिन गडकरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, देश खाप चौधरी संजीव तोमर, वेदपाल उपाध्याय, बाबूराम तोमर, प्रकाश मास्टर, प्रमेन्द्र तोमर, ठाकुर प्रदीप सिंह, अशोक चौधरी मंडल अध्यक्ष सहारनपुर, जितेंद्र धामा, नितिन प्रधान, विपिन राणा, प्रभात तोमर और यतेंद्र तोमर शामिल रहे। भाकियू नेताओं ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता और किसान इस मार्ग पर कट और सर्विस रोड की मांग कर रहे थे। मंत्री ने उनकी मांगों को सुनने के बाद सर्विस रोड बनाने की हरी झंडी दे दी।भाकियू का कहना है कि यह निर्णय क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। इससे बागपत में आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा, किसानों को खेतों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और विकास की गति तेज होगी। संगठन ने क्षेत्रवासियों के सहयोग और एकजुटता के लिए आभार जताते हुए कहा कि किसान हित, जनहित और क्षेत्रहित के लिए संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# श्री शिव गुरुकुल में धूमधाम से मनाया गया व्यास पूर्णिमा महामहोत्सव

### यज्ञ-हवन के साथ गुरु-पूजन, विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार से किया वातावरण पवित्र

**समाज जागरण बड़ौत।**



नगर के छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर सोमवार को व्यास पूर्णिमा महामहोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ-हवन और पूजन के साथ हुआ। व्यास पूर्णिमा कार्यक्रम गुरुकुल के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम के सानिध्य में संपन्न हुआ। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने श्रीमुख से मंत्रोच्चार कर यज्ञ-हवन पूर्ण कराया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों ने यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर आचार्य संदीप गौतम ने कहा कि "गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुदेवो महेश्वरः। गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः"। गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर जीवन को प्रकाशमय बनाता है। गुरु का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है। हमें गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन सफल बनाना है। सभी अतिथियों ने पूजनीय आचार्य श्री वेद प्रकाश कौशिक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने कहा कि समाज और सनातन की एकता से ही हम कामयाब होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। कार्यक्रम में आचार्य कुंदन दीक्षित, विशिष्ट अतिथि रेनू पवार, सुदीप सांगवान, आचार्य दीपक गौतम, 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष भारद्वाज, नितिन गोस्वामी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आचार्य संदीप गौतम ने कार्यक्रम में पहुंचे विद्यार्थियों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। क्षेत्र से आए अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# नवनियुक्त एसडीएम बालकृष्ण सिंह का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

### कहा- जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील परिसर के सभागार में बुधवार को सिविल बार एसोसिएशन के तत्वावधान में नवनियुक्त एसडीएम बालकृष्ण सिंह का फूल मालाओं से




स्वागत किया गया। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम का अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसडीएम बालकृष्ण सिंह ने कहा कि तहसील परिसर में सभी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर काम किया जाएगा। क्षेत्र की जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। जो भी सम्मानित लोग कार्यालय आएंगे, उनकी बात सम्मानपूर्वक सुनकर निस्तारण किया जाएगा। विशेष रूप से किसानों की समस्याओं के निपटारे पर फोकस रहेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हरवीर सिंह, मोहित चौहान, हेमंत कुमार, वीरेंद्र चौहान, शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार, विनोद मान, सागर तोमर, भूप्रकाश, आनंदपाल तोमर सहित तहसील परिसर के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लखनऊ की पहली महिला पत्रकार मेहरू जाफर का गोवा में निधन , प्रेस क्लब और यूनियन ने जताया शोक

### सत्तर के दशक में पत्रकारिता की शुरूआत, समाजिक सरोकारों से भी जुड़ी थीं

**समाज जागरण लखनऊ।**



लखनऊ की पहली महिला पत्रकार और यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन का प्रमुख चेहरा रही मेहरू जाफर का गोवा में निधन हो गया। वह 70 के दशक के शुरू में पत्रकारिता में आई थीं। मेहरू जाफर सिर्फ पत्रकार ही नहीं थीं, बल्कि समाजिक सरोकारों से जुड़ी एक्टिविस्ट और कई पुस्तकों की लेखिका भी थीं। वर्ष 1978 में चित्रकूट में हुए आई.एफ.डब्ल्यू.जे. के सम्मेलन की वह प्रमुख आयोजकों में शामिल थीं। उनके निधन पर यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी और महामंत्री देवराज सिंह, आई.एफ.डब्ल्यू. जे. के अध्यक्ष गोपाल मिश्र एवं मंत्री विश्वदेव राव, यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह तथा यूनियन की लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि 1970 के दशक में जब लखनऊ में महिला पत्रकारिता की शुरूआत हुई तो मेहरू जाफर सबसे आगे थीं। उनके साथ ही सीमा मुस्तफा और ललिता सुब्राह्मण्यम ने भी इस क्षेत्र में कदम रखा था।पत्रकार जगत ने मेहरू जाफर को एक निर्भीक, संवेदनशील और संघर्षशील पत्रकार के रूप में याद किया है।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में हुआ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**



महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सागौन, बरगद, पीपल, जामुन, पिलखन, शहतूत, आम एवं तुलसी सहित अनेक औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र शर्मा एवं सचिन कुमार ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी का आभूषण हैं और इनके संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित एवं समृद्ध रह सकता है। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार आर्य (एडवोकेट) ने छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर छात्राओं में मोनिका, रिया, आयशा एवं सबा तथा छात्रों में साद, दीपांशु, राहुल, कार्तिक एवं अमर ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# रालोद पंचायती राज प्रकोष्ठ का सम्मेलन, गांव-गांव संगठन मजबूत करने पर जोर

**समाज जागरण बड़ौत।**

राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में बुधवार को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि जल्द गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा और जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल धामा ने



कहा कि प्रकोष्ठ का विस्तार बूथ स्तर तक किया जाएगा। वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह राणा ने कार्यकताओं से जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को कहा। राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठीना ने अजीत सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर संगठन विस्तार तेज गति से होगा। सम्मेलन में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु दक्षिणा पर्व पर निकली रथ यात्रा, शिष्यों ने की गुरु पूजा

### जगतगुरु तेजबीर सिंह खोखर ने कहा - गुरु कृपा के लिए कर्म सुधार जरूरी

**समाज जागरण**



दिल्ली। गुरु दक्षिणा पर्व पर रविवार को बाबा मोहनराम मंदिर दुगार्पुरी, शाहदरा में विश्व कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के बाद जगतगुरु डॉक्टर तेजबीर सिंह खोखर और गुरु माता सुषमा देवी को शिष्यों ने रथ पर बैठाकर यात्रा निकाली। गुरु निवास महाप्रभु महल से शुरू हुई यह यात्रा ढोल-नगाड़ों और 'गुरु कृपा, ईश्वर कृपा' के जयकारों के साथ बाबा मोहनराम मंदिर पहुंची। यहां शिष्यों ने गुरु-गुरु माता को वस्त्र और उपहार भेंट कर पूजा की और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगतगुरु डॉक्टर तेजबीर सिंह खोखर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजा सनातन धर्म की प्राचीन परंपरा है। सनातन में गुरु-शिष्य का संबंध सबसे पवित्र माना गया है। भारतीय संस्कृति में गुरु को माता-पिता और परमात्मा के समान स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि गुरु और ईश्वर की कृपा शिष्य के कर्मों से मिलती है। जो शिष्य बुरे कर्म नहीं छोड़ता, वह गुरु कृपा का पात्र नहीं बन सकता। इस अवसर पर इंदू खोखर, रश्मी खोखर, संतोष देवी, शिवराज सिंह, पंकज खोखर, राजा ब्रजवीर सिंह खोखर, आशीष चौधरी, सुभाष शर्मा, रामनिवास त्यागी, अशोक कुमार, हेमंत कुमार, आकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में गूंजा गुरु महिमा का संदेश

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने गुरु महिमा पर आधारित गीत, भाषण, नाटक और गुरु वंदना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ। इसके बाद बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के महत्व और भारतीय संस्कृति में उनके सर्वोच्च स्थान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल ने कहा कि गुरु ही शिष्य के जीवन का सच्चा मार्गदर्शक होता है। गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है और जीवन में सही दिशा प्रदान करता है।प्रधानाचार्या कुमारी रंजना मित्तल ने कहा कि गुरुजनों द्वारा दिए गए ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन को जीवन में अपनाकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों और माता-पिता का सदैव सम्मान करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

### आचार्य आश्रम* में धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ भंडारा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सतना 'आषाढ़ मास की पूर्णिमा को हर वर्ष गुरु पूजन का पर्व, गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है। इस पूर्णिमा तिथि पर गुरु की पूजा की जाती है। धार्मिक दृष्टि से इसका बड़ा ही महत्व है। इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन कई शुभ योग भी बने हैं। गुरु के बनि न तो जीवन की सार्थकता है और न ही ज्ञान प्राप्ति संभव है। जसि तरह हमारी प्रथम गुरु मां हमें जीवन देती हैं और सांसारकि मूल्यों से हमारा परचिय कराती हैं, ठीक उसी तरह ज्ञान और भगवान की



प्राप्ति का मार्ग केवल एक गुरु ही दखिा सकता है। यानी क‍ि गुरु के बनि‍ा कुछ भी संभव नहीं है। सनातन संस्कृति में गुरु को देवता तुल्य माना गया है। गुरु को हमेशा से ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान पूज्य माना गया है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सतना जिले के चित्रकूट स्थित आचार्य आश्रम में राजगुरु बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज के शिष्यों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान सम्पादित किया गया। गुरु महाराज के शिष्यों ने गुरु जी की पूजा अर्चना करने के साथ पुष्प अर्पित किए। वही काफी संख्या में एकत्रित शिष्यों ने गुरु वंदना कर आरती उतारी। ज्ञात हो कि आचार्य आश्रम चित्रकूट के पुजारी के द्वारा गुरु पूजन व धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।इस दौरान विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें गुरु शिष्यों के अलावा श्रद्धलुओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। गुरु पूर्णिमा के मौके पर समूचे जिले में गुरु पूजन के साथ मंदिरों व धार्मिक स्थलों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान शिष्यों द्वारा संपादित किया गया इस दौरान शिष्यों ने गुरूवंदना कर गुरुदेव जी से आशीर्वाद लिया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, पति समेत कई पर आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न, मारपीट और हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।बुधवार को मोहल्ला मौलानान निवासी सुमायला पुत्री हारून ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि आठ माह पूर्व उसका विवाह मोहल्ले के ही एक युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के शुरूआती कुछ दिन सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा।पीड़िता का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और ससुराल पक्ष के अन्य

सदस्य भी उसका साथ देते हैं। आरोप है अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व अन्य परिजनों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की,और उसकी हत्या का प्रयास किया और घर से निकाल दिया।पीड़िता ने पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में पीड़ित विवाहिता को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की जांच से शुरू कर दी है।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटी समेत तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति और उनकी आठ वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपी-112 पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुधवार को बागपत जनपद के गांव कुताना निवासी जितेंद्र अपनी पत्नी रेनू और आठ वर्षीय पुत्री यशिका के साथ बाइक से शामली स्थित रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल यूपी-112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नगर के सरकारी अस्पताल मैं उपचार के लिए भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनो की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस तलाश में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# योग प्रशिक्षकों का किया सम्मान।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में अटल पार्क में योग प्रशिक्षकों का सम्मान कबीर की ये वाणी "सब धरती कागज करूं,लेखनी सब बनराय,सात समुद्र की मसि करूं,गुरु गुण लिखा न जाय" को याद करते हुए



योग साधकों ने अपने योग प्रशिक्षक गुरुओं का सम्मान किया

अटल पार्क फिरोजाबाद में प्रभात बेला में निरंतर 5 वर्षों से चल रहे निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में योग साधकों के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने योग गुरुओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक एवं प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार,धर्मेंद्र वर्मा, वीरेश यादव, प्रदीप कुमार वासलस आदि को सम्मान व प्रतीक चिन्ह,शॉल आदि उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया।

सम्मान करने वालों में राजेश यादव,धनीराम गौतम दरोगा जी,ओमप्रकाश सविता, रामरूप बघेल,अवधेश राठौर,विजय गुप्ता,रणवीर सिंह यादव (पूर्व प्रधानाचार्य) रामप्रताप सिंह, हेमलता कुशवाहा,नीरजा यादव,निशा गुप्ता, प्रियंकागुप्ता,पुष्पा आदि शामिल रहे।

# गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा विभिन्न मठ-मंदिरों में साधु-संतों एवं गुरुजनों का किया गया सम्मान।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद के महानगर जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर जी के नेतृत्व में महानगर के विभिन्न क्षेत्रों के मठों, मंदिरों एवं आश्रमों में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर साधु-संतों एवं गुरुजनों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. सतीश दिवाकर जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही हमें ज्ञान, संस्कार, सत्य, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। भारतीय जनता पार्टी सदैव भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रही है।

**प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहे—**

- माँ राजेश्वरी कैला देवी मंदिर में महानगर जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर जी एवं महापौर श्रीमती कामिनी राठौर जी ने पूज्य साधु-संतों एवं गुरुजनों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



- प्राचीन बड़े हनुमान जी मंदिर में सदर विधायक श्री मनीष असीजा जी ने पूज्य गुरुजनों एवं संत-महात्माओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।
- ऑर्किड ग्रीन स्थित मंदिर पर श्री नानक चंद अग्रवाल ने पंडित जी का सम्मान किया।
- शनि देव मंदिर में श्री राकेश शंखवार जी ने साधु-संतों एवं गुरुजनों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर महानगर महामंत्री आनंद अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, प्रमोद पाल बघेल, महानगर कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता (कालू), महानगर मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष अंकित तिवारी, राजेश झा, नमन बंसल, कैलाश ओझा, अनुपम शर्मा, प्रमोद राजोरिया, हरिओम वर्मा, मुकुल दिवाकर, मनीष राठौर, गौतम कुशवाहा, अमन मिश्रा, अशोक राठौर, हिमांशु शर्मा, अभिषेक मित्तल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त महानगर के विभिन्न मठों, मंदिरों एवं आश्रमों में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में पहुँचकर साधु-संतों एवं गुरुजनों का सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दोहराते हुए गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा महानगर फिरोजाबाद द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह सम्मान अभियान श्रद्धा, आस्था एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण रहा।

# 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अब 15 अगस्त तक करें रजिस्ट्रेशन:- अश्वनी जैन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 में रजिस्ट्रेशन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि इसमें ऑनलाइन पोर्टल पर अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराकर उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा बढ़ाकर 15 अगस्त कर दिया गया है। इसका मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे दो वर्ग जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक https://n-csc.in/ भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें।

# विश्व ओआरएस दिवसः दस्त से बचाव को मेडिकल कॉलेज में चला जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक से दिया स्वास्थ्य का संदेश

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद के 100 शैय्या चिकित्सालय में बुधवार को विश्व ओआरएस दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल रोग विभाग एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने डायरिया से बचाव के लिए ओआरएस और जिंक के महत्व की जानकारी दी।




प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) योगेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एल.के. गुप्ता ने बताया कि डायरिया के दौरान शरीर में पानी और लवण की कमी को पूरा करने के लिए ओआरएस सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि दस्त शुरू होते ही ओआरएस देना चाहिए और घोल को एक लीटर साफ या उबले-ठंडे पानी में तैयार कर 24 घंटे के भीतर उपयोग करना चाहिए।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए "दस्त से घबराएं नहीं, ओआरएस अपनाएं–हर जीवन बचाएं" का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान पीएसआई (Population Services International) की ओर से ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर लगाकर लोगों को इनके सही उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नवीन जैन, चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक, नर्सिंग संकाय एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दबोचा गया नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी, पैर में लगी गोली।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस ने नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी को मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है।



पुलिस के अनुसार, नयावांस निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर 27 जुलाई को थाना नारखी में नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ के आरोप में वीरेश उर्फ वीरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया।

मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बेंदी की पुलिया के पास घेराबंदी की। पुलिस का कहना है कि घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगर में चातुर्मास कलश स्थापना धार्मिक कार्यक्रम के साथ हुई।

## धार्मिक कार्य में बाहर से आए श्रद्धालुओं ने भी लिए कलश।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। श्री इंद्र.विशुद्ध.विद्य वषायोग समिति के तत्वावधान में रामेश्वरम रिजॉर्ट स्टेशन रोड पर मंगलवार को आचार्य श्री 108 इंद्रनंदी महाराज एवं पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न 105 विशुद्धमति माताजी के सान्निध्य में भव्य चातुर्मास कलश स्थापना समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम सुबह पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंड.बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कार्यक्रम स्थल पहुँची। दोपहर में आयोजित समारोह में मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन,गुरु पूजन,शास्त्र एवं वस्त्र भेंट तथा चातुर्मास कलश स्थापना के धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। शिकोहाबाद के साथ.साथ विभिन्न नगरों से आए श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धापूर्वक चातुर्मास कलश स्थापित कर धर्मलाभ प्राप्त किया। महिलाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर इंद्रध्वज जैन,अनिल जैन,सुनील जैन,अरुण जैन,अमित जैन,अवनेश जैन,प्रिंस जैन, ज्ञानेंद्र जैन, गौरव जैन,राहुल जैन,सौरभ जैन,सर्वज्ञ जैन सहित जैन युवा मंच, जैन महिला मंच एवं सकल दिगंबर जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रावण माह को लेकर मोहनलालगंज में पीस कमेटी की बैठक, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। श्रावण माह के शुभारंभ को लेकर मोहनलालगंज पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में एसीपी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता कर आगामी श्रावण माह के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की।बैठक को संबोधित करते हुए एसीपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि श्रावण माह आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसे सभी लोगों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि सभी वर्गों के बीच विश्वास और समन्वय कायम रखना भी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं और आस्थाओं का सम्मान करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें।एसीपी राजेश कुमार सिंह ने विशेष रूप से सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक या भड़काऊ संदेश प्रसारित






कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे संदेशों को न तो आगे बढ़ाएं और न ही उन पर विश्वास करें। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अफवाह की जानकारी मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने, धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी। श्रावण माह के दौरान प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों, कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि श्रावण माह के दौरान क्षेत्र में शांति, भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।बैठक में नगर पंचायत मोहनलालगंज कर्मचारी अंकित पाण्डेय एवं गौरव शुक्ला क्षेत्र पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा स्थानीय गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु तथा पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा का टीजीटी हिंदी में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां के वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश मिश्रा का उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा-2022 में हिंदी विषय के सहायक अध्यापक (इंटर कॉलेज) पद पर चयन हुआ है। उनके चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।



मुकेश मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय पिता एवं काशीश्वर इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बी.के. मिश्र, माता, बड़े भाई मनोज मिश्र, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने बताया कि हिंदी संसार ऑनलाइन, प्रयागराज के निदेशक डॉ. अशोक स्वामी के मार्गदर्शन में तैयारी कर उन्होंने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उनके आवास पर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, एसीपी रजनीश वर्मा, निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय, प्रधानाचार्य डॉ. रितेश मिश्र, डॉ. रामराजन द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, प्रधान अभय दीक्षित समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों, पत्रकारों व शिक्षकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# श्रावण मास को लेकर निगोहां थाने में पीस कमेटी की हुई बैठक

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ। श्रावण मास के दौरान धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार दोपहर निगोहां थाना परिसर में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार कनोजिया की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।बैठक के दौरान श्रावण मास में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, कांवड़ यात्रा, मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ तथा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराया जाए तथा



कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाए।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार कनोजिया ने कहा कि निगोहां पुलिस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रावण मास के दौरान पुलिस प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क निगाह रखेगी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर विश्वास न करने तथा ऐसी किसी भी सूचना की सत्यता जांचने के बाद ही उसे साझा करने की अपील की।उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अप्रिय स्थिति की जानकारी मिले तो तत्काल निगोहां पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द कायम रखा जा सकता है।बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि श्रावण मास के दौरान सभी धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में वे पूरा सहयोग देंगे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में श्रावण मास के दौरान क्षेत्र में शांति, भाईचारा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लेते हुए पुलिस-प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने भी लोगों को भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# पानी से भरी बाल्टी में डूबने से 6 माह के मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण लखनऊ संवाददाता**

लखनऊ के PGI थाना क्षेत्र स्थित सतगुरुपुरम कॉलोनी में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खेल रहे 6 माह के मासूम शिवांश, पुत्र कुलदीप, की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, कुछ देर तक बच्चे के नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान मासूम पानी से भरी बाल्टी में अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि इलाके में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# दिनदहाड़े लूट की सूचना से मचा हड़कंप, पुलिस ने बताया मामला संदिग्ध

## महिला पर हमला,कर 15 लाख के जेवरात लूटने का दावा; फॉरेंसिक व क्राइम टीम जांच में जुटी

**समाज जागरण लखनऊ संवाददाता**

लखनऊ पीजीआई थाना क्षेत्र की एल्डिको चौकी अंतर्गत वृंदावन योजना सेक्टर-1बी में बुधवार दोपहर डकैती की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। घर में अकेली महिला पर हमला कर करीब 15 लाख रुपये के जेवरात लूटे जाने का दावा किया गया। हालांकि पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बताते हुए सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, वृंदावन योजना सेक्टर-1बी स्थित किराए के मकान में रहने वाली पायल मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा बुधवार दोपहर घर में अकेली थीं। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग घर में घुस आए और अलमारी में रखे जेवरात समेटने लगे। विरोध करने पर महिला के सिर पर हमला किया गया, जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गईं। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। बताया गया कि पीड़िता के पति आशीष मिश्रा भवन निर्माण कार्य के ठेकेदार हैं, जबकि उनके ससुर लक्ष्मीकांत मिश्रा ओपी चौधरी अस्पताल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं।



सूचना पर एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव, पीजीआई थाना पुलिस तथा एल्डिको चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक और क्राइम टीम को भी बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है।

स्थानीय लोगों और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को प्रथम दृष्टया संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अधिकांश जेवर घर से ही बरामद कर लिए गए हैं, जबकि शेष मामले की जांच जारी है। फॉरेंसिक एवं क्राइम टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मोहनलालगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई गुरु पूर्णिमा, पुजारियों का किया सम्मान

**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मोहनलालगंज मंडल के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर गुरु वंदन किया। इस दौरान सनातन संस्कृति का निर्वहन करते हुए मंदिरों में मौजूद पुजारियों और गुरुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को सही दिशा दिखाने में गुरुओं और पुजारियों का योगदान अतुलनीय है। इसी भावना के साथ आज गुरु पूर्णिमा पर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी, मंडल उपाध्यक्ष महेश शुक्ला, उपाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा और सेक्टर संयोजक योगेश बाजपेई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ रामलाल राही, सह मीडिया प्रभारी विजय चंद तिवारी और वरिष्ठ पत्रकार मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन मौजूद रहे नेताओं ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति और समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है।



कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में शांति व विकास की प्रार्थना की।

# पुश्तैनी जमीन पर कब्जे का आरोप, राजस्व व्यवस्था पर उठे सवाल

**1974 से कब्जे का दावा, कई प्रशासनिक व न्यायिक आदेश पक्ष में आने के बावजूद बेदखली की कोशिश; निष्पक्ष जांच की मांग**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। जिले के ठाकुरगंज प्रखंड से सामने आया एक भूमि विवाद अब केवल दो पक्षों के बीच का मामला नहीं रह गया है, बल्कि राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली और भूमि प्रबंधन व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि वर्षों से उनके कब्जे वाली पुश्तैनी एवं खतियानी भूमि को कथित फर्जी दस्तावेजों और संदिग्ध राजस्व प्रक्रियाओं के सहारे विवादित बनाने तथा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।



ठाकुरगंज निवासी जैनुद्दीन उर्फ कोठी का दावा है कि वर्ष 1974 से संबंधित भूमि पर उनके परिवार का वैध कब्जा है। उक्त भूमि पर उनका मकान, गोदाम तथा चारदीवारी बनी हुई है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से डुप्लिकेट एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्वामित्व का दावा किया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार, इस विवाद को लेकर उन्होंने वर्षों तक कानूनी लड़ाई लड़ी है। उनका कहना है कि जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, धारा 144 की कार्यवाही सहित अन्य प्रशासनिक एवं न्यायिक मंचों से उन्हें राहत मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद विवाद समाप्त नहीं हुआ और उन्हें लगातार बेदखल करने की कोशिश की जा रही है।

जैनुद्दीन का आरोप है कि विरोधी पक्ष ने गलत तरीके से भूमि की रसीद कटवाने तथा राजस्व अभिलेखों में परिवर्तन कराने का प्रयास किया। उनका सवाल है कि जब विरोधी पक्ष वैध स्वामित्व का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका, तब राजस्व अभिलेखों में बदलाव की प्रक्रिया किस आधार पर आगे बढ़ी और इसकी जिम्मेदारी किसकी है?

पीड़ित ने स्थानीय राजस्व प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि जांच के दौरान उनके दस्तावेजों और आपत्तियों पर निष्पक्षता से विचार नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि जांच पारदर्शी और निष्पक्ष होती तो वर्षों पुराना यह विवाद अब तक समाप्त हो चुका होता।

मामले ने एक और बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कानून के जानकारों के अनुसार निजी संपत्ति के विवाद में किसी भी सरकारी कर्मी को कानून से परे जाकर किसी पक्ष को कब्जा दिलाने या बलपूर्वक हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। भूमि विवादों का समाधान केवल सक्षम न्यायालय अथवा अधिकृत राजस्व प्राधिकार के आदेशों के अनुरूप ही होना चाहिए। इसके बावजूद यदि कोई अधिकारी अपनी वैधानिक सीमा से बाहर जाकर कार्रवाई करता है तो ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच आवश्यक हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि विवादों के कारण आम नागरिक वर्षों तक कोर्ट-कचहरी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन मामलों का समयबद्ध समाधान राजस्व प्रशासन की निष्पक्ष कार्रवाई से संभव है, उनका निपटारा वर्षों तक लंबित क्यों रखा जाता है? यदि राजस्व अभिलेखों की पारदर्शी जांच हो और जिम्मेदारी तय की जाए तो ऐसे अधिकांश विवाद प्रारंभिक स्तर पर ही समाप्त हो सकते हैं।

पीड़ित ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एवं वरिष्ठ अधिकारी से कराने, सभी राजस्व अभिलेखों, रसीदों तथा संबंधित दस्तावेजों की फोरेंसिक एवं प्रशासनिक जांच कराने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता या मिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# डीएम ने प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और पारदर्शी कार्यशैली के दिए निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने बुधवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान किशनगंज प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर कार्यालयों में संचालित कार्यों, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई, समयबद्ध सेवा वितरण तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की।



निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य निष्पादन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा कार्यशैली में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, कार्यालय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि आम नागरिकों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित स्कूल ड्रेस सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया तथा बुनियाद केंद्र की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक (स्इक) द्वारा संचालित आरसेटी (फ्रएळक) प्रशिक्षण संस्थान का दौरा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों से संवाद किया और उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार, अंचलाधिकारी राहुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सहयोग पोर्टल पर फर्जी निस्तारण का आरोप, मुख्यमंत्री से उच्चस्तरीय जांच की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। बिहार सरकार के सहयोग पोर्टल की शिकायत निवारण प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत) ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संस्था का आरोप है कि जिले में कई जन शिकायतों का बिना वास्तविक जांच और समाधान के ही पोर्टल पर "Resolved" दिखा दिया गया, जिससे शिकायत निवारण व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।


सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत)
Seemanchal Seva Foundation (REG)

संस्था के संस्थापक हसीबुर रहमान द्वारा भेजे गए आवेदन में कहा गया है कि शिकायतकताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किए बिना ही फाइलें बंद कर दी जा रही हैं। कई मामलों में न तो जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया और न ही यह स्पष्ट किया गया कि शिकायत के निस्तारण के लिए किस अधिकारी ने क्या कार्रवाई की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि यह व्यवस्था आम लोगों के साथ अन्याय है और सरकारी शिकायत निवारण प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर कर रही है।

संस्था ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किशनगंज जिले में सहयोग पोर्टल पर निस्तारित शिकायतों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में बिना वास्तविक समाधान के किसी भी शिकायत को निस्तारित दिखाने पर रोक लगाने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए। आवेदन के साथ कई शिकायत संख्या भी संलग्न कर जांच की मांग की गई है।

# संदिग्ध हालात में हॉस्टल में नर्स का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। शहर के मोइनुद्दीनपुर वार्ड संख्या-1 स्थित एक हॉस्टल के कमरे में बुधवार को एक नर्स का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गंजरिया निवासी तजल्ली खातून (पिताझ्र मोहम्मद कलीम) के रूप में हुई है। वह शहर के पश्चिम पाली स्थित रेडिएंट हॉस्पिटल में नर्स के पद पर कार्यरत थीं और मोइनुद्दीनपुर में इरशाद आलम के हॉस्टल में किराये पर रहती थीं।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और मृतका के परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

मृतका के परिजनों ने आत्महत्या की संभावना से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तजल्ली की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। परिजनों ने रेडिएंट हॉस्पिटल के कुछ कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है।

### मौत से पहले किया था सोशल मीडिया पोस्ट

स्थानीय लोगों और परिजनों के अनुसार, घटना से कुछ समय पहले तजल्ली खातून ने अपने फेसबुक अकाउंट पर सामान्य और खुशमिजाज अंदाज में एक स्टेटस पोस्ट किया था। इसके बाद अचानक हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्य और जांच के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। अभी तक हत्या या आत्महत्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# अवैध नर्सिंग होम पर बड़ा एक्शन, 6 क्लिनिक सील, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को शहर के छह अवैध संस्थानों को सील कर दिया। सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेश (ज्ञापांक-2624, दिनांक 28 जुलाई 2026) के आलोक में स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आफताब आलम ने किया। अभियान के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह राजस्व अधिकारी गंगा राम टुडू, अनुमंडल कार्यालय के कार्यपालक दंडाधिकारी ललन कुमार चौधरी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों का निरीक्षण किया।



जांच के दौरान छह नर्सिंग होम ऐसे पाए गए, जो बिना वैध निबंधन, आवश्यक लाइसेंस और स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित मानकों का पालन किए संचालित हो रहे थे। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सभी छह संस्थानों को सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बिना पंजीकरण और निर्धारित मानकों के संचालित अस्पताल, नर्सिंग होम और क्लिनिकों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों ने संचालकों को स्वास्थ्य विभाग के सभी नियमों का पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

इस कार्रवाई के बाद जिले में अवैध रूप से स्वास्थ्य सेवाएं चला रहे संचालकों के बीच हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि उपचार के लिए केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त अस्पतालों और नर्सिंग होम का ही चयन करें।

# टेढ़े-मेढ़े पैर से अब नहीं रुकेगा बचपन, आरबीएसके ने राफिया को दिखाई नई राह

**क्लबफुट पीड़ित राफिया नाज को बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच, भागलपुर भेजा गया, समय पर उपचार से सामान्य जीवन की उम्मीद**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जुलाई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत जन्मजात शारीरिक विकृतियों से पीड़ित बच्चों को समय पर पहचान कर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में किशनगंज स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में क्लबफुट (टेढ़े-मेढ़े पैर) से पीड़ित बच्ची राफिया नाज को सदर अस्पताल, किशनगंज से विशेषज्ञ उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जेएलएनएमसीएच), भागलपुर भेजा गया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जाएगा।

क्लबफुट जन्म के समय होने वाली एक ऐसी विकृति है, जिसमें बच्चे का पैर सामान्य स्थिति में न होकर अंदर या नीचे की ओर मुड़ा रहता है। यदि समय रहते इसका इलाज नहीं कराया जाए तो आगे चलकर बच्चे को चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समय पर पहचान, उचित उपचार और नियमित फॉलोअप से अधिकांश बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं।



### आरबीएसके की स्क्रीनिंग से होती है समय पर पहचान

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच करती हैं। इस दौरान जन्मजात विकृतियां, हृदय रोग, दृष्टि दोष, कुपोषण सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर बच्चों को आवश्यक उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जाता है। क्लबफुट के मामलों में भी परिवार को चिकित्सकीय परामर्श देकर उपचार की पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

### विशेषज्ञ इलाज के लिए भागलपुर रेफर

राफिया नाज में क्लबफुट की पुष्टि होने के बाद आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी कर उसे बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच, भागलपुर रेफर किया गया। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी बच्चे का इलाज आर्थिक या सामाजिक कारणों से प्रभावित न हो तथा उपचार के बाद नियमित फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाए।

### समय पर इलाज से संवर सकता है भविष्य

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि बच्चों में जन्मजात विकृतियों की समय पर पहचान और उपचार बेहद आवश्यक है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि जन्म के समय बच्चे में किसी प्रकार की शारीरिक विकृति दिखाई दे तो उसे नजरअंदाज न करें और तत्काल आरबीएसके टीम या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### हर जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचे इलाज

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि आरबीएसके का उद्देश्य केवल बीमारी की पहचान करना नहीं, बल्कि चिन्हित बच्चों को उचित स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाकर उनके उपचार में हर संभव सहयोग देना भी है। उन्होंने कहा कि क्लबफुट जैसी जन्मजात विकृतियों में जितनी जल्दी इलाज शुरू होता है, बच्चे के पूरी तरह स्वस्थ होने की संभावना उतनी अधिक रहती है।

# "पुनपुन नदी बचाओ - शहर बचाओ" अभियान नबीनगर में निकाली गई जागरूकता रैली

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों को बचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत नबीनगर द्वारा बुधवार को "पुनपुन नदी बचाओ झ्र शहर बचाओ" जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका सिंह कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती ने किया। अभियान में नगर पंचायत की टीम के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने पूरे नगर क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को नदी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे पुनपुन नदी में कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक न फेंकें,जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएं,नदी एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाय।अध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि "पुनपुन नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार है। इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि आज हम जागरूक होंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ नदी और स्वस्थ पर्यावरण मिल सकेगा। अभियान के दौरान झ्रनदी स्वच्छ होगी, तभी शहर सुरक्षित और समृद्ध होगा....पुनपुन बचेगी, तो नबीनगर बचेगा....,जन-जन का यही है नारा, पुनपुन नदी है सबकी धारा....।आओ मिलकर हाथ बढ़ाएं, स्वच्छ, सुंदर नबीनगर बनाएं....जैसे नारा गूंजा। इस दौरान नगर पंचायत ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर पुनपुन नदी को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।




# कुटुंबा पुलिस की कार्रवाई, दो अलग-अलग कांडों के 3 नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे 3 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पहला मामला - थाना कांड संख्या 55/26 में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न




मामलों के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त सत्येंद्र सिंह पिता कैलाश सिंह और रणविजय सिंह पिता चलीतर सिंह दोनों निवासी ग्राम चिरैयाटांड, थाना कुटुंबा, जिला औरंगाबाद है। वहीं दूसरा मामला - थाना कांड संख्या 90/26के मामले में पुलिस ने अनुज सिंह पिता राजेंद्र सिंह, निवासी ग्राम खपिया, थाना कुटुंबा, जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया।तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# सोन नहर में डूबे किशोर का शव बरामद फेसर थाना क्षेत्र से

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार)बीते दिन सोन नहर में डूबे एक किशोर का शव आज बरामद कर लिया गया है।जानकारी के अनुसार किशोर नरारी कला खुर्द



थाना क्षेत्र के कंचनपुर के समीप कैनाल में नहाने के दौरान डूब गया था। घटना के बाद से ही स्थानीय गोताखोरों और पुलिस द्वारा तलाश अभियान चलाया जा रहा था।आज बुधवार को किशोर का शव सिमरा कैनाल से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या मामले में नबीनगर पुलिस की कार्रवाई 2 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने कांड संख्या 15/24 के हत्या




मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने महुवरी गांव निवासी श्रीकेश चौहान और लाल बाबू चौहान को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में आगे की पूछताछ कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 42 दिनों में मिला 9 लाख का बीमा क्लेम, इंश्योरेंस कंपनी ने दिखाई तत्परता

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)एक निजी इंश्योरेंस कंपनी की नवीनगर शाखा ने त्वरित सेवा की मिसाल पेश करते हुए मात्र 42 दिनों के भीतर 9 लाख का बीमा क्लेम निपटाकर मृतक के परिजनों को आर्थिक राहत दी। मामले में डेहरी



थाना क्षेत्र के ग्राम भड़कुड़िया, पोस्ट धौडाढ़ निवासी पिंस कुमार, पिता धीरेंद्र सिंह का अप्रैल 2026 में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उन्होंने जून 2025 में 9 लाख सम एश्योर्ड का जीवन बीमा कराया था।परिजनों ने 15 जून 2026 को क्लेम के लिए आवेदन किया। सभी दस्तावेजों की जांच के बाद कंपनी ने 27 जुलाई 2026 को क्लेम का सफल निपटारा कर दिया।क्लेम स्वीकृत होने पर डॉ. विशाल सिंह, नीरज कुमार, अजय कुमार एवं शैलेन्द्र कुमार ने मृतक की पत्नी एकता कुमारी को 9 लाख का चेक सौंपा और संवेदना व्यक्त की।स्थानीय लोगों ने बीमा कंपनी की पारदर्शी और त्वरित क्लेम प्रक्रिया की सराहना की।

# 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत डुमरिया में 368 विद्यार्थियों को मिली साइकिल, विधायक संजीव सरदार ने कहा- शिक्षा ही विकास की मजबूत नींव

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

डुमरिया झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी 'उन्नति का पहिया' साइकिल वितरण योजना के तहत बुधवार को डुमरिया प्रखंड मुख्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पोटका विधायक संजीव सरदार ने छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान कर किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत डुमरिया प्रखंड के कक्षा आठ के कुल 368 छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला।




इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी। उन्होंने कहा कि कई छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई प्रभावित होती है। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का समय बचेगा, उनकी विद्यालय तक पहुंच आसान होगी और वे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि 'उन्नति का पहिया' केवल साइकिल वितरण की योजना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार का उद्देश्य आर्थिक और भौगोलिक कारणों से किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज, राज्य और देश के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और झारखंड का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं और उनकी सफलता से ही राज्य का भविष्य मजबूत होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई योजनाएं संचालित कर रही है। साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है, ताकि ड्रॉपआउट की समस्या कम हो और बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रह सके।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलेश कुमार मुर्मू, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मनीष बारी, जिला परिषद सदस्य पार्वती मुंडा, प्रखंड प्रमुख गंगामनी हांसदा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, भगत हांसदा, रामदास हेमब्रम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लाभुक विद्यार्थियों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। विद्यार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी और वे पहले से अधिक नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

# डॉ. राजेंद्र सिंह को सीजीपीसी ने किया सम्मानित, निशुल्क चिकित्सा सेवा के लिए मिला विशेष सम्मान

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) द्वारा संचालित श्री गुरु रामदास भलाई केंद्र ओपीडी में पिछले एक वर्ष से निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे शहर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राजेंद्र सिंह को बुधवार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से श्री गुरु अर्जन देव जी की स्मृति में निर्मित स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर उन्हें उनके समाजसेवी योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह का आयोजन श्री गुरु रामदास भलाई केंद्र परिसर में किया गया, जहां सीजीपीसी के पदाधिकारियों ने डॉ. राजेंद्र सिंह की निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों को बिना किसी शुल्क के स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अत्यंत प्रेरणादायी कार्य है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने पिछले एक वर्ष से नियमित रूप से अपनी सेवाएं देकर मानव सेवा की मिसाल प्रस्तुत की है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद मरीज लाभान्वित हुए हैं।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. राजेंद्र सिंह ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीजीपीसी केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कमेटी द्वारा संचालित श्री गुरु रामदास भलाई केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यहां जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि समाज की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और भविष्य में भी वे इसी तरह निःस्वार्थ भाव से अपनी चिकित्सीय सेवाएं देते रहेंगे। उन्होंने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों का सम्मान करना संस्था का दायित्व है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र सिंह जैसे चिकित्सकों की सेवाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में समाज के अन्य लोग भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएंगे।

कार्यक्रम में सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह राजू, महासचिव गुरु चरण सिंह बिल्ला, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, मुख्य सलाहकार हरविंदर सिंह मंटू, अजीत सिंह गंभीर, सुखदेव सिंह बिट्ठू, सुरेंद्र सिंह शिंदे, जयमल सिंह, सरबजीत सिंह ग्रेवाल, विक्की सिंह सहित कमेटी के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. राजेंद्र सिंह को सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं निरंतर समाज सेवा की कामना की।

# जे.आर.डी. टाटा की जयंती पर भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी ने दी श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर भारत रत्न एवं महान उद्योगपति, दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता जहांगीर रतनजी दादाभाई (जे.आर.डी.) टाटा की जयंती के अवसर पर बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलवंत सिंह बंटी ने जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मॉर्निंग वॉक करने वाले अनेक नागरिक भी उपस्थित रहे और सभी ने महान उद्योगपति को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि जे.आर.डी. टाटा केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता भी थे। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को नई दिशा देने के साथ-साथ श्रमिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, अनुसंधान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्रों में भी अमूल्य योगदान दिया। उनके नेतृत्व में उद्योगों का विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के समग्र विकास को भी नई गति मिली।

उन्होंने कहा कि जे.आर.डी. टाटा की ईमानदारी, अनुशासन, उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की सोच आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता रहेगा।

कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि जमशेदपुर की पहचान, औद्योगिक विकास और सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने में जे.आर.डी. टाटा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने उद्योगों के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व दिया, जिसके कारण आज भी उनका नाम पूरे देश में सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जे.आर.डी. टाटा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नियमित मॉर्निंग वॉकरों ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंटू सिंह, हरि किशोर तिवारी, सुररंजन राय, महेश अग्रवाल, निर्मल सिंह, अजय भलोटिया, शरणदीप सिंह, राजू सहित बड़ी संख्या में मॉर्निंग वॉकर उपस्थित थे। सभी ने जे.आर.डी. टाटा के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# मेयर सुधा गुप्ता की अपील पर महिला कांग्रेस ने वापस लिया आंदोलन, सरयू राय विवाद पर फिलहाल लगा विराम

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा मेयर सुधा गुप्ता को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में महिला कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मेयर सुधा गुप्ता की अपील के बाद महिला कांग्रेस ने अपना आंदोलन वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ ही पिछले कुछ दिनों से चल रहे इस राजनीतिक विवाद का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है।



महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नलिनी सिन्हा ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि धरना कार्यक्रम के दौरान विधायक सरयू राय द्वारा की गई टिप्पणी केवल मेयर सुधा गुप्ता के खिलाफ नहीं थी, बल्कि यह महिला नेतृत्व और समाज की सभी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली थी। उन्होंने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन जनप्रतिनिधि से इस प्रकार की भाषा और टिप्पणी की अपेक्षा नहीं की जाती। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी और महिलाओं के सम्मान से जुड़े विषयों पर मयार्दा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

नलिनी सिन्हा ने बताया कि महिला कांग्रेस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और राष्ट्रीय महिला आयोग तक ले जाने की तैयारी कर चुकी थी। इसके साथ ही पूरे जमशेदपुर में जनजागरण अभियान चलाने और विरोध-प्रदर्शन आयोजित करने की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई थी। संगठन का मानना था कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े किसी भी मुद्दे पर समझौता नहीं किया जा सकता।

हालांकि, इस बीच मेयर सुधा गुप्ता ने स्वयं हस्तक्षेप करते हुए महिला कांग्रेस नेताओं से आंदोलन वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय वरिष्ठ नेता हैं और उनके प्रति सम्मान का भाव रखा जाना चाहिए। मेयर ने यह भी कहा कि संभव है संबंधित टिप्पणी अनजाने में हुई हो और इसे अधिक तूल देने के बजाय यहीं समाप्त कर देना बेहतर होगा। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए विवाद को आगे नहीं बढ़ाने का अनुरोध किया।

मेयर सुधा गुप्ता की इस भावनात्मक अपील का सम्मान करते हुए महिला कांग्रेस ने अपना प्रस्तावित आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में महिलाओं के सम्मान और गरिमा को लेकर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी। महिला कांग्रेस ने विधायक सरयू राय से अपेक्षा जताई कि वे आगे सार्वजनिक मंचों पर ऐसी टिप्पणियों से बचेंगे और महिलाओं के सम्मान का पूरा ध्यान रखेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान महिला कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि हाल ही में आयोजित धरना कार्यक्रम के दौरान मेयर सुधा गुप्ता स्वयं धरना स्थल पर पहुंची थीं। उन्होंने विधायक सरयू राय का अभिवादन किया, उन्हें प्रणाम किया तथा धरना में मौजूद लोगों के लिए पानी और लड्डू की व्यवस्था भी कराई। महिला कांग्रेस ने इसे राजनीतिक शालीनता, संस्कार और लोकतांत्रिक मयार्दा का उदाहरण बताते हुए कहा कि मतभेदों के बावजूद सम्मानजनक व्यवहार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा। यदि भविष्य में किसी भी महिला जनप्रतिनिधि या आम महिला के सम्मान पर आंच आती है तो महिला कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाएगी। फिलहाल, मेयर सुधा गुप्ता की पहल और अपील को देखते हुए संगठन ने विवाद को समाप्त मानते हुए आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया है।

प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नलिनी सिन्हा के अलावा शिल्पी चक्रवर्ती, कल्पना सेन, अपर्णा गुहा, रजनी बंसल, रीता शर्मा, श्रबनी भट्टाचार्य, सुनीता तिर्की, कंचन देवी सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थीं। उन्होंने एक स्वर में कहा कि राजनीतिक जीवन में संवाद, संयम और परस्पर सम्मान की भावना लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और सभी जनप्रतिनिधियों को इसका पालन करना चाहिए।

# नीमडीह में अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 500 सीएफटी गिट्टी लदा हाइवा जब्त

**समाज जागरण, संवाददाता**

उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध निरंतर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को नीमडीह थाना क्षेत्र में अंचलाधिकारी, नीमडीह अभय कुमार द्विवेदी एवं थाना प्रभारी दिलसन बिरुआ के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी अभियान संचालित किया गया।



छापेमारी के दौरान लगभग 500 सीएफटी अवैध पत्थर (गिट्टी) लदा एक हाइवा जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में वाहन पर खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर नीमडीह थाना को अग्रेतर विधिक कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

उपायुक्त, सरायकेला खरसावां नितिश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज नियमावली एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि अवैध खनिज परिवहन अथवा खनन की सूचना संबंधित प्रशासनिक अथवा पुलिस पदाधिकारियों को उपलब्ध कराकर अभियान में सहयोग करें।

# रोजगार की तलाश में गया मजदूर सड़क हादसे का शिकार, परिवार में मचा कोहराम

### पुरुलिया के विभीषण महतो की हैदराबाद में मौत, स्थानीय लोगों ने रोजगार के मुद्दे पर सरकार से उठाए सवाल

**समाज जागरण, संवाददाता**

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेकड़े गांव निवासी 40 वर्षीय विभीषण महतो की हैदराबाद में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार, विभीषण महतो रोजी-रोटी कमाने के लिए हैदराबाद में मजदूरी करते थे। बताया गया कि काम से लौटने के दौरान वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तेलंगाना सरकार के उस्मानिया जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया।अस्पताल के चिकित्सीय विवरण के अनुसार, दुर्घटना के बाद विभीषण महतो को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। उनके दोनों कानों और नाक से रक्तस्राव हो रहा था तथा पैर में गहरा घाव था। हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने इंट्यूबेशन कर उन्हें जीवनरक्षक उपचार दिया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का कहना है कि परिवार का सहारा छिन गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस घटना को प्रवासी मजदूरों की मजबूरी से जोड़ते हुए कहा कि यदि राज्य में पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध होते, तो बड़ी संख्या में लोगों को रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ता। स्थानीय लोगों ने सरकार से रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से लोगों को नहीं गुजरना पड़े।



# पटना सिटी में युवक ने फंदे से लटककर दी जान, पुलिस कर रही जांच

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आगा हुसैन की चौराहा मोहल्ले में एक 38 वर्षीय युवक ने पंखे के हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन चौधरी के पुत्र सुजीत चौधरी उर्फ अंकित राज के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और मोहल्ले में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुजीत चौधरी ने मंगलवार की रात अपने मकान की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में इस खौफनाक कदम को अंजाम दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक के परिवार में उसकी पत्नी संगीता और एक बच्चा है। घटना की सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज (एनएमसीएच) भेज दिया है। आत्महत्या के पीछे के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच-पड़ताल से यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था और शायद नशे की हालत में ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। पुलिस हर संभावित बिंदु और पारिवारिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर मामले की गहराई से जांच कर रही है, ताकि मौत की असल वजह सामने आ सके।

# पटना में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था के लिए देर रात सड़कों पर उतरीं सिटी एसपी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त बनाए रखने के लिए पटना पुलिस अब पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के सख्त निर्देशों के आलोक में देर रात की पुलिस गश्ती और वाहन चेकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने विशेष कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी के तहत 28-29 जुलाई की मध्य रात्रि को नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य), ममता कल्याणी ने शहर के कई संवेदनशील और महत्वपूर्ण इलाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर तैनात विभिन्न गश्ती दलों, पुलिस चौकियों और चेक पोस्टों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। औचक निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने मौके पर मुस्तैद पुलिस अधिकारियों और जवानों की कार्यशैली व उनकी तैनाती का जायजा लिया। उन्होंने कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि रात्रि गश्ती के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को रात के समय गश्त को और अधिक नियमित, अत्यधिक सतर्क और परिणाम-मूलक बनाने के सख्त निर्देश दिए, ताकि आम नागरिक खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर सकें। पटना पुलिस का कहना है कि शहर के भीतर शांति और सद्भाव का माहौल बनाए रखने, सक्रिय अपराधियों पर नकेल कसने तथा आम जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षणों का सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस के इस अचानक और कड़े रुख से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जा रही है।

# 37 लाख की लागत से छह तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक सबिता महतो ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण, संवाददाता**

कुकड़ू : सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को लेकर बुधवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में करीब 37 लाख रुपये की लागत से छह तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत उद्घाटन किया।




तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन पारगामा, महलीडीह, बैरासी, बारालापांग, कुकड़ू और मुड़ाडीह गांव में किया गया। इस दौरान विधायक सबिता महतो ने कहा कि तालाबों के जीर्णोद्धार से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि तालाबों के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।


विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ जल स्रोतों का संरक्षण भी जरूरी है। सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है।

मौके पर जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना करते हुए क्षेत्र के अन्य जर्जर तालाबों का भी जीर्णोद्धार कराने की मांग रखी।

# पटना में जेपी गंगा पथ पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई चालक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के प्रमुख मार्ग जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। दीघा गोलंबर से गायघाट की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप डिवाइडर को तोड़ते हुए बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर तेज धमाके जैसी आवाज गूंज उठी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना जेपी गंगा पथ पर स्थित एलसीटी घाट के ठीक सामने हुई। इस दर्दनाक हादसे में पिकअप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत सूझबूझ दिखाई और घायल चालक को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार और बेहतर इलाज के लिए तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गनीमत यह रही कि जिस समय यह अनियंत्रित पिकअप डिवाइडर से टकराई, उस वक्त विपरीत दिशा से कोई अन्य बड़ा वाहन नहीं गुजर रहा था। यदि सामने से कोई वाहन आ रहा होता, तो टक्कर इतनी भयानक थी कि एक बहुत बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।




घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन या अन्य माध्यमों से सड़क के बीच से हटवाया, जिससे जेपी गंगा पथ पर बाधित हुआ यातायात सुचारू रूप से चालू हो सका। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पिकअप की रफ्तार इतनी तेज क्यों थी और अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से कैसे छूटा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बरतराई शराब दुकान पर गंभीर सवाल : गांव - गांव पैकारी , स्कूल - मंदिर तक पहुंची शराब ! प्रिंट रेट से अधिक वसूली के आरोप, आबकारी और पुलिस की कार्यप्रणाली कटघरे में

**समाज जागरण अनूपपुर।**
जिले के थाना राजनगर अंतर्गत संचालित अंग्रेजी शराब दुकान बरतराई एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते चर्चा में है क्षेत्रीय ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकान के ठेकेदार संदीप जायसवाल के प्रबंधक धीरज गुप्ता द्वारा कथित रूप से अपने लोगों के माध्यम से गांव-गांव अवैध शराब की पैकारी कराई जा रही है इससे न केवल आबकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों का सामाजिक वातावरण भी तेजी से दूषित होता जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि नियमानुसार शराब की बिक्री केवल लाइसेंसी दुकान से ही की जा सकती है, लेकिन इसके विपरीत भलवाही, बानीखाड़, निमहा, टीमकी टोला, फुलकोना, आमांडांड सहित चौहान ढाबा के आसपास और सैकड़ों गांवों में कथित रूप से अवैध तरीके से



शराब पहुंचाई जा रही है। आरोप है कि सुबह से ही ठेकेदार के लोग बोरियों में शराब भरकर चार पहिया और दो पहिया वाहनों से गांवों तक सप्लाई करते हैं

शिकायतकर्ता राकेश मिश्रा उर्फ चरकू ने बताया कि बरतराई अंग्रेजी शराब दुकान से बाकायदा सुबह से ही भगवान दास केवट मामू आमांडॉड मंदिर के पास रंजीत जैसवाल दरोगा गुप्ता मीरा कंपलेक्स चौहान टंकी के बगल से जीवन लाल केवट दुर्गेश केवट फुलवारी टोला खोडरी में राजू के अलावा सैकड़ो लोगों द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जा रही है वह अभी खुलेआम उच्च अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की गई है सबसे गंभीर आरोप यह है कि शराब की बिक्री स्कूलों, मंदिरों के आसपास, किराना दुकानों और रिहायशी इलाकों तक में की जा रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह न केवल आबकारी अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों और युवाओं के भविष्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण नशाखोरी तेजी से बढ़ रही है और सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है।

ग्राहकों का यह भी आरोप है कि शराब की बिक्री निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर की जा रही है। नियमों के अनुसार उपभोक्ता से बोतल पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक राशि नहीं ली जा सकती, लेकिन कथित तौर पर खुलेआम अतिरिक्त वसूली की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे मामले की शिकायत कई बार आबकारी विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है। मीडिया में भी इस संबंध में खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। यही कारण है कि लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर किसके संरक्षण में यह कथित अवैध कारोबार संचालित हो रहा है ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध पैकारी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा यदि प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूले जाने और अवैध बिक्री के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए

# रिचा गैस एजेंसी की वितरण व्यवस्था पर सवाल, गोदाम के बाहर सिलेंडर बिक्री और गैस कटिंग के आरोप

बुकिंग के बाद भी उपभोक्ता परेशान, कम वजन के सिलेंडर मिलने की शिकायत; औचक जांच की उठी मांग

**समाज जागरण**

बुढ़ार। रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर बुढ़ार क्षेत्र में उपभोक्ताओं की नाराजगी बढ़ती जा रही है। रिचा गैस एजेंसी की वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि समय पर होम डिलीवरी नहीं मिल रही, जबकि गोदाम के आसपास सिलेंडरों की कथित खरीद-बिक्री जारी है।

सबसे गंभीर शिकायत सिलेंडरों से कथित रूप से गैस निकालने यानी गैस कटिंग को लेकर है। स्थानीय उपभोक्ताओं और सूत्रों का दावा है कि कुछ सिलेंडरों से उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले 2 से 3 किलो तक गैस निकाल ली जाती है। इसी कारण कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर सामान्य अवधि से काफी पहले खत्म हो जाता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उपभोक्ताओं ने डिलीवरी के दौरान वजन जांचने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सिलेंडर देते समय वजन की जांच सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि कम गैस मिलने की शिकायतों पर अंकुश लगाया जा सके।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से गैस गोदाम, स्टॉक एवं डिलीवरी रिकॉर्ड तथा वितरण वाहनों की औचक जांच कराने की मांग की है। साथ ही यदि जांच में गैस

कटिंग, कालाबाजारी अथवा अन्य अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

अब सवाल यह है कि बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर क्यों नहीं मिल रहे और कम वजन की शिकायतों की हकीकत क्या है? प्रशासनिक जांच से ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बारिश के बीच अतिक्रमण कार्रवाई पर भड़के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष तौहीद खान, नगरपालिका घेराव की दी चेतावनी

गरीब फुटकर विक्रेताओं को परेशान करने का आरोप, प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं होने के उठाए सवाल

**समाज जागरण**
अनूपपुर, 29 जुलाई। अनूपपुर नगरपालिका क्षेत्र में बारिश के दौरान चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी तौहीद खान ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को

पत्र सौंपकर बारिश के मौसम में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में उन्होंने नगरपालिका कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है।

तौहीद खान ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि नगरपालिका द्वारा भारी बारिश के बीच फुटकर विक्रेताओं और छोटे दुकानदारों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस कार्रवाई को जनविरोधी बताते हुए नगरपालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

बारिश से बचने के लिए लगाए तिरपाल और टीन शेड भी हटाने का आरोप पत्र में कहा गया है कि बारिश के मौसम में फुटकर विक्रेता धूप और पानी से बचाव के लिए अपनी दुकानों एवं ठेलों के आसपास तिरपाल और पन्नियां लगाते हैं, जिन्हें अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान हटाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बारिश और धूप से बचाव के लिए लगाए गए टीन शेड को भी कथित तौर पर 12 से 15 फीट की ऊंचाई से उखाड़ दिया गया।

तौहीद खान ने आरोप लगाया कि कार्रवाई में गरीब और छोटे कारोबारियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जबकि गरीब फुटकर विक्रेताओं के ठेले तक जब्त किए जा रहे हैं। कार्रवाई नहीं रुकी तो नगरपालिका कार्यालय का घेराव पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोकी जाए और फुटकर विक्रेताओं को राहत दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नगरपालिका प्रशासन ने बारिश के दौरान चल रही कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई तो नगरपालिका कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। फिलहाल इस मामले में नगरपालिका प्रशासन का पक्ष सामने आना शेष है। प्रशासन का पक्ष मिलने पर समाचार को उसके अनुसार अद्यतन किया जा सकता है।

# एबीवीपी की शिकायत पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: बीईओ सरिता जैन प्रभार से पृथक, छात्राओं की राशि दो दिन में लौटाने के निर्देश

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पाली का मामला, छात्राओं के खातों में आई व्यक्तिगत सामग्री की राशि एकत्र करने का आरोप; जांच के बाद प्रशासन ने उठाया कदम

**समाज जागरण**

उमरिया। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पाली में छात्राओं से जुड़ी राशि और अन्य कथित अनियमितताओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला उमरिया द्वारा उठाए गए मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। एबीवीपी ने इसे छात्रहित में किए गए अपने आंदोलन और शिकायत की बड़ी जीत बताते हुए प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य) जिला उमरिया द्वारा 27 जुलाई 2026 को जारी आदेश क्रमांक क्र./ सामा.स्था./ 2 026 /3354 के तहत श्रीमती सरिता जैन, तत्कालीन प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल गोरईया, को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पाली के अतिरिक्त प्रभार से तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया गया है। आगामी व्यवस्था तक बीईओ पाली का अतिरिक्त प्रभार क्षेत्र संयोजक श्रीमती रीता पटेल को सौंपा गया है। छात्राओं की राशि को लेकर जांच में सामने आया मामला एबीवीपी की विज्ञप्ति में बताया गया कि कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य उमरिया द्वारा जारी आदेश क्रमांक क्र./ सा.स्था./ 2026-27/ 3358, दिनांक 27 जुलाई 2026 के अनुसार सत्र 2025-26 में छात्राओं के बैंक खातों में व्यक्तिगत सामग्री खरीदने के लिए राशि अंतरित की गई थी। विज्ञप्ति के मुताबिक जांच में सामने आया कि उक्त राशि कथित रूप से श्रीमती सरिता जैन द्वारा छात्राओं से एकत्र कर ली गई थी। प्रशासन ने इसे शासन के नियमों के विपरीत मानते हुए एकत्र की गई संपूर्ण राशि छात्राओं को वापस करने के निर्देश दिए हैं। दो दिन में राशि लौटाने का निर्देश मामले में प्रशासन ने निर्देश दिया है कि छात्राओं से एकत्र की गई राशि दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से वापस की जाए। राशि वापस करने के बाद छात्राओं से प्राप्त पावती भी वरिष्ठ कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। एबीवीपी का दावा है कि संगठन ने आरटीआई में कथित भ्रामक जानकारी दिए जाने, छात्राओं की राशि और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मुद्दों को साक्ष्यों के साथ प्रशासन के सामने रखा था। इसके बाद मामले की जांच और प्रशासनिक कार्रवाई हुई। एबीवीपी ने बताया छात्रहित की जीत एबीवीपी जिला संयोजक आकाश तिवारी ने कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का यह कदम छात्रहित में बड़ा और सकारात्मक संदेश है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद शिक्षा परिसरों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ तथा छात्र-छात्राओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्रहित से जुड़े मामलों में प्रशासन इसी तरह निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई करेगा। एबीवीपी ने पूरे घटनाक्रम को अपने लगातार संघर्ष और छात्रहित में उठाई गई आवाज की महत्वपूर्ण जीत बताया है।

# पाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई जुंआ खेलते 10 लोग रंगे हाथों गिरफ्तार

**समाज जागरण**
उमरिया। पाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जुंआ खेल रहे 10 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से दांव पर लगे रुपये और जुंआ के सामान भी जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पाली में बीती रात कुछ लोगों के रुपये के दांव पर जुंआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान मौके से 10 लोग जुंआ खेलते पकड़े गए। पकड़े गए लोगों में साकेत सोनी पिता स्व. भागवत प्रसाद सोनी उम्र 30 साल निवासी वार्ड नं. 11 पाली, घनश्याम नामदेव पिता रमेश नामदेव उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 10 झिरिया मोहल्ला पाली, अलीम अली उर्फ पिन्टू पिता मुस्ताक अली उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं. 10 झिरिया मोहल्ला पाली, आनंद देव मरावी पिता स्व. राधे श्याम मरावी उम्र 48 साल निवासी वार्ड नं. 07 उपाध्याय मोहल्ला पाली, देवानंद




महोबिया पिता स्व. राममिलन महोबिया उम्र 50 साल निवासी वार्ड नं. 02 कचौरा मोहल्ला पाली, जितेन्द्र कुमार लखेर पिता रज्जन प्रसाद लखेर उम्र 32 साल निवासी वार्ड नं. 12 बाबूलाईन पाली, रवि कुमार जयसवाल पिता स्व. छोटेलाल जयसवाल उम्र 42 साल निवासी वार्ड नं. 06 विश्वकर्मा मोहल्ला पाली, कईम अहमद पिता स्व. नईम अहमद उम्र 36 साल निवासी वार्ड नं. 08 मस्जिद मोहल्ला पाली, कृष्ण कुमार गुप्ता पिता स्व. मिठाईलाल गुप्ता उम्र 42 साल निवासी वार्ड नं. 07 उपाध्याय मोहल्ला पाली और प्रदीप रजक पिता स्व. प्रेमलाल रजक उम्र 46 साल निवासी वार्ड नं. 10 झिरिया मोहल्ला पाली शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पाली पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में

अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और जुंआ-सट्टा जैसी गतिविधियों में लिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को सराहते हुए कहा कि ऐसी दबिश से समाज में सकारात्मक संदेश गया है।

# श्री करौली शंकर महादेव धाम में जगद्गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण; महामंडलेश्वर करौली शंकर दास महाराज ने किया प्राण-प्रतिष्ठान

**समाज जागरण**

अनूपपुर- सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना के प्रमुख केंद्र 'श्री करौली शंकर महादेव धाम' में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य अनुष्ठान संपन्न हुआ।

धाम परिसर में आद्य जगद्गुरु भगवान शंकराचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण एवं शास्त्रीय विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर दास जी महाराज के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अलौकिक क्षण का साक्षी बनने और गुरु दीक्षा व ध्यान-साधना शिविर में भाग लेने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचे।



ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार का संदेश वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान के बाद साधकों को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवान शंकराचार्य जी सनातन धर्म के पुनरुद्धारक और अद्वैत वेदांत के मुख्य ध्वजवाहक हैं। उनकी प्रतिमा स्थापना का मुख्य उद्देश्य साधकों में ज्ञान, विवेक और आत्म-साक्षात्कार की भावना को पुनर्जाग्रत करना है। वैदिक आरोग्य और 'करौली सरकार' का मूल दर्शन कानपुर स्थित यह धाम आज वैदिक चिकित्सा और आध्यात्मिक आरोग्य का प्रमुख केंद्र बन चुका है। महामंडलेश्वर श्री करौली शंकर दास जी (करौली सरकार) की विचारधारा पारंपरिक भक्ति को आधुनिक जीवन शैली के साथ जोड़ती है। स्मृति प्रक्षालन सिद्धांतः उनका मानना है कि मनुष्य के अधिकांश मानसिक,शारीरिक और पारिवारिक कष्टों का कारण उसके भीतर जमा नकारात्मक स्मृतियां (Memories) हैं,जिन्हें वैदिक हवन और साधना द्वारा दूर किया जा सकता है। अद्वैत व स्व-जागरणः ईश्वर मनुष्य के भीतर ही विद्यमान है। ध्यान और साधना के माध्यम से हर व्यक्ति अपनी सोई हुई चेतना को जगा सकता है। सनातन का व्यावहारिक रूपः वे सनातन को केवल कर्मकांड न मानकर जीवन जीने की शैली और 'आरोग्य विज्ञान' मानते हैं।

विशाल महाप्रसाद के साथ समापन पूर्णिमा पर्व पर आयोजित यह आयोजन केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक रहा। समारोह का समापन विशाल भंडारे और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादम ग्रहण किया। उक्ताशय की जानकारी करौली शंकर महादेव धाम से जुड़ी दीक्षित भक्त हनी चौरसिया एवं राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दी।

# सोन नदी के तट पर आस्था का सैलाबः हनुमत आश्रम पोंडी एवं छपरौड आश्रम में गुरु पूर्णिमा की दिव्य छटा

विशाल हनुमान प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध पोंडी आश्रम में उमड़े श्रद्धालु, गुरु पूजन - वंदना के साथ भव्य भंडारा; छपरौड आश्रम में भी गूंजे जय गुरुदेव के जयकारे

**समाज जागरण**
उमरिया। गुरु-शिष्य की सनातन परंपरा को समर्पित गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमत आश्रम पोंडी एवं छपरौड आश्रम बुधवार को श्रद्धा, भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर रहे। दोनों आश्रमों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों, नगरों और महानगरों से पहुंचे भक्तों ने गुरु पूजन कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, भजन-कीर्तन और जय गुरुदेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सोन नदी के किनारे बसा पोंडी आश्रम, विशाल हनुमान प्रतिमा है आस्था का केंद्र

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सोन नदी के सुरम्य तट पर स्थित श्री हनुमत आश्रम पोंडी क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था केंद्रों में विशेष स्थान रखता है। यहां स्थापित भगवान हनुमान की विशाल एवं भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण और अगाध आस्था का प्रमुख केंद्र है। दूर-दूर से श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन और पूजन के लिए यहां पहुंचते हैं।




स्थानीय श्रद्धालुओं की गहरी मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ भगवान हनुमान के दरबार में की गई प्रार्थना और मनोकामना पूर्ण होती है। मनोकामना पूरी होने पर अनेक श्रद्धालु पुनः आश्रम पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन-पूजन करते हैं और प्रसाद अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। सोन नदी का शांत प्रवाह, प्राकृतिक वातावरण और विशाल हनुमान प्रतिमा आश्रम की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाती है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस पवित्र स्थल की छटा और भी अनुपम दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने पहले भगवान हनुमान के दर्शन किए और इसके बाद गुरु पूजन में शामिल होकर पूज्य त्र्यंबक शरण जी महाराज का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्प, फल, वस्त्र और नारियल अर्पित कर भक्तों ने सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

छपरौड आश्रम में संतशरण जी महाराज के दर्शन को उमड़े भक्त

छपरौड आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने पूज्य संतशरण जी महाराज के दर्शन एवं पूजन कर गुरु चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

दोनों आश्रमों में मंदिरों और संत निवासों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। शंख और घंटियों की मधुर ध्वनि के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गुरु जीवन को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले पथ-प्रदर्शक

इस अवसर पर आचार्य ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु पूजन भारतीय संस्कृति की अत्यंत प्राचीन और पवित्र परंपरा है। गुरु मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु का स्मरण जीवन में शांति, सद्बुद्धि, संस्कार और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल पूजन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि गुरु द्वारा बताए गए सत्य, सेवा, संयम, सदाचार और धर्म के मार्ग को जीवन में आत्मसात करना ही वास्तविक गुरु दक्षिणा है। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर आश्रमों में विशाल भोजन प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा और हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

आश्रम से जुड़े स्वयंसेवक भोजन वितरण, जल सेवा, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था और मार्गदर्शन में लगातार जुटे रहे। पूरे आयोजन में सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

करीब तीन दशक से चली आ रही गुरु पूर्णिमा की परंपरा

आश्रम आचार्य के अनुसार विगत लगभग तीस वर्षों से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु दर्शन, पूजन और आशीर्वाद के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात विशाल भंडारे के साथ महोत्सव संपन्न होता है। गुरु पूर्णिमा के इस आयोजन ने एक बार फिर गुरु-शिष्य परंपरा, संत संस्कृति और सेवा की भावना को जीवंत किया। विशेष रूप से सोन नदी के तट पर स्थित पोंडी के प्रसिद्ध हनुमत आश्रम में विशाल हनुमान प्रतिमा के सान्निध्य में आयोजित गुरु पूजन ने श्रद्धालुओं को भक्ति और अध्यात्म की अनूठी अनुभूति कराई।

# विकास शुल्क के खिलाफ लामबंद हुए रहवासी, जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठने लगे सवाल

आठ कॉलोनियों के नागरिकों ने शुरू की रणनीति, उचित मंचों पर उठाया जाएगा मामला; चुनावी वादों को लेकर भी जताई नाराजगी

**समाज जागरण**

धनपुरी। नगर पालिका परिषद धनपुरी क्षेत्र की आठ कॉलोनियों में विकास शुल्क अधिरोपित किए जाने संबंधी अंतिम प्रकाशन जारी होने के बाद प्रभावित कॉलोनियों के रहवासी विरोध की तैयारी में जुट गए हैं। अभी किसी प्रकार की शुल्क वसूली शुरू नहीं हुई है, लेकिन रहवासी इस निर्णय के खिलाफ एकजुट होकर कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर लड़ाई लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि वर्षों पहले उन्होंने वैध तरीके से भूखंड खरीदकर अपने घर बनाए। यदि कॉलोनियों के विकास में किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है तो उसकी जिम्मेदारी तय होना चाहिए, लेकिन उसका आर्थिक बोझ आम नागरिकों पर डालना उचित नहीं है। इस पूरे मामले में लोगों का गुस्सा केवल प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष और परिषद की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रभावित नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका परिषद का दायित्व जनता के हितों की रक्षा करना है। यदि विकास शुल्क का मामला हजारों परिवारों को प्रभावित करता है तो परिषद को खुलकर जनता के पक्ष में खड़ा होना चाहिए और शासन-प्रशासन के समक्ष उनका पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। रहवासियों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि घर-घर जाकर विकास, सुविधाओं और जनता के हितों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं तथा हर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद जब जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की स्थिति बनती है तो वही जनप्रतिनिधि मौन दिखाई देते हैं। लोगों का कहना है कि अब समय केवल आश्वासन का नहीं, बल्कि जनता के पक्ष में ठोस पहल करने का है। प्रभावित नागरिकों ने बताया कि वे सभी आठ कॉलोनियों के रहवासियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही सामूहिक बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति तय की जाएगी तथा मामले को सक्षम न्यायिक एवं प्रशासनिक फोरम पर उठाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर जनप्रतिनिधियों से भी सार्वजनिक रूप से उनका पक्ष स्पष्ट करने की

मांग की जाएगी।रहवासियों का कहना है कि उन्होंने जीवनभर की कमाई लगाकर अपने आशियाने बनाए हैं। ऐसे में किसी भी निर्णय से पहले आम नागरिकों की परिस्थितियों और हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उनका मानना है कि यदि दोष किसी और का है तो उसकी सजा निर्दोष परिवारों को नहीं मिलनी चाहिए।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**समाज जागरण**
अमलाई ।श्रीमती अर्चना अजय यादव जी (नगर कांग्रेस अध्यक्ष बरगवां अमलाई) के निवास में श्याम कुमार गुड्डू चौहान (अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर) , रमेश कुमार सिंह (पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर) एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनूपपुर गुलाब पटेल की उपस्थिति में आगमी 2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव एवं वार्ड एवं मंडल कांग्रेस कमेटी के संबंध में बैठक आयोजित की गई । जिसमें जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा , ठरवकके पूर्व जिलाध्यक्ष रफी अहमद, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह , जिला कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष बृजेंद्रकांत तिवारी, जिला कांग्रेस सचिव श्रीमती गरिमा सिंह , मंडलम



कांग्रेस अध्यक्ष बरगवां रविंद्र यादव , मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष देवहरा दिलेंद्र पाठक , युवा कांग्रेस अनूपपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफ रिजवी , रवि शंकर तिवारी ,ललन पासवान , अरविंद यादव , स्वप्निल झरिया , गुरुमेश्वर , राजीव रमन ,मयंक सिंह सेंगर , रमेश नामदेव , सूरज सोनी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां काली मंदिर सिंहपुर बना लोक न्यास

## सर्वसम्मति से गठित हुई पहली कार्यसमिति

**समाज जागरण शहडोल**
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग ने मां काली मंदिर सिंहपुर एवं मंदिर परिसर को मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के अंतर्गत विधिवत लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किए जाने के बाद ट्रस्ट की प्रथम कार्यसमिति का गठन किया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक लोक न्यास, सोहागपुर द्वारा

जारी आदेश के अनुसार सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आयोजित प्रथम सामान्य सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके साथ ही मंदिर के प्रशासन, आय-व्यय और विकास कार्यों को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# ओबरा 'सी' ताप विद्युत परियोजना: ₹13,000 करोड़ की लागत के बाद भी धरातल पर चुनौतियां, 1 वर्ष में मुख्य इकाई ठप, अधिकारियों की चुप्पी से उठते गंभीर प्रश्न

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिले के ओबरा नगर को देश और प्रदेश में 'ऊर्जा की राजधानी' के रूप में जाना जाता है। इसी पहचान को नया विस्तार देने के लिए लगभग ₹13,000 करोड़ से अधिक की विशाल लागत से ओबरा 'सी' तापीय परियोजना (1320 मेगावाट) का निर्माण कराया गया था। दक्षिण कोरिया की निर्माण कंपनी 'दुसान पावर सिस्टम्स इंडिया' द्वारा वर्ष 2016 में शुरू की गई इस परियोजना की शुरूआती अनुमानित लागत ₹11,000 करोड़ तय थी। हालांकि, तय समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा न हो पाने के कारण परियोजना का बजट बढ़कर ₹13,000 करोड़ से अधिक पहुँच गया। बीते वर्ष 30 मई 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा कानपुर से डिजिटल रूप से इस परियोजना का लोकार्पण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया था। लेकिन लोकार्पण के महज एक वर्ष के भीतर ही धरातल पर जो परिस्थितियां बनी हैं, वे इसकी तकनीकी मजबूती और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े कर रही हैं। हाल ही में समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों और स्थानीय स्रोतों के अनुसार, ओबरा 'सी' की दोनों इकाइयों का उत्पादन अचानक 'शून्य' होने की जानकारी सामने आई थी। पड़ताल में पता चला कि 660 मेगावाट क्षमता की पहली इकाई गत 9 जुलाई से ही पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। मुख्य नियंत्रण कक्ष का डिजिटल प्रदर्शन अचानक बंद होने, तार अत्यधिक गर्म होने और वाष्पक व परिपथ तंत्र प्रभावित होने के कारण इसे गंभीर मरम्मत की आवश्यकता बताई जा रही है, जिसे ठीक होने में डेढ़ से दो महीने का समय लगने का अनुमान है। वहीं, दूसरी इकाई में भी तकनीकी खराबी आई थी, जिसे आपातकालीन मरम्मत के बाद पुनः चालू कर दिया गया। 1320 मेगावाट क्षमता वाले इस विद्युत संयंत्र की पहली इकाई के लगातार बंद रहने से प्रतिदिन करोड़ों रुपये मूल्य के बिजली उत्पादन का भारी नुकसान दर्ज किया जा रहा है।

संयंत्र के भीतर तकनीकी संकट के साथ-साथ जमीनी स्तर पर संविदा श्रमिकों की स्थिति भी निरंतर गंभीर बनी हुई है। समय पर मजदूरी का भुगतान न होने और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते संयंत्र परिसर में कार्य प्रभावित होने और मजदूरों के असंतोष की खबरें आती रही हैं, जिसको लेकर पूर्व में स्थानीय प्रशासन और पुलिस को हस्तक्षेप तक करना पड़ा था। सबसे चकित करने वाली बात यह है कि 9 जुलाई से पहली इकाई के ठप रहने और अरबों रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद परियोजना प्रबंधन या जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से न तो कोई आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई और न ही कोई सूचना पत्र सार्वजनिक किया गया है। यहाँ तक कि ओबरा ताप विद्युत की आधिकारिक अंतरजाल (वेबसाइट) पर भी निविदा आवंटन व सूचनाएं वर्षों पुरानी पड़ी हुई हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब धरातल पर कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। पहला प्रश्न यह कि ₹13,000 करोड़ की भारी-भरकम लागत से बनी इस राष्ट्रीय परियोजना में महज एक वर्ष के भीतर ही तारों के अत्यधिक गर्म होने और नियंत्रण कक्ष का प्रदर्शन बंद होने जैसी गंभीर खराबी कैसे आ गई, और क्या निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाएगी? दूसरा प्रश्न यह कि तय समय-सीमा से विलंब होने पर परियोजना की लागत बढ़ने और अब सौंपे जाने के एक वर्ष में ही मुख्य इकाई ध्वस्त होने पर निर्माण करने वाली निजी कंपनी 'दुसान पावर' पर अनुबंध की शर्तों के तहत क्या कार्रवाई की जा रही है? तीसरा प्रश्न यह कि 9 जुलाई से पहली इकाई के लगातार ठप रहने से हो रहे करोड़ों रुपये के दैनिक वित्तीय नुकसान का उत्तरदायित्व किस पर तय होगा? चौथा प्रश्न यह कि हफ्तों से मुख्य इकाई बंद होने के बावजूद अब तक प्रबंधन द्वारा कोई प्रेस विज्ञप्ति या आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी क्यों नहीं किया गया, और सार्वजनिक संवाद से दूरी बनाने के पीछे क्या मंशा है? पांचवां प्रश्न यह कि डिजिटल प्रणाली के दौर में परियोजना की आधिकारिक वेब साइट पर निविदा और आवश्यक सूचनाओं का अद्यतन वर्षों पुराना क्यों पड़ा हुआ है? और छठा प्रश्न यह कि परियोजना में कार्यरत संविदा श्रमिकों के समयबद्ध बकाया भुगतान और श्रम अधिकारों की नियमित निगरानी के लिए जिम्मेदार विभाग क्या कदम उठा रहा है?

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु राज्यपाल द्वारा सोनभद्र पुलिस को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। जनपद में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित एचपीवी (HPV)

टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन में सोनभद्र पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट सहयोग एवं सराहनीय योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर संचालित उक्त अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का सफल

तापूर्वक एचपीवी टीकाकरण कराया गया। अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी समन्वय, जनजागरूकता एवं प्रभावी कार्ययोजना के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु सोनभद्र पुलिस द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सराहनीय योगदान दिया गया। पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस परिवार की पात्र बालिकाओं सहित अन्य बालिकाओं का टीकाकरण कराया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा अभियान के सफल संचालन, जागरूकता प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। इस उत्कृष्ट कार्य एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में

दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा सोनभद्र पुलिस को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जनपद पुलिस की जनकल्याण एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी की खेती से खुल रहे आर्थिक समृद्धि के द्वार, योगी सरकार दे रही भारी अनुदान

## 76 किसान स्ट्रॉबेरी, 106 किसान कर रहे ड्रैगनफ्रूट की खेती

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। किसानों की आय बढ़ाने और पारंपरिक खेती के साथ नकदी फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बागवानी को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदान का लाभ उठाकर अब सोनभद्र के किसान ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती कर बेहतर आमदनी अर्जित कर रहे हैं। इससे जिले में बागवानी का रकबा लगातार बढ़ रहा है और किसानों का रुझान भी इन फसलों की ओर तेजी से बढ़ा है। जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि वर्तमान में जनपद के 76 किसान लगभग 75 एकड़ क्षेत्रफल में स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसका रकबा बढ़ाकर 100 एकड़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं, 106 किसान 150 एकड़ क्षेत्र में ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 200 एकड़ तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत प्रदेश



सरकार किसानों को आधुनिक बागवानी अपनाने के लिए आकर्षक अनुदान उपलब्ध करा रही है। ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए किसानों को 2,70,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है। यह फसल कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती है और एक बार पौधे लगाने के बाद कई वर्षों तक उत्पादन मिलता रहता है। इसकी खेती से किसान प्रति एकड़ 5 से 6 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ अर्जित कर सकते हैं।

इसी प्रकार स्ट्रॉबेरी की खेती को भी सरकार बढ़ावा दे रही है। इस फसल के लिए किसानों को 90,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। स्ट्रॉबेरी की बाजार में अच्छी मांग होने के कारण किसान प्रति एकड़ 10 से 12 लाख रुपये तक का मुनाफा प्राप्त कर रहे हैं। यही कारण है कि जिले में अधिक से अधिक किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी आधारित खेती को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। उद्यान विभाग किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, उन्नत पौध सामग्री और खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध करा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार का उद्देश्य किसानों को कम लागत में अधिक आय देने वाली फसलों की ओर प्रेरित करना है, ताकि उनकी आय में स्थायी वृद्धि हो सके। विभाग को उम्मीद है कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ सोनभद्र प्रदेश में उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के प्रमुख केंद्रों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

# भुतहिया पुलिया के पास गहरी खाई में गिरा ट्रेलर, चालक की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र के हाथीनाला-रेणुकूट मार्ग पर मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। रात करीब 10 बजे रेणुकूट की ओर से आ रहा एक ट्रेलर भुतहिया पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भयावह था कि ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया, जबकि खलासी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही हाथीनाला, पिपरी और रेणुकूट पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इसी दौरान टीम निशा सिंह के सदस्य विजय प्रताप सिंह अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान में सहयोग किया। चालक को सुरक्षित निकालने के लिए घंटों तक लगातार प्रयास किए गए, लेकिन ट्रेलर का केबिन पूरी तरह दब जाने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस गैस कटर मिस्त्री को मशीन सहित मौके पर लेकर पहुंची। ट्रेलर की बॉडी काटकर चालक तक पहुंचने की कोशिश की गई, लेकिन वह बुरी तरह फंसा होने के कारण बाहर नहीं निकाला जा सका। अंततः भोर करीब चार बजे क्रेन मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रेलर को हटाकर चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान प्रमोद कुमार (24 वर्ष) पुत्र दिनेश कुमार, निवासी ग्राम रमसगरा, थाना राजगढ़, जनपद मिजार्पुर के रूप में हुई। उसे तत्काल हिंडाल्को अस्प ताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए हिंडाल्को अस्पताल की मर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम निशा सिंह के सदस्य विजय प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे के बाद चालक करीब तीन से चार घंटे तक जीवित था। पुलिस, स्थानीय लोगों और उनकी टीम ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन केबिन में बुरी तरह फंसे होने और समय पर बाहर नहीं निकाले जा पाने के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे के दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था भी

संभाले रखी, जिससे मार्ग पर आवागमन प्रभावित नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथीनाला-रेणुकूट मार्ग स्थित भुतहिया पुलिया दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बन चुकी है। लोगों ने सरकार से इस मार्ग का शीघ्र फोरलेन निर्माण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# टहलने निकले युवक पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर हालत में रेफर

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के डूभा गांव में मंगलवार देर शाम एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। टहलने निकले युवक को अज्ञात हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य

केंद्र (सीएचसी) म्योरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान प्रिंस कुमार (23) पुत्र बिगन प्रसाद, निवासी ग्राम डूभा, थाना बभनी के रूप में हुई है। घायल के पिता बिगन प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र प्रतिदिन की तरह मंगलवार शाम घर से टहलने निकला था। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लग सका। इसके बाद अनहोनी की आशंका में परिवार के लोग उसकी तलाश में उस रास्ते पर पहुंचे, जहां वह रोज टहलने जाता था। तलाश के दौरान प्रिंस सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला।

उसके शरीर से काफी खून बह रहा था और धारदार हथियार से कई स्थानों पर वार किए गए थे। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर ले जाया गया। सीएचसी म्योरपुर में तैनात चिकित्सक डॉ. संजीव बिंद ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि युवक के शरीर पर धारदार हथियार से करीब आधा दर्जन वार किए गए थे। हमले में उसके एक हाथ की नस भी कट गई थी, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उसे निजी वाहन से दूसरे अस्पताल लेकर चले गए।

घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और हमलावरों की पहचान भी नहीं हो सकी है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि सूचना या शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के आकस्मिक निधन पर कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा आयोजित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के आकस्मिक निधन पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दिवंगत अधिकारी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी



में संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके निधन को प्रशासनिक सेवा के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम सरिता सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एस.के. राय, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित जिला प्रोबेशन विभाग के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घाघर नदी में आयी बाढ़ मे बह गया वैकल्पिक संपर्क मार्ग, आवागमन में करना पड़ रहा है भारी कठिनाइयों का सामना

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। सदर विकासखंड के गुरमा-मारकुंडी स्थित मीनाबाजार घाघर नदी पर जिला जेल जाने वाले पुल के निर्माण कार्य के चलते उपयोग में लाए जा रहे अस्थायी वैकल्पिक मार्ग बीते 21 जुलाई 2026 को घाघर नदी में आई बाढ़ में बहकर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे सैकड़ो स्कूली बच्चों, जेल के बंदियों, दैनिक मजदूरों, मरीजों, व्यावसायियों, ग्रामीणू समेत पशुओं को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। बताते हैं कि नगर पंचायत गुरमा स्थित जय ज्योति इंटरमीडिएट कालेज, विंध्य माध्यमिक उच्चतर विद्या मंदिर, शिशु शिक्षा निकेतन, सरकारी प्राइमरी पाठशाला, हाईस्कूल विद्यालय मारकुंडी में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। मार्ग की खराब स्थिति के कारण स्कूल बसों, ऑटो, दोपहिया वाहनों और पैदल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ और गड्ढे होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। इसी मार्ग से जिला कारागार के आसपास के कई गांवों के रहवासी भी आवागमन करते हैं। पुल निर्माण कार्य के चलते यदि वैकल्पिक मार्ग समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार से वार्ता की गयी तो आश्वासन दिया कि वैकल्पिक मार्ग को शीघ्र ही समतल एवं सुरक्षित बनाया जाएगा, ताकि विद्यालयों की बसों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों तथा अन्य वाहनों का आवागमन बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से हो सके। साथ ही ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने और आवश्यक स्थानों पर संकेतक व बैरिकेडिंग लगाने पर भी जोर दिया गया।

इस मौके पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जिलाजीत यादव, शक्ति केंद्र संयोजक अमरनाथ पनिका, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं समाज सेवी मुलायम यादव, रवि गुप्ता, सुरेंद्र यादव, रामविलास यादव, मसालू गिरी सहित अनेकों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए, ताकि निर्माण कार्य के साथ-साथ आम नागरिकों और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध अस्पतालों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी केन्द्रों के विरुद्ध चला सघन अभियान

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, पैथोलॉजी एवं कलेक्शन सेंटरों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज एवं घोरावल क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान मानकों का उल्लंघन एवं बिना वैध अभिलेखों के संचालित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान कलावती क्लीनिक, घोरावल, विश्वास हॉस्पिटल, हेल्थ केयर हॉस्पिटल तथा सम्राट हॉस्पिटल, घोरावल के ओपीडी एवं ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त गुड हेल्थ हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) तथा सीटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को भी सीज किया गया। वहीं, धनवंतरी हॉस्पिटल, छपका, आशीर्वाद हॉस्पिटल, छपका, कृष्णा हॉस्पिटल, न्यू यथार्थ हॉस्पिटल, उरमौरा, ओम हॉस्पिटल, उरमौरा तथा ओम हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, रोडवेज बस स्टैंड, रॉबर्ट्सगंज को कमियों के संबंध में नोटिस जारी करते हुए निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी एवं कलेक्शन सेंटरों की भी जांच की गई। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर न्यू अंशिका पैथोलॉजी, डॉ. लाल पैथोलॉजी (शाहगंज एवं घोरावल) तथा निशान हॉस्पिटल के सामने संचालित पैथोलॉजी, रॉबर्ट्सगंज को सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त लाइफ लाइन हॉस्पिटल, उरमौरा, रॉबर्ट्सगंज के विरुद्ध भी सीज की कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में बिना मानक एवं बिना वैध पंजीकरण के संचालित चिकित्सीय संस्थानों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने निर्देश दिए हैं कि आमजन के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना मानकों एवं नियमों के संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी केन्द्रों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि उपचार हेतु केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त अस्पतालों एवं पैथोलॉजी केन्द्रों का ही चयन करें, जिससे सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हो सकें।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने पुजारियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी मण्डल क्षेत्र में भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न मन्दिरों और देव स्थानों में पूजा अर्चना कर पुजारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया , प्रसाद वितरण किया गया।भाजपा मण्डल अध्यक्ष बभनी लालकेश कुशवाहा के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मन्दिर के पुजारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



इसी क्रम लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता मण्डल महामंत्री मंत्री द्वारा हनुमान मंदिर भंवर के पुजारी राम प्रकाश शर्मा को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अरुण सिंह खरवार अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री, द्वारा ने ब्रह्म बाबा नधिरा देव स्थान के प्रमुख महादेव दुबे को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। रामेश्वर शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष बभनी द्वारा राधाकृष्ण मंदिर मचबन्धवां के पुजारी भागवत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युगुल किशोर चतुर्वेदी, अंगद कश्यप, छोटेलाल कश्यप, प्रहलाद बियार, उमेश दुबे, कृष्णानंद दुबे, पूनम के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील राबर्ट्सगंज की कार्यकारिणी का हुआ गठन, जयनाथ मौर्य बने तहसील अध्यक्ष

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रा.प.ए.) सोनभद्र की तहसील राबर्ट्सगंज इकाई की एक अति महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक बुधवार को स्थानीय किरन बटिका मधुपुर में संपन्न हुई। बैठक में सदर तहसील कार्यकारिणी के मनोनयन और संगठन विस्तार को लेकर उपस्थित पत्रकारों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संयोजक विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक का सफल और कुशल संचालन सेराज अहमद एवं बृजेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक के दौरान पत्रकार बृजेश कुमार ने तहसील राबर्ट्स गंज अध्यक्ष पद हेतु पत्रकार जय नाथ मौर्या के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अन्य पदों पर सर्वसम्मति से निम्नलिखित मनोनयन किए गए। उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, रामनरेश शुक्ला एवं बद्री गौतम। महामंत्री भानु प्रताप ,मुरली दत्त पाठक, धर्मेश मिश्र, मंत्री मोहन प्रसाद, राघवेंद्र, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह। कार्यकारिणी गठन के उपरांत बैठक में ग्रामीण और क्षेत्रीय पत्रकारों को आ रही समस्याओं तथा उनके हितों के संरक्षण पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे सदर तहसील क्षेत्र के पत्रकारों के मान-सम्मान, सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य पत्रकार एवं संगठन से जुड़े सदस्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल,10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के कोईराजपुर में पुश्तैनी मकान और जमीन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमीन पर कब्जे के कथित प्रयास का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 10 नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरहुआ के कोईराजपुर निवासी बहादुर पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने भाइयों के साथ मौजा कोईराजपुर स्थित पुश्तैनी मकान एवं आराजी संख्या 2645 की भूमि में हिस्सेदार हैं। उनका कहना है कि परिवार में पहले ही आपसी बंटवारा हो चुका है और सभी अपने-अपने हिस्से पर काबिज हैं। आरोप है कि अमन और टीपू सुल्तान लगातार उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में पूर्व में हरहुआ पुलिस चौकी पर भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

तहरीर के अनुसार, 19 जुलाई की सुबह करीब 8:30 बजे अमन, टीपू सुल्तान, मालिक, जमील, असलम, दानिश, हसीना बेगम, फिजा, सबस्सुम तथा सालेहा एकजुट होकर उनके हिस्से की जमीन पर पहुंचे और कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों एवं लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची बहादुर की पत्नी जमीला बेगम को गंभीर चोटें आईं। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया तथा सिर पर भी गंभीर चोट लगी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि छोटे बच्चों के साथ भी मारपीट की गई और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने यह भी कहा कि "तुम्हारी सिर्फ लड़कियां हैं, इसलिए तुम्हें जमीन में हिस्सा नहीं मिलेगा। यहां से चले जाओ, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे।"

घटना के बाद पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। वहीं, बड़ागांव पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गुरुपूर्णिमा पर स्वर्वेद महामंदिर धाम में दिनभर लगा श्रद्धालुओं का तांता

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। गुरुपूर्णिमा पर स्वर्वेद महामंदिर धाम में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का आने का क्रम जारी रहा। देश के विभिन्न





राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गुरुचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा ध्यान-साधना, गुरु-वंदना और दर्शन के माध्यम से गुरुपूर्णिमा पर्व को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया।विश्व के सबसे विशाल ध्यान केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित स्वर्वेद महामंदिर धाम में श्रद्धालुओं ने विहंगम योग के प्रणेता सद्गुरु महर्षि सदाफल देव जी महाराज की दिव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके बताए आत्मज्ञान, ध्यान एवं मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने स्वर्वेद महामंदिर में ध्यान-साधना कर आत्मिक शांति का अनुभव किया और दिव्य आध्यात्मिक वातावरण का लाभ प्राप्त किया। पूरे दिन स्वर्वेद महामंदिर धाम का वातावरण श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत रहा। अनेक परिवार अपने बच्चों के साथ इस पावन अवसर पर पहुँचे और गुरु परंपरा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। दर्शन एवं ध्यान-साधना के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की सुव्यवस्थित कतारें लगी रहीं। गुरुपूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं ने गुरु को आत्मज्ञान का प्रकाश स्तंभ मानते हुए उनके बताए साधना-पथ पर चलने का संकल्प लिया। दिनभर गुरु-वंदना, ध्यान-साधना और आध्यात्मिक चिंतन का क्रम चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धामयी उपस्थिति से स्वर्वेद महामंदिर धाम पूरे दिन भक्ति, शांति और आध्यात्मिक चेतना से अनुप्राणित रहा।

# गुरु के बिना ज्ञान मिल पाना असंभव: डॉ.शीतला प्रसाद त्रिपाठी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। गुरु बिन ज्ञान न होत है, गुरु बिन दिशा अजान..। इन्हीं पंक्तियों को आत्मसात करते हुए गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों की पूजा की गयी। उनके महात्म का बखान हुआ। डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य के शिष्यों ने आज उनके आवास पहुंच कर अपने गुरु का पूजन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त करने की भीड़ सुबह से ही देखने को मिली।शिष्यों को



आशीर्वचन देते हुए उन्होंने बताया धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी तिथि पर महर्षि वेदव्यास का अवतरण हुआ था, उन्होंने चारों वेदों का विभाजन, महाभारत की रचना तथा 18 पुराणों का संकलन कर मानव समाज को ज्ञान का अमूल्य भंडार प्रदान किया,इसलिए उन्हें आदिगुरु माना जाता है और इस दिन व्यास पूजा भी की जाती है।हम सभी अपने गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए जिससे हमारे जीवन में आने वाली कठिनाई का हम सभी सामना कर सके।शिष्यों में मुख्य रूप से प्रदीप उपाध्याय, विवेक,संजय मिश्रा,राजू शुक्ला, अभिषेक, राज पाठक, पुनीत, सीता जायसवाल, शिवम तिवारी,चम्पा, अनिता सहित अन्य शिष्य उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर जागरूकता यात्रा हरहुआ ब्लाक से हरी झंडी के बाद हुआ रवाना।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भूजल सप्ताह के अवसर पर जल संरक्षण हेतु सामुदायिक जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक प्रांगण हरहुआ से पूर्व बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



सुसज्जित टैम्पो से जागरूकता यात्रा का हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद पूर्व बीडीओ श्री वर्मा ने कहा कि यह यात्रा गांव -गाँव जाकर लोगो को जल संरक्षण ,जमीन के अंदर वाटर रिचार्ज की जानकारी दी जाएगी। ग्राम पंचायतों में पम्पलेट ,पोस्टर ,बुकलेट , साहित्य वितरित किया जाएगा। भूजल रिचार्ज से होने वाले लाभ ,जलवायु परिवर्तन सहित विविध जानकारियां दी जाएगी।

इस अवसर पर हरहुआ ब्लाक के कर्मचारी ,ब्लाक अधिकारी समेत ग्राम स्तरीय कर्मचारी शामिल रहे।

# रोहनियां विधायक ने सावन मास मेले की तैयारी को लेकर रामेश्वर मंदिर परिक्षेत्र का किया अवलोकन।

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। काशी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एक मास तक चलने वाले सावन मास मेले को लेकर विधायक रोहनिया डॉ0 सुनील पटेल ने आज बुधवार को पंचकोशी के तीसरे पड़ाव तीर्थस्थल रामेश्वर धाम मन्दिर में मत्था टेककर जलाभिषेक कर पूजन व अन्य देवालयों में दर्शन किया। वरुणा घाट, नदी में जलकुंभी जमावड़ा सहित साफ -सफाई का अवलोकन किया।रामेश्वर मन्दिर के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अन्नू तिवारी ,प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव व स्थानीय लोंगो से साफ -सफाई व्यवस्था सम्बन्धी वार्ता की। मन्दिर परिसर ,धर्मशालाओ ,बाजारके आस -पास साफ-सफाई,वरुणा नदी से जलकुंभी हटाने,जगह-जगह टूटी सड़क को ठीक कराने, जर्जर पुल



मरम्मत ,पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए बन्द हाई मास्ट व सोलर लाइट को ठीक कराने,मन्दिर व बाजार में लगे बन्द सोलर को ठीक कराने, बिजली ,प्रकाश , पेयजल,स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से मोबाइल द्वारा वार्ता की। आचार्य प0 अन्नू तिवारी व घनश्याम यादव ने टीएफसी में कांवरियों को ठेकेदार द्वारा वसूली पर प्रतिबंध लगाने व निःशुल्क ठहराव की व्यवस्था के लिए पर्यटन विभाग को कड़े निर्देश देने की मांग उठाई।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एस0ओ0 जनसा सत्यजीत सिंह व चौकी प्रभारी रामेश्वर आदित्य सेन सिंह से वार्ता की। विधायक के साथ श्यामबली पटेल,गोविंद पटेल,विनोद पटेल, राहुल सिंह , त्रिभुवन मौर्य, रविन्द्र पटेल ,देवेंद्र पटेल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी थाना क्षेत्र स्थित रघुनाथपुर गांव में मंगलवार देर रात एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान रघुनाथपुर निवासी सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे।मंगलवार की रात्रि वह बिना बताए घर से निकल गए थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।इसी दौरान परिजनों को रेलवे ट्रैक पर एक वृद्ध के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान सुरेंद्र सिंह के रूप में की। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी।सूचना मिलने पर कपसेठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पर्यावरण, मानव मात्र के जीवन रक्षा के लिए पौधरोपण ही एकमात्र उपाय

## गंगा समग्र कार्यकताओं ने बाबतपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में एक वृक्ष मां गंगा के नाम से किया पौधरोपण।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पर्यावरण की सुरक्षा से मानव सहित अन्य जीवों की उत्तरजीविता के लिए पौधरोपण ही एकमात्र उपाय है।

उक्त बातें आज बुधवार गुरुपूर्णिमा पर्व पर पौधरोपण अभियान के प्रथम दिन विद्यालय के छात्रों सहित उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गेल इंडिया लिमिटेड के पूर्व उप महाप्रबंधक नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहीं।

उन्होंने समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर न्यूनतम एक पेड़ मां गंगा के नाम लगाने के लिए आवाहन किया।

अपने संबोधन में गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक दीवाकर द्विवेदी ने जैव विविधता के दृष्टिकोण से उपयुक्त पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर और नीम जैसे पौधों के रोपण प्रमुख बल दिया।जिनसे पक्षियों और अन्य जीव जंतु को भोजन प्राप्त होता है। ऑक्सीजन का सर्वाधिक उत्सर्जन इन्हीं वृक्षों द्वारा किया जाता है।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गंगा समग्र कार्यकताओं द्वारा विद्यालय परिसर में पीपल, मौलसरी व आम के पौधों का रोपण किया गया। गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर रक्षाबंधन तक मास पर्यंत चलाये जाने वाले गंगा समग्र के पौधरोपण अभियान का आयोजन, अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश दुबे द्वारा किया गया। गंगा समग्र के भाग संयोजक चंद्र प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया।

पौधरोपण कार्यक्रम में गंगा समग्र की ओर से जिला सहसंयोजक राजनारायण पटेल,हरहुआ खण्ड सह संयोजक दीपक चौहान, जिला शैक्षणिक आयाम प्रमुख जयप्रकाश दुबे,पौधरोपण आयाम प्रमुख भगत यादव, मीडिया आयाम प्रमुख मनोज पांडेय ,वरुणा नदी आयाम प्रमुख आशीष राजभर सहित विद्यालय के शिक्षक रामलोचन पटेल, दुर्गा प्रसाद दुबे , धर्मेंद्र कुमार, सर्वेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, विकास गुप्ता,श्रीमती गीता दुबे,श्रीमती बबीता श्रीवास्तव ,श्रीमती जूही तिवारी एवं अन्य अध्यापक सहित सैकड़ो छात्र-छात्राये शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हर नागरिक अपना नैतिक दायित्व निभायें

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।पर्यावरण संरक्षण के लिए हर नागरिक अपना दायित्व निभायें।

आदर्श फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण की तरफ प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष पहल करने की अपील की है।प्रधानमंत्री को सम्बोधित पत्र में वैश्विक समस्या पर्यावरण के मुद्दे पर भारत सरकार से विशेष पहल करने का अनुरोध किया है '

आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हम सभी भारतीयों को संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर कुछ बेहतर करने का वक़्त आ चुका है, विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के क्षेत्र में कुछ ऐतिहासिक पहल करने की जरूरत है,अधिकतर जनप्रतिनिधि भी पर्यावरण संरक्षण को


आदर्श फाउंडेशन

लेकर संवेदनशील नहीं हैं।जंगलों को उजाड़कर हम कंक्रीट के महल आखिर कब तक बनाएंगे ?

विकास के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं,

प्राकृतिक संसाधनों का व्यापक स्तर पर दोहन हो रहा है।प्रकृति अगर रूठ गई तो हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते, आए दिन जल के श्रोत सुख रहे हैं '

जंगली जानवर जल की तलाश करते - करते ग्रामीण बस्तियों में प्रवेश कर रहे हैं, वह दिन बहुत दूर नहीं जब हम लोग बिसलेरी के बोतल के साथ - साथ आक्सीजन का बाटला भी साथ लेकर चलने को बाध्य होंगे।

प्रतिवर्ष लाखों पेड़ लगाये जा रहे हैं मगर उनकी सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारत सरकार को अब ठोस कदम उठाना चाहिए '

पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के क्षेत्र में कुछ बेहतर हो ताकि प्रकृति के साथ मानव का संतुलन बना रहे,इसके लिए आदर्श फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री भारत सरकार से विशेष अनुरोध भी किया है। सभी भारतीय अपनी नैतिक जिम्मेदारी इस दिशा में निभायें।

# ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। उप निदेशक पंचायत, वाराणसी मंडल के मार्गदर्शन में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत पंचायत विकास योजना (पीडीपी) विषय पर विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सेवापुरी सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिव एवं




पंचायत सहायकों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षक दल एवं उपस्थित प्रतिभागियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने पंचायतों के समग्र एवं सहभागी विकास के लिए पंचायत विकास योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब उनका निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं और जनभागीदारी के आधार पर किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर बिंदु ने पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षक वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं लता शर्मा ने पीडीपी तैयार करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ग्राम पंचायतों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित उपयोग तथा विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी एवं जनहितकारी विकास योजनाएं तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सीर गोवर्धनपुर से 'समरस संकल्प अभियान' का शुभारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दो दिवसीय दौरे के दौरान सीर गोवर्धनपुर स्थित संत शिरोमणि सद्गुरु संत रविदास महाराज की जन्मस्थली पर दर्शन-पूजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संत रविदास स्मारक स्थित विशाल कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संत रविदास पार्क के निकट आयोजित विशाल जनसभा में दीप प्रज्वलित कर समरस संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास समता, सामाजिक सद्भाव और भेदभाव रहित समाज के महान प्रवर्तक थे। उन्होंने लोगों से संत रविदास के सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न... आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2020 से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, जो संत रविदास की लोककल्याणकारी भावना को चरितार्थ करता है।



योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि भदोही जिले का नाम संत रविदास नगर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान, सामाजिक न्याय और समरसता के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालयों जैसी योजनाएं इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संत रविदास के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनका प्रसिद्ध भजन ह्लप्रभुजी तुम चंदन मैं पानीह्व गाकर सुनाया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से संत रविदास के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने भी संत रविदास की शिक्षाओं को सामाजिक एकता और समरसता का आधार बताया।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत कलश वंदन, संत संपर्क, समरसता यात्रा, दीपोत्सव और युवा संवाद जैसे कार्यक्रम देशभर में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अनेक केंद्रीय व राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, संत-समाज के प्रतिनिधि तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जनहित संकल्प पार्टी का कैम्प कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। सेवापुरी विधानसभा अंतर्गत ग्रामसभा दिनदासपुर, जंसा में जनहित संकल्प पार्टी के कैंप कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 आर0 एस0 पटेल द्वारा संकल्पों के साथ किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोंगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन हित संकल्प पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो जनता के हितों के लिए संकल्पित है।

वर्तमान सरकार जिस प्रकार से युवाओं, छात्रों, किसानों के साथ अन्याय पूर्ण व्यवहार कर रही है निश्चित रूप से हम सभी लोग



मिलकर इस अन्यायी और अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

इस अवसर पर सुधीर सिंह अल्पसंख्यक मंच के जिला अध्यक्ष जमील अहमद , किसान मंच के जिला अध्यक्ष राम विकास , महिला मंच वाराणसी शशिकला , युवा मंच जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल पटेल , सरदार सेना जिला अध्यक्ष देव पटेल , अमन वर्मा जिला संयोजक, विनोद पटेल , कार्यालय प्रभारी महेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाशंकर मौर्या व संचालन जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पटेल ने किया।

# गुरु पूर्णिमा पर्व पर शिष्यों ने गुरु चरणों में नवाया शीश, लिया आशीर्वाद

हरहुआ हरहुआ क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमां) पर बुधवार को शिष्यों ने अपने गुरुओं के चरणों में शीश नवाकर उनका आशीर्वाद लिया।



क्षेत्र के हरहुआ चौराहा हनुमान मंदिर पर जय श्री राम सेवा संस्थान हरहुआ के संरक्षक प्रधान अमित कुमार सिंह , उद्योग व्यापार मंडल वाराणसी के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, अभय मौर्य,विशाल पटेल,सचिन दुबे ने भक्तजनों में हनुमान भक्ति प्रसाद प्रदान कर गुरुभक्ति का हनुमान श्रृंगार दर्शन कराया।

मुर्दहा स्थित मौनी बाबा मंदिर पर पुजारी प्रमोद चौधरी ने रविन्द्र यादव,पप्पू यादव,डॉ0 सुभाष सिंह व राजन सिंह को भंडारा के बाद आशीर्वाद प्रदान किया। देर शाम तक विभिन्न मंदिरों में गुरु पूजा ,भंडारा ,दर्शन पूजन होता रहा।

# गुरु पूजन के साथ पूर्णिमा पर कानपुर के गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज यहां बुधवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर छात्रों के साथ ही गुरु में आस्था और विश्वास रखने वाले लोगों ने भी अपने गुरुओं की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया।

आज गुरु पूर्णिमा के इस मौके पर विभिन्न धार्मिक संस्थाओं समेत स्कूलों में भी विशेष आयोजन किए गए। वहीं दूसरी गुरु पूर्णिमा के इस पावन मौके पर परमट और बिठूर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त आज सुबह से ही बड़ी संख्या में गंगा घाट पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाने के साथ ही अपने गुरु का ध्यान करते हुए पूजा-अर्चना भी की।




इस दौरान गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के खासा इंतजाम देखे गए। यहां पुलिस वालों के अलावा गोताखोर भी तैनात रहे।

इसी के साथ गंगा घाटों पर लोगों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम भी रहे। नहाते समय कोई गंगा में डूब ना जाए। इसके लिए गहरे पानी से पहले बांस-बल्ली लगाई गई थी। आज गुरु पूर्णिमा पर्व पर शिवली के शोभन मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

बताते चलें कि यहां शोभन आश्रम की आधारशिला रखने वाले ब्रह्मलीन महाराज रघुनंदन दास जी महराज और शोभन को विकसित करने वाले ब्रह्मलीन विरिक्तानंद जी महाराज के प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अनेकों भक्त मौजूद हैं। दूसरी ओर छात्रों ने भी अपने गुरुओं के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। इसके लिए स्कूल कॉलेज में भीसमारोह आयोजित किए गए आज गुरु पूर्णिमा और इसके बाद सावन के पहले सोमवार को लेकर तगड़ी तैयारियां पहले से ही की जा चुकी हैं।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा और बंदियों की सुविधाओं का लिया जायजा

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जिलाधिकारी आलोक यादव और पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने बुधवार को जिला कारागार मुजफ्फर नगर का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कारागार की बैरकों, मुलाकात कक्ष,




चिकित्सालय, भोजनालय, स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों की सुरक्षा, प्रहरी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। कारागार प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।डीएम और एसपी ने निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित
की जाए।अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कारागार परिसर में स्वच्छता, अनुशासन और नियमित निरीक्षण व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने समय-समय पर आंतरिक निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट कराते रहने के निर्देश दिए, ताकि कारागार में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के उच्च मानक बनाए रखे जा सकें।

# जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी फरार, कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**समाज जागरण शामली।**

आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के गांव मुंडेट में विगत 25 फरवरी को कार सवार चार लोगों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित परिवार ने एक बार फिर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि करीब एक माह बाद मुकदमा दर्ज होने और कई महीने बीत जाने के बावजूद अधिकांश आरोपी अब भी फरार हैं। परिवार कई बार एसपी कार्यालय और मेरठ स्थित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय में शिकायत कर चुका है। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह एसपी कार्यालय पर आत्मदाह करेगा। पीड़ित अरुण मलिक के अनुसार घटना के दिन वह कोर्ट के नोटिस की तामील के लिए डायल-112 पुलिस के साथ गया था। लौटते समय मुंडेट के पास मनोज तोमर, प्रीत तोमर, सनोज तोमर, उज्जवल तोमर, उत्सव तोमर, पप्पू समेत 15-20 अन्य लोगों ने कार रोककर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों और अवैध असलहों से हमला कर दिया। कार में तोड़फोड़ करने के बाद सभी को बाहर निकालकर बेरहमी से पीटा गया।हमले में गंभीर रूप से घायल अरुण मलिक 10 दिन तक आईसीयू में भर्ती रहा। उसके सिर में 46 टांके आए, हाथ की हड्डी टूट गई और कई सर्जरी करनी पड़ी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की।पीड़ित की बहन की शिकायत पर 21 मार्च को आठ नामजद और 15-20 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जानलेवा हमले की धाराएं भी बढ़ाई गईं। पीड़ित का कहना है कि अब तक केवल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उसने शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# रुपये मांगने पर राजमिस्त्री से मारपीट, एसपी के आदेश पर तीन पर मुकदमा

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव टपराणा में बकाया रुपये मांगने गए एक राजमिस्त्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार गांव टपराणा निवासी नौशाद पुत्र अब्दुल लतीफ ने तहरीर में बताया कि उसने गांव निवासी सदाकत के मकान निर्माण का ठेका लिया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सदाकत पर उसके 1.20 लाख बकाया थे। आरोप है कि 10 जुलाई को जब वह अपनी बकाया रकम मांगने पहुंचा तो सदाकत ने भुगतान से इन्कार कर दिया। विरोध करने पर सदाकत ने अपने पुत्र रुस्तम और एक अन्य व्यक्ति को बुला लिया। तीनों ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं।पीड़ित का आरोप है कि घटना के दिन ही उसने थाना झिंझाना में नामजद तहरीर दी थी और उसका चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। उसने हल्का क्षेत्र के उपनिरीक्षक पर समझौते का दबाव बनाने और कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।एसपी के निर्देश पर थाना झिंझाना पुलिस ने सदाकत, रुस्तम और एक अन्य आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
मामले की विवेचना उपनिरीक्षक यशपाल सिंह सोम को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घरेलू विवाद में पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

झिंझाना। थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा में घरेलू विवाद के दौरान पति द्वारा पत्नी पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार गांव रामपुरा निवासी अंजली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 27 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे वह अपने मायके में फोन पर बात कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसके पति राहुल ने किसी बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की और चाकू से कई वार कर उसे घायल कर दिया।महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अशोक कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम में उत्कृष्ट महिलाओं का हुआ सम्मान, डीएम व एसपी ने किया उत्साहवर्धन

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक यादव एवं पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी आलोक यादव ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी विकसित और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, सामाजिक सेवा, खेल और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से समाज



और राष्ट्र दोनों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।
पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन उत्तर प्रदेश पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनपद शामली पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए हर समय तत्पर है और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई तथा महिलाओं को समाज में अपनी सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस लाइन में ब्रीफिंग, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

कांवड़ यात्रा-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नवीन पुलिस लाइन स्थित ऑडिटोरियम में कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी आलोक यादव एवं पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए। प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कांवड़ यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न




हो। अधिकारियों ने असामाजिक एवं अराजक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं भड़काऊ सामग्री की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने को भी कहा गया। सभी पुलिसकर्मियों को निर्धारित वर्दी, सुरक्षा उपकरणों एवं संचार माध्यमों के साथ पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी स्थल पर तैनात रहने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी आलोक यादव ने कहा कि कांवड़ यात्रा जनआस्था का महापर्व है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी अनुशासन, निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी सतेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी सहित कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुकान के बाहर रखा सामान हटाने पर विवाद, सफाई कर्मचारी से मारपीट का आरोप

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

शहर में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के तहत नालों की सफाई के दौरान दुकान के बाहर रखा सामान हटाने को लेकर दुकानदार और नगर पालिका के सफाई कर्मचारी के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल




गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद सफाई कर्मचारियों ने हंगामा करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।सूचना पर सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइजर जितेंद्र चंद मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि दुकानदार ने उनके साथी के साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्द कहे और उसका मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद कर्मचारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, घटना को लेकर कुछ देर तक दुकानदार और सफाई कर्मचारी आमने-सामने रहे। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन चोरी का खुलासा, पुलिस ने आरोपी को दबोचा, स्प्लेंडर बाइक का इंजन और चेसिस बरामद

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

थाना आदर्श मंडी पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल का इंजन और चेसिस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, 15 जुलाई 2026 को मोहल्ला मोमीनपुरा बरखंडी निवासी अहसान पुत्र नसीम अहमद की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना आदर्श मंडी में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के खुलासे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए थे।इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने ग्राम मुंडेट कला निवासी आदित्य पुत्र सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल के इंजन और चेसिस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**

पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी




कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र की एक युवती ने आठ मई 2026 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव चंदनपुरी निवासी आकिल पुत्र नसीम ने उससे विवाह का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से इन्कार कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बुधवार को आरोपी आकिल पुत्र नसीम निवासी ग्राम चंदनपुरी, थाना झिंझाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया है।

# किसान गोष्ठी में स्केल इंसेक्ट से बचाव के लिए किसानों को जागरूक किया

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट शामली की ओर से मिल क्षेत्र के गांव लिलोन में गन्ना किसानों के लिए जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें किसानों को गन्ने की फसल में स्केल इंसेक्ट (शल्क कीट) की पहचान, उससे होने वाले नुकसान और नियंत्रण के प्रभावी उपाय बताए गए।महाप्रबंधक सतीश कुमार बालियान ने बताया कि हाल के निरीक्षण में कई गांवों में स्केल इंसेक्ट का प्रकोप मिला है। यह कीट गन्ने की पोरियों का रस चूसकर फसल की बढ़वार, उत्पादन और गुणवत्ता को प्रभावित करता है। उन्होंने किसानों को मोवेंटो-150 की 250 मिलीलीटर मात्रा 400 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने की सलाह दी।यूनिट हेड संजय



शर्मा ने किसानों से अनावश्यक सिंचाई और अधिक यूरिया के प्रयोग से बचने की अपील की। वहीं गन्ना विकास प्रमुख सी.पी. मलिक ने बताया कि स्केल इंसेक्ट नियंत्रण अभियान के तहत मोवेंटो-150 पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही स्प्रेयर से छिड़काव पर भी निर्धारित अनुदान उपलब्ध है।गोष्ठी में क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक राणा, ब्लॉक इंचार्ज दीपक कुमार, गन्ना पर्यवेक्षक संजय कुमार, मिल के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया गया तथा समय पर कीट नियंत्रण और नियमित निगरानी की सलाह दी गई।

# वलीमे में गोमांस प्रकरणः छह आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**समाज जागरण कैराना।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला स्थित मुगल गार्डन में वलीमे की दावत के दौरान कथित रूप से गोमांस परोसे जाने के मामले में जेल में बंद छह आरोपियों को कोर्ट से राहत नहीं मिली। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो विशेष) ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी छह आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सभी आरोपी वर्तमान में जिला कारागार मुजफ्फरनगर में निरुद्ध हैं।जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान ने बताया कि 18 जून को कोतवाली पुलिस ने गोमांस बनाए जाने की सूचना पर मुगल गार्डन में छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से गोमांस से बने व्यंजन बरामद किए थे। पुलिस ने दूल्हे और उसके मामा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के आधार पर इस्सापुर खुरगान के जंगल से गोवंश के अवशेष, पशु वध में प्रयुक्त उपकरण तथा गोमांस भी बरामद किया गया था।पुलिस ने मामले में दूल्हे के पिता, मुगल गार्डन के स्वामी और दावत में खाना बनाने वाले बावर्ची समेत कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता के माध्यम से जमानत के लिए प्रार्थना-पत्र दाखिल किया गया, जिसका सरकारी पक्ष ने कड़ा विरोध किया।बुधवार को अदालत ने मामले के अभिलेखों का अवलोकन और दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सादिक, जुल्फकार, खलील, अनीस, फुरकान और अशफाक की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वहीं, मामले के एक अन्य आरोपी सलमान की ओर से फिलहाल जमानत अर्जी दाखिल नहीं की गई है।

# अंतिम संस्कार से पहले पहुंची पुलिस, युवती की संदिग्ध मौत ने बढ़ाए सवाल

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव नोनांगली में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। परिजन जब बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी हत्या की आशंका संबंधी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती के गले पर मिले निशानों के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांव नोनांगली में एक युवती की मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान युवती के गले पर संदिग्ध निशान मिले, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतका के पिता सुधीर ने बताया कि सुबह युवती की दादी उसे जगाने के लिए कमरे में गई थीं, लेकिन वह नहीं उठी। परिजन उसे तत्काल चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गया था।थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना ने बताया कि हिमांशु नामक युवक ने फोन कर सूचना दी थी कि युवती की हत्या कर शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना देने वाले युवक से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे और उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस के अनुसार मृतका का परिवार वर्तमान में शामली के मंडी गेट के सामने रहता है, जबकि गांव नोनांगली उनका पैतृक गांव है। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

# डीएम-एसपी ने यमुना घाट से यूपी-हरियाणा सीमा तक परखी व्यवस्थाएं

**समाज जागरण कैराना।(फुरकान जंग)**

कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को डीएम आलोक यादव और एसपी एनपी सिंह ने कैराना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारी यूपी-हरियाणा सीमा तक पहुंचे और कांवड़ियों के आवागमन को लेकर किए गए इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने यमुना घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की



समीक्षा की।डीएम और एसपी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कांवड़ यात्रा पर सौहार्द का संदेश, एक मंच पर जुटे जिले के सभी निकाय अध्यक्ष

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

आगामी कांवड़ यात्रा, महाशिवरात्रि एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के फार्म हाउस पर जनपद के निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन शामली की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद शामली के अध्यक्ष अरविंद संगल ने की। बैठक में जिले की तीन नगर पालिकाओं और छह नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने, सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने तथा नगरों में स्वच्छता, पथ प्रकाश और आवश्यक नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया।बैठक में सभी निकायों में आईएसओ प्रमाणन कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। अरविंद संगल ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का पर्व है। सभी निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समितियों का गठन कर समस्याओं का समय रहते समाधान कराएं तथा कांवड़ियों



की सुविधाओं के लिए प्रभारी नियुक्त करें। वहीं, नगर पालिका कांधला के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, पथ प्रकाश और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि जिले में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण बना रहे। बैठक का संचालन नगर पंचायत जलालाबाद के अध्यक्ष जहीर मलिक ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका कैराना के अध्यक्ष शमशाद अंसारी, नगर पंचायत ऊन के अध्यक्ष प्रदीप चौधरी सहित जिले के सभी निकायों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध पारिस्थिति में विवाहिता की हुई मौत पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के गंगहरा कला गांव संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत पुलिस जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार सत्यदेव की 23 वर्षीया पत्नी गंगोत्री देवी की संदिग्ध परीस्थिति में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई।अपने घर में फंदे पर लटकी गंगोत्री को स्वजनों ने आनन फानन में फंदे से निकाल कर चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मायके से मृतका की माता और भाई पहुंच गए थे। सभी के मौजूदगी में पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लालगंज थाना क्षेत्र के गंगहरा कला गांव में सत्यदेव पाल की विवाहिता गंगोत्री देवी अबूझहाल में फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। सत्यदेव पाल की चार वर्ष पहले पड़री थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव की गंगोत्री देवी के साथ विवाह हुआ था। शादी के बाद चार वर्ष गुजर गए लेकिन गंगोत्री देवी को कोई संतान नहीं हुई। इसके लिए विवाहिता का उपचार भी चल रहा था। बच्चे ने होने से विवाहिता गंगोत्री उदास रहती थी। स्वजन ने बताया कि मंगलवार को शाम वह सामान्य थी परिवार को भोजन के बाद स्वयं भोजन कर सोने चली गई। बुधवार की भोर चार बजे मकान में सीढ़ी के उपर बने छावनी में कथित रूप से फंदे पर झूल गई। फंदे पर सबसे पहले पति सत्यदेव पाल ने देखा और स्वजनो को जानकारी दी। आनन फानन में फंदे पर से निकाल कर चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां पर मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की मौत से घर में कोहराम मच गया। विवाहिता के मायके से माता और भाई रोते बिलखते गंगहरा गांव पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय और लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ पहुंचे। स्वजनो से पुछ ताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# टीबी का इलाज योग्य डाक्टर एवं अच्छे खान पान से संभव ओझा सोखा, तंत्र मंत्र से नहीं।

**समाज जागरण**




मीरजापुर /कछवा सीएचसी सभागार में प्रभारी डॉ सीबी पटेल के मौजूदगी में जीरो से चौदह वर्ष के बच्चों को क्षय रोग से बचाव हेतु सीएमओ, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर,आशा संगनियो को वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स संस्था के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डाक्टर सीबी पटेल द्वारा कहा गया छोटे बच्चों बलगम जांचकि आप सभी अपने-अपने जिम्मेदारीयों का मेहनत से निर्वहन करने का कार्य करें जिससे कि भारत देश से टीबी को पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सके।

वहीं क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को टीबी के लक्षण से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से दिए जा रहे सभी निः शुल्क सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। यादव द्वारा लोगों से अपील भी की गई की आप सभी ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने का प्रयास करें जिससे कि लोग इस गंभीर रोग के प्रति सावधानी बरतें एवं लक्षण से प्रभावित स्थिति में तत्काल सरकारी अस्पताल से सम्पर्क कर अपना जांच कराकर पाज़िटिव दशा में डाक्टर के सलाह पर पूरा इलाज पूर्ण कर पुनः अपने रोग से मुक्त करें।

यादव द्वारा यह भी कहा गया कि आप सभी, लोगों को जागरूक करते समय यह जरूर जानकारी दें कि टीबी का इलाज योग्य डाक्टर एवं अच्छे खान पान से ही संभव है न कि ओझा - सोखा, तंत्र मंत्र से।

वहीं संस्था के डीसी धनंजय श्रीवास्तव द्वारा मौजूद लोगों को फिल्ड के रिपोर्टिंग विधि को विस्तृत जानकारी देते हुए समझाया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ ओपी पाल, प्रदीप कुमार, धनंजय श्रीवास्तव, लव कुश, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# मीरजापुर के शकतेशगढ़ परमहंस आश्रम में आस्था का जन सैलाब लाखो श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़। पुलिस प्रशासन रहा मौके पर मौजूद

**समाज जागरण**



मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के शकतेशगढ़ मे स्थित गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को मीरजापुर के प्रसिद्ध परमहंस आश्रम, शकतेशगढ़ में श्रद्धा और आस्था का विशाल संगम देखने को मिला। सुबह से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। और भक्तों ने आश्रम परिसर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

आश्रम परिसर में पूरे दिन भक्ति, गुरु वंदना और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुरु के चरणों में नतमस्तक होकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।इसी दौरान जगह-जगह पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर पैनी नजर बनाए रखें हुए है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग किया। इसके अलावा आश्रम परिसर में ही जगह-जगह डॉक्टरों की टीम मौजूद रही और सबसे ज्यादा दवा लेने में बुखार और अन्य वायरस मरीज पहुंचे। लगातार एक हफ्ते से यही रहकर आश्रम में भी देखने का पूरा कर कराया जा रहा है। उनके इस सेवा कार्य की श्रद्धालुओं ने सराहना की। गुरु पूर्णिमा के दिन आश्रम के सभी लोगों को पास जारी किया गया है। कहीं किसी प्रकार की घटना ना हो पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा और चारों तरफ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इसके अलावा मिजार्पुर जिले के तमाम डॉक्टर उपस्थित रहे और दवाइयां भी वितरित किए। बाबा सिद्धनाथ की दरी पर गाड़ियों का ठहराव किया जा रहा है जाम की स्थिति को देखते हुए जौगढ़ पुल और टेढ़िया मोड़ पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बैरीकेटिंग की गई है। 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा खत्म होने के बाद 30 जुलाई को सावन लग जाएगा। जहां पर पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोबाइल का नेटवर्क ही गायब हो गया है और जैमर की भी सुविधा से मोबाइल का नेटवर्क गायब रहा।भक्तगढ़ प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं और परमहंस आश्रम के स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। चारों तरफ उनके दर्शन से पूरा परिसर गुज रहा है। लाखों श्रद्धालुओं की यहां पर पहुंचे लेकिन इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भीड़ कम रही।आश्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरे दिन दर्शन-पूजन एवं आशीर्वाद का क्रम जारी रहा। इसके अलावा अगल-बगल के गांव के ग्रामीणों ने भी सहयोग किया सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण रूप से गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व संपन्न हुआ।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु इंटरसेप्टर वाहन द्वारा चलाया गया विशेष प्रवर्तन अभियान

**समाज जागरण**



संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में जनपद सम्भल में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात निदेशालय लखनऊ से प्राप्त दो इण्टरसैप्टर दो पहिया वाहन द्वारा विशेष चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

इंटरसेप्टर वाहन में ८०० मीटर की दूरी से तेज गति से सड़को पर दौड़ रहे वाहनों की फोटो कैप्चर करके चालान करने की आधुनिक तकनीक उपलब्ध है ।

इन दो पहिया वाहनों पर लेजर स्पीड गन, पीए सिस्टम विद मल्टी टोन सायरन, रैड एंड ब्लू फ्लैसिंग लाइट फ्रंट एंड बैक,मोपिड फोर माउंटिग(मशीन की दिशा बदलने हेतु उपकरण), हैलमेट, साइड स्टोरेज हाउसिंग, उपलब्ध है ।जिससे तेज गति से चलने वाले वाहनों के ओवरस्पीड के चालान किये जायेगे ।जिसमें जनपद के विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों तथा गंगा एक्सप्रेस-वे पर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर ओवरस्पीड (Speed Violation) के चालान किए जाएंगे। किसी भी स्थान पर इंटरसेप्टर वाहन द्वारा गति की निगरानी एवं विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

अभियान के दौरान ओवरस्पीड, एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण अत्यधिक गति (Overspeed) है। निर्धारित गति सीमा का पालन करके अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है तथा अमूल्य मानव जीवन की रक्षा की जा सकती है।

**यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से की अपील**

"गति पर रखें नियंत्रण, तभी सुरक्षित रहेगा आपका जीवन। सड़क पर जल्दबाजी नहीं, जिम्मेदारी दिखाइए। निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें और सुरक्षित यात्रा करें।"

# पटना पुलिस मुख्यालय के बाहर बेकाबू कार ने वीआईपी वाहनों में मारी टक्कर कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त और चालक घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ के मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिस मुख्यालय (पटेल भवन) के बाहर बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार एक अनियंत्रित निजी कार ने सड़क किनारे कतार में खड़ी कई वीआईपी पुलिस अधिकारियों की गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में कई सरकारी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं दुर्घटना में कार चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, निजी कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे पटेल भवन के मुख्य गेट के सामने पार्क की गई पुलिस अधिकारियों की गाड़ियों से जा टकराई। इस टक्कर में सबसे अधिक नुकसान पटना के सार्जेंट मेजर के सरकारी वाहन को हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार और भयानक थी कि वाहन का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसका एक पहिया भी पंचर हो गया। इसके अलावा, आसपास खड़ी अन्य पुलिस गाड़ियों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इस अप्रत्याशित हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और राहगीरों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में कार चालक के नाक और मुंह में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल चालक को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत क्रेन या अन्य माध्यमों से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क के बीच से हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। प्रारंभिक जांच में कार के अचानक अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर कार अचानक अनियंत्रित कैसे हुई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के बिहटा में गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का महासैलाब

## शिवालयों और शक्तिपीठों में गूंजे जयघोष

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा में गुरु पूर्णिमा और सावन मास के पावन आगमन पर बुधवार को बिहटा के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसिद्ध बाबा बीटेश्वरनाथ मंदिर, माता बन देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, माचा स्वामी मंदिर और बुढ़िया माई मंदिर (विष्णुपुरा) में सुबह से देर शाम



तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसरों में ह्यहर-हर महादेवह्व और ह्यजय माता दीह्व के जयघोष गूंजते रहे। भक्तों ने बाबा बीटेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, जबकि शक्तिपीठों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दिनभर मंदिरों में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरु पूर्णिमा के साथ ही सावन माह की शुरूआत को देखते हुए बाबा बीटेश्वरनाथ मंदिर प्रशासन ने विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंदिर समिति के अनुसार, पूरे सावन महीने में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भीड़ नियंत्रण और सुचारु जलाभिषेक के लिए महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारों की व्यवस्था। परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश के व्यापक इंतजाम। प्रतिदिन आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सहायता के लिए सुरक्षा बलों के साथ स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से प्रशासन और समिति के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक दर्शन करने की अपील की है। इस आयोजन से पूरा बिहटा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

# पटना पुलिस ने किया हथियारों के जखीरे के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार तीन कट्टा, एक पिस्टल और 140 कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना ग्रामीण पुलिस ने अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बुधवार की अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियारों और कारतूस के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तीन देशी कट्टा, एक पिस्टल और कुल 140 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एसटीएफ को बुधवार की रात करीब 1:30 बजे सूचना मिली थी कि पंडारक थाना क्षेत्र के भगवतीपुर करमौर गांव निवासी दयानंद पासवान उर्फ सुरेश पासवान तथा उसका पुत्र अभिषेक कुमार किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके घर से 03 देशी कट्टा और 01 पिस्टल (7.65 एमएम), 7.65 एमएम के 26, 8 एमएम केएफ के 57, .30/06 बोर के 50 और 12 बोर के 05 जिंदा कारतूस (कुल 140 कारतूस), 01 पिस्टल मैगजीन और गोलियां रखने वाले 05 प्लास्टिक बॉक्स, 56,200 नकद और 02 मोबाइल फोन बरामद हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपित दयानंद पासवान का हत्या, लूट और डकैती जैसे गंभीर मामलों में लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पंडारक थानाध्यक्ष नवनीत राय और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह खंगाल रही है कि इन हथियारों की आपूर्ति कहां से हुई थी और इनका इस्तेमाल किन वारदातों में किया जाना था। इस कार्रवाई से इलाके में एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई है।

# दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड में नाला निर्माण की पानी निकासी पर विवाद, ग्रामीणों के विरोध से काम रुका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड परियोजना के तहत विश्वम्भरपुर गांव के पास बन रहे नाले की पानी निकासी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। बुधवार को पिलर संख्या-9 के समीप निर्माण कंपनी द्वारा नाला निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने काम को कुछ देर के लिए रुकवा दिया। ग्रामीण चंद्रशेखर सिंह ने इस संबंध में पटना डीएम, दानापुर एसडीओ, बिहटा सीओ, थानाध्यक्ष और निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को पहले ही लिखित आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि विश्वम्भरपुर स्थित उनकी निजी रैयती भूमि पर मार्केट और आवासीय मकान हैं। आरोप है कि निमार्णाधीन नाले का पानी उनके परिसर के सामने निकाले जाने की योजना है, जिससे गंभीर जलजमाव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होगी। वहीं, उनके भाई हरि प्रसाद सिंह ने स्पष्ट किया कि एलिवेटेड रोड के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा उन्हें मिल चुका है, लेकिन अब बचे हुए निजी भूखंड की ओर नाले का पानी मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका वे पिछले कई महीनों से विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि पूर्व में गांव का पानी उत्तर दिशा स्थित सरकारी गड्ढे में जाता था, ऐसे में निजी जमीन की ओर पानी बहाना अनुचित है। जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता, निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

इस मामले में समाचार लिखे जाने तक निर्माण कंपनी या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# पटना पुलिस ने किया 1.684 किलो गांजा के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मसौढ़ी में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुनपुन प्रखंड की पिपरा थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी की मौजूदगी में छापेमारी कर 1.684 किलोग्राम गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पिपरा थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कल्याणपुर गांव निवासी अजय यादव की पत्नी शांति कुमारी अपने घर में अवैध रूप से गांजा छिपाकर रख रही है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने अंचलाधिकारी की उपस्थिति में आरोपी महिला के घर की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर से 1.684 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद महिला को मौके पर ही दबोच लिया गया।

इस मामले में पिपरा थाना में कांड संख्या 96/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस गिरफ्तार महिला से कड़ाई से पूछताछ कर रही है, ताकि इस अवैध तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी सुराग मिल सके और उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पटना के नेउरा में चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

## चोरी का एल्बो टी फिटिंग पाइप बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नेउरा थाना पुलिस ने चोरी की एक घटना का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया चार इंच का एल्बो टी फिटिंग पाइप भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों की पहचान नेउरा निवासी अरविंद कुमार (पिता- दीनानाथ साह) तथा मनेर थाना क्षेत्र के महुआरी बगीचा सराय निवासी मुन्ना कुमार (पिता- विजेंद्र राय) के रूप में हुई है।



नेउरा थाना प्रभारी जगदीप राणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। इसके बाद तकनीकी और मानवीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाकर दोनों आरोपितों को धर दबोचा गया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से चोरी गया चार इंच का एल्बो टी फिटिंग पाइप बरामद कर लिया गया। बरामदगी के पश्चात पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं और इसमें शामिल अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की भी गहराई से जांच कर रही है, ताकि इस तरह की वारदातों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# पटना में गश्ती से लौट रही पुलिस टीम पर हमला


**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के लहसुना थाना क्षेत्र के कराय पंचायत अंतर्गत बांसडीह मुसहरी के पास बुधवार को गश्ती से लौट रही पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने अचानक हमला बोल दिया। ईंट-पत्थर और धारदार हथियारों से किए गए इस हिंसक हमले में एक पुलिस पदाधिकारी समेत तीन महिला सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि पुलिस का गश्ती वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, गश्ती दल जैसे ही बांसडीह मुसहरी के समीप पहुंचा, कुछ उपद्रवियों ने गाड़ी को रोककर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में गश्ती पदाधिकारी सह पुलिस अवर निरीक्षक सुदर्शन कुमार के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाही खुशी कुमारी, पल्लवी कुमारी और प्रीति कुमारी भी घायल हो गईं। सभी घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल, मसौढ़ी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। लहसुना थाने की ओर से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और बांसडीह मुसहरी निवासी तीन आरोपियों भूरा मांझी (पिता- शतरंजन मांझी), करीबन मांझी और छोटे मांझी (पिता- सुरेश मांझी) को गिरफ्तार कर लिया है।

# पटना के मसौढ़ी में चार जगह फटी पेयजल पाइपलाइन

## तीन वार्डों की जलापूर्ति ठप; 36 घंटे से सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के मसौढ़ी नगर के रहमतगंज स्थित सब्जी मंडी के पीछे मुख्य पेयजल आपूर्ति की भूमिगत पाइपलाइन चार अलग-अलग स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते पिछले 36 घंटों से हजारों लीटर शुद्ध पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। दूसरी ओर, नगर परिषद के वार्ड संख्या 21, 22 और 23 की जलापूर्ति पूरी तरह ठप होने से सैकड़ों घरों के लोग गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस जगह पर पाइपलाइन फटी है, वहां इन दिनों एक निजी भूखंड की चहारदीवारी के लिए पाइलिंग का काम चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि इसी निर्माण कार्य के दौरान भूमिगत पाइपलाइन को भारी नुकसान पहुंचा है। शुरूआत में पाइप एक जगह से क्षतिग्रस्त हुई थी, लेकिन बाद में चार जगह फटने से रिसाव और तेज हो गया। इससे एक तरफ पानी की बबार्दी हो रही है, तो वहीं दूसरी तरफ मंगलवार से जलापूर्ति बंद रहने से लोगों को पीने के पानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी सार्वजनिक जलापूर्ति पर निर्भर गरीब परिवारों को उठानी पड़ रही है। वार्ड 22 के पार्षद ने बताया कि इस घटना की सूचना मंगलवार को ही नगर परिषद को दे दी गई थी, लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। वहीं, इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने मामले की जानकारी से इंकार करते हुए कहा कि शिकायत की जांच करवाकर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई और सुधार कार्य शुरू कराया जाएगा।

# एसडीएम मोहित कुमार ने निजी संस्थानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

- अग्निशमन उपकरणों में कमियां मिलने पर नोटिस जारी, निर्धारित समय में सुधार के भी दिए निर्देश

**समाज जागरण**

कालांवाली, 29 जुलाई (सुरेश जोरासिया) एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने बुधवार को कालांवाली में विभिन्न निजी संस्थानों का औचक निरीक्षण कर वहां की फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों में अग्निशमन सुरक्षा से जुड़े उपकरणों, आपातकालीन निकास मार्ग, सुरक्षा संकेतकों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार, सुरक्षा उपकरणों की वैधता एवं कार्यक्षमता की जांच की। उन्होंने संबंधित संचालकों से उपकरणों के नियमित रखरखाव एवं समय-समय पर रिफिलिंग तथा परीक्षण के संबंध में भी जानकारी ली। जांच के दौरान जिन संस्थानों में फायर सेफ्टी नियमों का पूर्ण रूप से पालन नहीं पाया गया अथवा सुरक्षा उपकरणों में कमियां मिलीं, उन्हें नोटिस जारी किए गए। एसडीएम ने संबंधित संचालकों को निर्देश दिए



कि निर्धारित जल्द से जल्द सभी कमियों को दूर कर इसकी रिपोर्ट भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में कमियां दूर नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम मोहित कुमार ने कहा कि किसी भी संस्थान में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। किसी भी आपात स्थिति में पर्याप्त एवं कार्यशील फायर सेफ्टी उपकरण बड़ी दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी संस्थान यह सुनिश्चित करें कि उनके यहां स्थापित अग्निशमन उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप हों तथा हमेशा उपयोग की स्थिति में उपलब्ध रहें। उन्होंने सभी निजी संस्थानों के संचालकों से अपील की कि वे फायर सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन करें, कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दें। प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी तरह निरीक्षण किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा मानकों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया ) राजकीय महाविद्यालय तारुआना में 42-कालांवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी कालांवाली श्री मोहित मेहराना जी के दिशा-निर्देश में व सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजर को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण नोटिस,वोटर दावे-आपत्तियां और उनका समाधान, अनिवार्य दस्तावेज के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया गयोयह प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया गया पहले सत्र में 1से 58 बूथ के बीएलओ और सुपरवाइजर और दूसरे सत्र में 59 से 112 बूथ के बीएलओ और सुपरवाइजर ने प्रशिक्षण में भाग लियोबूथ 113 से 198 के बीएलओ को प्रशिक्षण सिरसा में दिया जायेगोप्रशिक्षक मनोहर लाल खनगवाल और नीरज लाल द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षित करते हुए बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण दूसरा चरण 31 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगा जिसमें वोटर द्वारा



दावे आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगीइस दौरान पात्र नागरिक फॉर्म नंबर 6भरकर नया मतदाता बनकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकता हैफॉर्म नंबर 7भरकर वोटर सूची में किसी नाम को हटाने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैऔर फॉर्म 8 भरकर वोटर सूची में पहले से दर्ज जानकारी में सुधार करवा सकता हैजैसे नाम,पता, जन्मतिथि, फोटो आदिअनमैपिंग और विसंगति वाले वोटर नोटिस मिलने के पश्चात निर्धारित तिथि को अपने अनिवार्य दस्तावेज लेकर सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को साक्षात प्रस्तुत करेगा ताकि उसका नाम मतदाता सूची से बाहर न हो चुनाव कानूनगो सुरेन्द्र शर्मा और मनोज सिंह ने सभी बीएलओ को पहले चरण का कार्य निर्धारित समयमें शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर बधाई दीतथा दूसरे चरण के कार्य को बेहतर करने के लिए प्रेरित कियोइस अवसर प्राचार्य श्री विजयपाल सिंह,एसडीओ जगबीर सिंह, एईआरओ,मनोज सिंह,चुनाव कार्यालय सिरसा,जसपाल सिंह ,रामलाल,हरपाल सिंह,हेमराज प्रदीप कुमार,संजय डागर,कर्ण सिंह,नाजर सिंह, सिकंदर सिंह,मौजूद रहे

# सही समाचारों का संप्रेषण और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना भी पत्रकारिता का मुख्य कार्य : ऋषि शर्मा

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। सही समाचारों का संप्रेषण और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना भी पत्रकारिता का मुख्य कार्य है । यह जानकारी जनसंपर्क एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर ऋषि शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहे।

ऋषि शर्मा ने कहा कि सही, तथ्यात्मक और संतुलित समाचारों का प्रेषण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना पत्रकारिता का मुख्य दायित्व है।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में सूचना की गति बहुत तेज है। ऐसे में पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे भ्रामक खबरों से बचते हुए समाज को सही दिशा दें। हम सही और गलत की पहचान



करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हम सबका कर्तव्य है। जब जनता को योजनाओं की सही जानकारी मिलेगी तभी लोकतंत्र सशक्त होगा और विकास का लाभ हर वर्ग तक पहुंचेगा।

ऋषि शर्मा ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक सोच के साथ स्वच्छ पत्रकारिता के पर्याय बने और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा दें, जिससे समाज में जागरूकता आए और लोग सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि सही एवं सकारात्मक सूचना और समाचार स्वच्छ संवाद का निर्माण करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनसंचार एवं सोशल मीडिया मीडिया और प्रशासन के बीच सेतु का काम करेगा तथा समय-समय पर सही सही, सत्य एवं तथ्यात्मक सूचना व समाचारों का संप्रेषण होगा।

# दो साल बाद भी अधूरा पड़ा लाखों का ड्रम चेकडैम, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक के बड़होर गांव की कुशवाहा बस्ती में लाखों रुपये की लागत से बन रहा ड्रम चेकडैम दो साल बाद भी अधूरा है। निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण इसमें पानी नहीं रुक पा रहा है, जिससे इसकी उपयोगिता शून्य हो गई है। इस ड्रम चेकडैम का निर्माण नाबार्ड द्वारा शुरू किया गया था और इसकी जिम्मेदारी निर्माण संस्था वाईएमसी को दी गई थी। बरसात शुरू होने पर काम रोक दिया गया था, और संस्था ने बारिश के बाद इसे पूरा करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, दूसरी बरसात का मौसम भी आ चुका है, लेकिन चेकडैम अभी भी अधूरा है। अधूरे निर्माण के कारण बरसात का पानी बिना रुके बह जाता है, जिससे भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता। इसके किनारों को भी बारिश के तेज बहाव ने तोड़ दिया है। एक ड्रम चेकडैम का मुख्य उद्देश्य पानी के बहाव को धीमा करना, मिट्टी के कटाव को रोकना और भूजल स्तर को बढ़ाना होता है, लेकिन यह अधूरा ढांचा अपने किसी भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। बस्ती के निवासी उगन सिंह, राम सिंह, रमेश, राजनाथ, राजपाल, श्यामकेश्वर, जमुना सिंह, रणबहादुर



सिंह, अशोक कुमार, सुग्रीव और भैरों सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने इस ड्रम चेकडैम के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की है। इस संबंध में, कार्यदाई संस्था वाईएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर स्वीकार रत्नम तिवारी ने बताया कि बजट की कमी के कारण प्लास्टर और फिनिशिंग का काम अधूरा रह गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट मिलते ही शेष कार्य को पूर्ण करा दिया जाएगा।

# चैहड़ कलां में पंचायती भूमि पर दुकान निर्माण को लेकर विवाद

**ग्रामीणों ने बीडीपीओ व एसडीएम से की शिकायत, निर्माण कार्य रुकवाने और जांच की उठाई मांग**
**जांच अधिकारी बोले— मौका मुआयना में भूमि पंचायत की मिली, अंतिम निर्णय बीडीपीओ करेंगे; सरपंच प्रतिनिधि ने आरोपों को बताया निराधार**

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी।**

लोहारू। बहल खंड के गांव चैहड़ कलां में पंचायती भूमि पर दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव के कई ग्रामीणों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) बहल तथा एसडीएम लोहारू को शिकायत देकर बस स्टैंड



के समीप बहल-लोहारू रोड पर पंचायती भूमि पर दो दुकानों का निर्माण किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत कताओं नवीन श्योराण, राजवीर, सुनील, धर्मवीर, राजेंद्र, सोमबीर, बलबीर, ईश्वर सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन द्वारा पंचायती भूमि पर दुकान निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि सरपंच का दायित्व सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखना होता है, लेकिन यहां स्वयं पंचायती भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी कहा कि कुछ समय पहले इसी स्थान पर एक व्यक्ति का वर्षों पुराना कब्जा था, जिसे हटाकर दूसरी जगह बसाया गया और उसके बाद उक्त स्थान पर पक्की दुकानों का निर्माण शुरू कर दिया गया। जब यह जानकारी गांव के लोगों तक पहुंची तो सामाजिक लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुकने पर मामले की शिकायत बीडीपीओ कार्यालय तथा एसडीएम लोहारू को दी गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आगे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। वहीं, इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि गांव में अभी तक मुरबाबंदी का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तथा लगभग 90 प्रतिशत भूमि पंचायत के रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2016 की मुरबाबंदी की कायमियां उनके पक्ष में हैं और वे नियमानुसार कार्य कर रहे हैं। उधर, शिकायत मिलने के बाद बीडीपीओ कार्यालय की ओर से जांच अधिकारी जयसिंह ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मौका मुआयना किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में संबंधित भूमि पंचायत की पाई गई है। इसकी रिपोर्ट बीडीपीओ को भेज दी गई है। मामले में अंतिम निर्णय बीडीपीओ कार्यालय द्वारा लिया जाएगा।

# चैहड़ कलां में पेयजल पाइपलाइन का कार्य रुकने पर सीएम विंडो पहुंची शिकायत

**जनहित के कार्य में बाधा डालने का आरोप, पाइपलाइन निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग**
**सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटाने और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग**

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता भिवानी।**

बहल। लोहारू उपमंडल के गांव चैहड़ कलां निवासी नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री हरियाणा को सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत भेजकर गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन का कार्य कुछ लोगों द्वारा रुकवाने का आरोप लगाया है। शिकायत में जनहित के इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार के अनुसार गांव में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक समाजसेवी ने अपने निजी खर्च पर गांव के चौक में पानी की टंकी का निर्माण कराया है। टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत की सहमति से सार्वजनिक गली के किनारे-किनारे पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था,



जिससे किसी की निजी भूमि या संपत्ति प्रभावित नहीं हो रही थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पाइपलाइन का कार्य गांव निवासी अमरचंद के बाड़े के पास पहुंचने पर उसे रुकवा दिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि संबंधित व्यक्ति ने पाइपलाइन को गली के बीच से डालने की मांग की, जबकि पंचायत की स्वीकृत योजना के अनुसार पाइपलाइन गली के किनारे बिछाई जानी थी। साथ ही सार्वजनिक गली में पत्थर रखकर अतिक्रमण किए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे आम रास्ता प्रभावित होने की बात कही गई है।

शिकायतकर्ता ने कहा कि यह कार्य पूरी तरह जनहित में ग्राम पंचायत की सहमति से कराया जा रहा है तथा निर्माण के दौरान होने वाली किसी भी क्षति की मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित समाजसेवी एवं गांव के गणमान्य लोगों द्वारा लेने की बात भी कही गई है। इसके बावजूद व्यक्तिगत विरोध के कारण पूरे गांव के हित का कार्य बीच में रुक गया है।

सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पाइपलाइन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने, जनहित के कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। फिलहाल यह मामला शिकायत के आधार पर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना शेष है।

# क्षेमा बीमा कंपनी पर एफआईआर व एसआईटी जांच की मांग

## पूर्व मंत्री जे.पी. दलाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फसल बीमा भुगतान में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया

**खरीफ व रबी-2023 के लंबित क्लेम और ब्याज सहित भुगतान कराने की मांग**

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। हरियाणा के पूर्व वित्त, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा लोहारू के पूर्व विधायक जे.पी. दलाल ने भिवानी एवं चरखी दादरी जिलों के किसानों के खरीफ एवं रबी-2023 फसल बीमा क्लेम के भुगतान में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और संबंधित बीमा कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जे.पी. दलाल ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2023 में कपास फसल के नुकसान का आकलन क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर किया गया था और जिला स्तरीय समिति द्वारा बीमा क्लेम भी स्वीकृत कर दिया गया था। उनका कहना है कि बाद में क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कथित रूप से टेक्नोलॉजी आधारित यील्ड असेसमेंट लागू कर बीमा क्लेम में भारी कटौती कर दी, जिससे हजारों किसान प्रभावित हुए।



उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि 11 मई 2026 को आयोजित राज्य शिकायत निवारण समिति की बैठक में खरीफ-2023 कपास फसल बीमा क्लेम का भुगतान वास्तविक औसत उपज यानी क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर करने का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद अब तक किसानों को पूरा भुगतान नहीं किया गया है। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए, पूरे प्रकरण की एसआईटी अथवा किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिन अधिकारियों या व्यक्तियों की भूमिका सामने आए, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि खरीफ एवं रबी-2023 की लंबित बीमा राशि किसानों के खातों में शीघ्र जमा कराई जाए तथा लगभग दो वर्षों से लंबित भुगतान पर देय ब्याज भी किसानों को दिलाया जाए। पत्र में उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री किसानों के हित में उचित निर्णय लेकर उन्हें न्याय दिलाएंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री बालाजी धाम डोभ में विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य किया गया आयोजन

## चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ एवं चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए।

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री बालाजी धाम, गाँव डोभ में विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ एवं श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुआ। श्री बालाजी धाम के संस्थापक एवं प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि धाम में प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर दोपहर 12:00 बजे से 3:30 बजे तक श्री बालाजी महाराज के दरबार में संकीर्तन, विशाल भंडारा, भक्त मेला एवं



निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का नियमित आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचकर श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर सुनील गोयल (बल्ली), कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, रोहतक, कपिल खन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष, रोहतक तथा डॉ. नितिन शर्मा विशेष रूप से श्री बालाजी धाम पहुँचे। उन्होंने श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली शर्मा (गरनावठी) तथा भजन गायक चिराग जांगड़ा (रोहतक) एवं नीरज सैनी (रोहतक) ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्री बालाजी महाराज के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। वहीं रिंकू महादेव द्वारा प्रस्तुत आकर्षक एवं मनमोहक झाँकियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनोद गुप्ता ने किया। निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में श्रद्धालुओं के नेत्र, दंत, कान-नाक-गला (ईएनटी) संबंधी रोगों की जाँच की गई। इसके अतिरिक्त कोरियन मशीनों द्वारा एक्यूप्रेशर सेवा, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ एवं चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए। श्रद्धालुओं ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक अनुकरणीय पहल बताया।

इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश खुराना, रमेश गुप्ता, बिट्टू दुआ, नवीन तनेजा, राजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र कुमार, मनमोहन धारीवाल, राजेश गोयल, सुभाष चिकारा, सुरेश शर्मा, पंडित टीनू शर्मा, रवि चिटकारा, सचिन गर्ग, पत्रकार नीलम आर्य, सुनील निमड़ी, धर्मपाल रोहिल्ला, अमित कौशिक, नरेश कौशिक, कविता निमड़ी, ममता, सारिका सहित श्री बालाजी धाम मंडल के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सलखन मे 16.50 लाख की लागत से बनी नाली पहली ही बारिश में टूटकर ध्वस्त, ग्रामीणों ने जांच की उठायी मांग

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के सदर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलखन के शिवल्ला टोला में जिला पंचायत सोनभद्र द्वारा निर्मित पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनांतर्गत लगभग ₹16.50 लाख की लागत से निर्मित नाली पहली ही बारिश में कई स्थानों से टूटकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर जहां एक ओर ग्रामीण सवाल उठने लगे हैं वहीं दूसरी ओर सरकारी धन में लूट- खसोट किए जाने का आरोप लगाया है। नाली टूटकर क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा जल निकासी प्रभावित हो गई है, जिससे आसपास



के घरों में जलभराव का खतरा बढ़ गया है। इससे ग्रामीणों में तीव्र नाराजगी व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाली का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया है। जिसके कारण पहली बारिश में ही टूटकर ध्वस्त हो गई। यदि समय रहते इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान पूरे मोहल्ले में गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीण नवमी मास्टर, मोनू गुप्ता, विजय कुमार, राजकुमार, अनिल कुमार सहित अनेकों ग्रामीणों ने एक स्वर में जिलाधिकारी सोनभद्र से मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों, ठेकेदार एवं संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ ही नाली का मानक के अनुरूप पुनः निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# सलखन का सामुदायिक शौचालय निर्धारित समय पर नहीं खुलता है , ग्रामीण खुले में शौच करने को विवश

**समाज जागरण/अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सदर विकासखंड के ग्राम पंचायत सलखन के मुख्य बाजार स्थित तालाब के भीटें पर बना सामुदायिक शौचालय के निर्धारित समय पर संचालित न होने से ग्रामीणों को खुले में शौच करने के लिए विवश होना पड़ रहा है, इससे ग्रामीणों ने तीव्र आक्रोश व्याप्त है। शौचालय पर प्रदर्शित समय- सारणी के अनुसार इसे प्रातः 5 बजे से 10 बजे तक तथा सायं 4बजे से 8 बजे तक खुला रहना चाहिए, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इस समय-सारणी का नियमानुसार पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों के माने तो शौचालय केयर टेकर देवंती शौचालय की चाबी आस-पास के दुकानदारों को देकर चली जाती हैं। दुकानदार लगभग सुबह 10बजे आने पर शौचालय खोलते हैं, जिससे सुबह के समय शौचालय का उपयोग करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सारणी केवल बोर्ड तक सीमित रह गई है, जबकि वास्तविक संचालन इससे विपरीत हो रहा है। इस संबंध में विजय, महेंद्र, जितेंद्र, अनिल, श्याम, मोहन सहित अन्य ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा शौचालय को निर्धारित समय पर संचालित कराने की मांग की है ताकि सुलभ शौचालय का निर्धारित समय पर उपयोग किया जा सके। देखना अब यह है कि इस दिशा में कहा तक पहल हो पाता है।